CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

मेरठ, बुधवार 10 सितम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 100 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को हाईकोर्ट का झटका पेज 2




एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल खेल टाइम्स



श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल सम्पादकीय



मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं, देने होंगे 733 करोड़ पेज 12

## भारत ने अपने नागरिकों को नेपाल न जाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल के मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए अपने नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल यात्रा पर नहीं जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां इस संबंध में एक परामर्श जारी करने के साथ-साथ वहां रह रहे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए हैं। भारत ने लोगों से कहा है कि वे अपने निवास स्थान पर ही रहें तथा सड़कों पर निकलने से बचें। परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति स्थिर होने तक नेपाल की यात्रा स्थगित कर दें। अभी नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वर्तमान निवास स्थान पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें। उन्हें नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर वे कृपया काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर बात कर सकते हैं। ये नंबर 977 - 980 860 2881 (व्हाट्सएप कॉल भी) और 977 - 981 032 6134 (व्हाट्सएप कॉल भी) हैं।

## एयर इंडिया ने काठमांडू की सभी उड़ानें रद्द की

**नई दिल्ली।** नेपाल में बिगड़े हालात के मद्देनजर एयर इंडिया ने काठमांडू के लिए मंगलवार की सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से काठमांडू के लिए मंगलवार को चार उड़ानें थीं और सभी को मंगलवार को रद्द कर दिया गया है। वापसी की भी सभी उड़ानें रद्द रहेंगी। प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि काठमांडू में मौजूदा स्थिति को देखते हुए दिल्ली-काठमांडू-दिल्ली मार्ग की उड़ानें एआई2231/2232, एआई 2219/2220, एआई 217/218 और एआई211/212 को आज रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि हम स्थिति पर नजदीक से नजर रखे हुए हैं और आगे अपडेट साझा करते रहेंगे। एयर इंडिया में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

## रामदेव के बयान मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार नें कहा कि कोविड-19 के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव पर छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल कर दी गई है। बाबा रामदेव पर ये मुकदमा एलोपैथी के खिलाफ उनके कथित तौर पर की गई टिप्पणियों के मामले में दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने क्लोजर रिपोर्ट के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि किसी स्वार्थ की पूर्ति के लिए बाबा रामदेव के खिलाफ शिकायत प्रायोजित की गई थी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बाबा रामदेव का पक्ष रखा।

## दूसरे दिन भी हिंसा-आगजनी के बाद हालात हुए और बदतर

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को जिंदा जलाया

### पूर्व पीएम शेर बहादुर को घर में घुसकर पीटा, वित्त मंत्री को दौड़ा-दौड़ा कर मारा

**1500 कैदी जेलों से बाहर निकले**

**काठमांडू, वार्ता**

**नेपाल में** हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलीकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है। इसके तुरंत बाद खबर आई कि राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, ये खबर सही नहीं थी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है।

राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल और गृहमंत्री के निजी आवासों पर भी हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साए -शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम केपी शर्मा ओली का इस्तीफा
- राष्ट्रपति ने पद नहीं छोड़ा, प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया
- प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगाई

### भारत की नेपाल में बातचीत से मुद्दों का समाधान करने की अपील

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल में ताजा घटनाक्रम को देखते हुए सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा बातचीत के जरिये मुद्दों के समाधान पर जोर देते हुए वहां रह रहे अपने नागरिकों से सतर्कता बरतने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत नेपाल के घटनाक्रम पर नजदीकी से नजर बनाए हुए है। वक्तव्य में कहा गया है कि हम सोमवार से नेपाल में हो रहे घटनाक्रम पर नजदीकी से निगाह बनाए हुए हैं और कई युवाओं की जान जाने से बेहद दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत नेपाल का घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी होने के नाते आशा करता है कि सभी संबंधित पक्ष संयम बरतेंगे और शांतिपूर्ण तरीकों और बातचीत के ज़रिए किसी भी मुद्दे का समाधान करेंगे।

# राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति

### 'इंडिया' के सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले, वहीं इंडिया कैंडीडेट सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।

राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी ने उपराष्ट्रपति चुनाव से किनारा किया। दोनों पार्टियों ने किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं किया। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजद के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इन्कार कर दिया। वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने पहले ही एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने का फैसला किया था। चुनाव जीतने के बाद राधाकृष्णन अब जगदीप धनखड़ की जगह लेंगे। धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। मंगलवार सुबह 10 स

शाम 5 बजे तक कुल 768 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वर्तमान दोनों सदनों को मिलाकर 7 सीटें रिक्त हैं। इस तरह कुल 781 सांसदों को वोट करना था, जिसमें से 12 सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें बीआरएस के चार, बीजेडी के सात और अकाली दल के एक सदस्य ने वोट नहीं डाला। एनडीए के सभी 427 सांसदों ने वोट डाले। बता दें कि, उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य होते हैं। 245 राज्यसभा से और 543 लोकसभा से। राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य भी चुनाव में मतदान के पात्र होते हैं।



# सोने की कीमत ₹1.10 लाख के पार पहुंची

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला। घरेलू वायदा बाजार में सोना 458 रुपये चढ़कर पहली बार 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।

यह बढ़ोतरी अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में आई तेजी और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के चलते आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसम्बर डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव 458 रुपये या 0.41 फीसदी बढ़कर 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर डिलीवरी वाले सबसे ज्यादा कारोबार किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 482 रुपये या 0.44 फीसदी उछलकर 1,09,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया। अमेरिकी बाजार कामेक्स में दिसम्बर डिलीवरी वाला सोना 3,694.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।



## जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी। जनरल द्विवेदी दिल्ली में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात हुई। उन्होंने भी सिर्फ जमीन के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की। आर्मी चीफ की यह टिप्पणी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के दो हफ्ते बाद आई है।

# पंजाब को ₹1600 करोड़ की अतिरिक्त मदद की घोषणा

**चंडीगढ़।** पीएम मोदी ने पंजाब में हाल की बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने राज्य को 1600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय मदद देने की घोषणा की है।

**बाढ़ पीड़ितों से मिले पीएम मोदी**

इसके अलावा, पंजाब के पास पहले से ही 12,000 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं। यह मदद बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई करने और लोगों को फिर से खड़ा करने में इस्तेमाल होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे क्षेत्र को ठीक करने के लिए कई तरह के कदम उठाए जाएंगे, जैसे घरों का दोबारा निर्माण, सड़कों की मरम्मत, स्कूलों को ठीक करना और पशुओं के लिए मदद। खासतौर पर किसानों की मदद पर जोर दिया गया है। जिन किसानों के पास बिजली कनेक्शन नहीं है, उन्हें विशेष सहायता दी जाएगी। बाढ़ में खराब हुए बोरवेल या नष्ट हुए -शेष पृष्ठ दो पर



## राहुल गांधी भी करेंगे हिमाचल तथा पंजाब का दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी बाढ़ ग्रस्त हिमाचल और पंजाब का दौरा करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी की यात्रा का समय अभी निश्चित नहीं हुआ है लेकिन वह इसी सप्ताह हिमाचल प्रदेश और पंजाब जाएंगे और वहां बाढ़ पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति पर बराबर नजर रखे हैं और उनका कहना है कि वह पीड़ितों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनका कहना था कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति को लेकर बराबर हिमाचल सरकार के संपर्क में है।

# AI-जनरेटेड कंटेंट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचीं ऐश्वर्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई और बिना इजाजत उनकी फोटो, नाम, पहचान और एआई जनरेटेड अश्लील कंटेंट के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन हो रहा है।

एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने कोर्ट में कहा कि भ्रामक प्रचार और फायदे के लिए ऐश्वर्या राय की पहचान का धड़ल्ले से गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या की अश्लील, छेड़छाड़ की गई और एआई जनरेटेड तस्वीरें ऑनलाइन फैलाई जा रही हैं। संदीप सेठी ने इसे ऐश्वर्या की गरिमा और अधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया। उन्होंने कंटेंट की विचलित करने वाली प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि एक्ट्रेस की तस्वीरों का इस्तेमाल किसी की यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने उन वेबसाइटों के बारे में बताया जो खुद को ऑफिशियल प्लेटफॉर्म बताकर ऐश्वर्या के नाम और उनकी तस्वीर वाले मग, टी-शर्ट और ड्रिंक प्रोडक्ट्स सहित कई अन-ऑथोराइज्ड सामान बेच रहे हैं। लाइव लॉ के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस तेजस करिया ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वे लोग, जो ऐश्वर्या की तस्वीरें बदलकर या उनकी पर्सनैलिटी बिना इजाजत इस्तेमाल कर रहे हैं, उन पर रोक लगाई जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐश्वर्या राय बच्चन की पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए इंजंक्शन ऑर्डर पास किया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी 2026 को होगी। बता दें कि इंजंक्शन ऑर्डर कोर्ट का वह ऑर्डर होता है, जिसमें किसी को गैरकानूनी या बिना अनुमति वाला काम रोकने के लिए कहा जाता है।

- वकील ने कहा- उनके नाम-तस्वीरों का इस्तेमाल यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा
- पर्सनैलिटी राइट्स का हो रहा उल्लंघन




# कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 मरे, लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद

**नई दिल्ली।** कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

उधर लद्दाख के सियाचिन बेस कैम्प में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गए हैं। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे। हिमाचल प्रदेश के गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था। रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। यूपी में गंगा, यमुना समेत सभी बड़ी नदियां उफान पर हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं।

- गुजरात में पानी में करंट आने से दो लोगों की गई जान

## संक्षिप्त समाचार

### सॉल्वर गैंग चलाने वाले डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं को लेकर सॉल्वर गैंग चला रहे गिरोह के सरगना के रूप में शामिल एक डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को इसका खुलासा किया है। गिरफ्तार डॉक्टर की तैनाती वर्तमान में जनपद बलिया के बांसडीह सीएचसी पर है। पुलिस ने डॉक्टर सहित उसके गिरोह के दो अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। डॉक्टर की गिरफ्तारी उसके अन्य साथी की गिरफ्तारी के बाद हुई है। दरअसल बीते छह व सात सितम्बर को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से सम्पन्न पीईटी-2025 की परीक्षा प्रदेश के 45 जनपदों में सम्पन्न कराई गई थी। इनमें सबसे ज्यादा परीक्षार्थी लखनऊ व गाजियाबाद में थे। परीक्षा की शुचिता को लेकर एसटीएफ व पुलिस की सॉल्वर गैंग चलाने वाले लोगों पर थी।

### ट्रेन की बोगी को छोड़कर दौड़ा इंजन

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के नूनखार रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को छपरा-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग होने से यात्रियों में सनसनी फैल गई। इंजन को कुछ देर बाद ट्रेन की बोगी से जोड़कर गोरखपुर के लिए रवाना किया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार के छपरा से गोरखपुर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन आज गोरखपुर जा रही थी कि देवरिया जिले के नूनखार स्टेशन पर इंजन ट्रेन की बोगी को छोड़कर करीब 200 मीटर तक आगे दौड़ गया था। जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर 10 मिनट में इंजन को बोगियों से फिर से जोड़ दिया और ट्रेन को गोरखपुर के लिए रवाना कर दिया गया।

# जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ताधर्ता स्वयं मुख्यमंत्री: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर बोले अखिलेश यादव

**लखनऊ।** विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ता धर्ता स्वयं मुख्यमंत्री हैं।

यादव ने सोमवार देर शाम एक्स पर लिखा- जब मुख्यमंत्री एसआईआर की तर्ज पर विश्व. विद्यालयों और महाविद्यालयों में टीआईआर (थ्रो इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट) लाने का आदेश दे रहे हैं, तो कुछ उनकी भी सलाह मान लें। लगे हाथ सभी राज्य विश्व. विद्यालयों की कमान मुख्यमंत्री के हाथ में होने का फरमान जारी कर दें। उन सभी वाइस चांसलर की भी जांच हो, जो संगी-साथियों की पर्ची के लेनदेन से पदों पर बैठे हैं। विवि के वित्तीय अनियमितताओं और परीक्षा घोटालों की भी जांच हो। शिक्षकों की नियुक्तियों में आरक्षण मारने की जांच हो। इसकी भी गहरी जांच हो कि नाट फाउंड सूटेबल (एनएफएस) कैसे पीडीए के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी की पड़ताल हो। छात्रवृत्ति योजना में घपले की जांच हो।

बुनियादी सुविधाओं के लिए दिया गया फंड डकारने वालों की जांच हो। फर्जी डिग्री विवाद का इन्वेस्टिगेशन हो। निजी विश्वविद्यालयों में लगे सत्ताधीशों के कालेधन की जांच हो। विश्वविद्यालय के मानकों को धता बतानेवालों की जांच हो। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में कहा कि अच्छा हो कि जांच की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए जांच वहां से शुरू हो जहां के कर्ताधर्ता मुख्यमंत्री आप स्वयं हैं।

# जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं: शुभांशु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा: आसमान न कभी मेरे लिए सीमा था और न ही मेरे वतन के लिए

**लखनऊ।** ग्रुप कैप्टन व आईएसएस से लौटने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आसमान कभी न उनके लिए सीमा था और न ही भारत के लिए। उन्होंने कहा कि जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं है, यह यात्रा का भी नाम है। उद्देश्य जरूरी हैं, सपने जरूरी हैं, योजनाएं जरूरी हैं। लेकिन इन्हें पूरा करने की दौड़ में, प्रक्रिया का आनंद लेना मत भूलिए। आगे क्या होगा की चिंता अभी क्या हो रहा है की खुशी को ढकने न दें।

मंगलवार को डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुभांशु शुक्ला को डीएससी की मानद उपाधि प्रदान किया। इस मौके पर शुभांशु ने मेधावी छात्र- छात्राओं से कहा कि आपके हाथों में जो यह डिग्री है, उसके पीछे है आपके माता-पिता की अनगिनत जागी हुई रातें, शिक्षकों का धैर्य और परिवार के त्याग शामिल है। यह जीवन का सबसे बड़ा सबक है कि कोई भी अकेले सफल नहीं होता। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आज भले ही यह आपको आपकी शैक्षिक यात्रा का अंत लगे, पर दीक्षांत समापन नहीं है, यह तो आपका लॉन्चपैड है। अब तक आपकी जिंदगी समय-सारणी, उपस्थिति और परीक्षाओं से बंधी थी। कल से न तो कोई प्राध्यापक आपको डेडलाइन याद दिलाएगा और न ही अंकपत्र बताएगा कि आप अच्छे हैं या नहीं। अब प्रतिक्रिया आपको अवसरों, विश्वास और आपके द्वारा किए गए प्रभाव के रूप में मिलेगी। यह उत्साहजनक भी है और चुनौतीपूर्ण भी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता रोमांचक है, लेकिन जिम्मेदारी भी साथ लाती है। आज के बाद आपके हर चुनाव, आपके जोखिम, आपके विचार और आपके मूल्य केवल आपका भविष्य ही नहीं, बल्कि भारत का भविष्य गढ़ेंगे। डा. कलाम ने हमें सिखाया कि सपने वे नहीं जो सोते हुए देखे जाएं, बल्कि वे हैं जो हमें जागते रखते हैं। शुभांशु शुक्ला ने इस दौरान अपने लखनऊ से एनडीए, भारतीय वायु सेना और फिर गगनयान से अंतरिक्ष मिशन तक के सफ़र को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा बर्बादी नहीं, बल्कि तैयारी है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से बाहर निकलते समय, इतनी जल्दी पहुंचने की जल्दी में मत रहिए कि जीना ही भूल जाएं। हां, करियर का पीछा कीजिए, लक्ष्यों का पीछा कीजिए, सपनों का पीछा कीजिए। लेकिन अपने दोस्तों के साथ हंसना मत भूलिए, छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाइए। उन असफलताओं पर भी मुस्कुराइए, जिन्होंने आपको सफलता से ज्यादा सिखाया। वायुसेना अधिकारी ने युवाओं से कहा कि आप ऐसे समय स्नातक हो रहे हैं, जब भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा के सबसे रोमांचक चरण में है। हम इसरो के चंद्रयान-3 मिशन से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश बने। मिशन गगनयान भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सभी अपीलें खारिज कीं

# नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को बड़ा झटका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज देने का आदेश उचित: अदालत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर बिल्डर द्वारा, आवंटियों को इसके लिए ब्याज देने का आदेश उचित है। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ नोएडा के बिल्डटेक प्रा लि कंपनी को की सभी अपीलें खारिज कर दीं।

कोर्ट ने यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें बिल्डर कंपनी को निर्देश दिया गया था कि वह आवंटियों को कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज का भुगतान करे। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सोमवार को यह फैसला नोएडा के बिल्डटेक प्रालि कंपनी की ओर से दाखिल कई अपीलों पर दिया। इनमें यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती दी गई थी। ट्रिब्यूनल ने बिल्डर कंपनी को आदेश दिया था की वह आवंटियों को कब्जा देने में बिलंब होने पर इसके लिए ब्याज दे। बिल्डर कंपनी की ओर से दलील दी गई कि कोविड- 19 की वजह से कब्जा देने में देरी हुई। यह परिस्थिति उनके नियंत्रण में नहीं थी। यह भी तर्क दिया कि आवंटियों ने बगैर किसी विरोध के कब्जे को स्वीकार कर लिया, ऐसे में उन्हें कब्जे में देरी के लिए ब्याज पाने का अधिकार नहीं था। हालांकि कोर्ट ने दलीलों को नहीं माना और अपीलों को खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने आदेश में कहा था कि बिल्डर को 1 जनवरी 2020 से 13 अक्तूबर 2022 तक की अवधि का बिलंब ब्याज देना होगा। यह एमआईसीआर से एक प्रतिशत अधिक होगा। हालांकि इस अवधि में से कोविड-19 के कारण छह महीने की छूट देने कभी निर्देश दिया था।

### एलायंस बिल्डर्स के एमडी व निदेशक पर दर्ज गैंगस्टर की कार्रवाई रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि एक मुकदमे के आधार पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई एक्ट का दुरुपयोग है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की एलायंस बिल्डर्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरविंदर सिंह, निदेशक रमनदीप व अन्य पर की गई गैंगस्टर की संपूर्ण कार्रवाई रद्द कर दी। यह फैसला न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने अरविंदर सिंह, रमनदीप और अन्य की अर्जी पर दिया।

बरेली विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता ने 2022 को इज्जतनगर पुलिस स्टेशन में एक मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि बिहारमन नगला गांव की एक जमीन को शहरी भूमि सीमा अधिनियम के तहत सरप्लस घोषित किया गया था। 1990 में इसका कब्जा बरेली विकास प्राधिकरण को दे दिया गया था। कुछ भूमाफिया इस जमीन पर अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से विवादित जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनवाने के लिए काम कर रहे ठेकेदार और उसके कर्मचारियों को रोका। इस एफआईआर में राजीव कुमार, विशाल गंगवार, राधेश्याम राणा और रविंद्र कुमार गुप्ता सहित 5-6 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

# हैरान करती है धनखड़ की 50 दिन की खामोशी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस में कहा है कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की 50 दिन से चली आ रही चुप्पी हैरान करती है और उनकी यह खामोशी उनके स्वभाव के विपरीत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि धनखड़ का स्वभाव इतनी देर तक चुप्पी साधना नहीं है। उनके इस्तीफे के बाद मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं, लेकिन उनकी खामोशी सबको हैरान करने वाली है। श्री रमेश ने कहा कि पिछले 50 दिनों से जगदीप धनखड़ ने अप्रत्याशित चुप्पी साध रखी है। आज जब उनके उत्तराधिकारी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है, तब भी देश उनके ऐतिहासिक और अप्रत्याशित इस्तीफे पर बयान का इंतजार कर रहा है।

### राहुल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में 23 को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/एमएलए न्यायालय में मंगलवार को गवाह से जिरह की गई। प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर न्यायाधीश शुभम वर्मा ने 23 सितम्बर की तारीख सुनवाई के लिए नियत की है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# आईटी कंपनियों में लिवाली से शेयर बाजारों में तेजी

**मुंबई, वार्ता**



आईटी और एफएमसीजी कंपनियों में लिवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 314.02 अंक (0.39 प्रतिशत) की बढ़त में 81,101.32 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 95.45 अंक की मजबूती के साथ 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 25 अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। अमेरिका में दो संघीय अदालतों द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आपातकालीन प्रावधानों के तहत 1 अगस्त से लगाए गए मनमाने आयात शुल्क को अवैध करार देने के बाद निवेशकों में आयात शुल्क दोबारा कम होने की उम्मीद जगी है। उन्होंने आईटी कंपनियों में जमकर लिवाली की। संसेक्स में इंफोसिस का शेयर 5.03 प्रतिशत उछल गया। टेक महिंद्रा का शेयर 2.42 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.78 और टीसीएस का एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। अडानी पोर्ट्स में भी 2.40 फीसदी की तेजी रही। सेंसेक्स 342.39 अंक की तेजी के साथ 81,129.69 अंक पर खुला और पूरे दिन सीमित दायरे में रहा। यह नीचे 80,927.97 अंक और ऊपर 81,181.37 अंक तक गया। इसी प्रकार, निफ्टी-50 भी 90.95 अंक चढ़कर 24,864.10 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,814 अंक और उच्चतम स्तर 24,891.80 अंक रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.34 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी के अलावा एफएमसीजी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टर में भी निवेशकों ने अच्छी लिवाली की। तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स में सनफार्मा, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल और टाटा स्टील में भी तेजी रही। ट्रेंट में सबसे अधिक 1.79 प्रतिशत की गिरावट रही।

### कौशल महोत्सव 2025 का आयोजन लखनऊ में 16-17 सितम्बर को

**नई दिल्ली।** कौशल एवं उद्यमशीलता विकास मंत्रालय के तत्वावधान में लखनऊ में 16-17 सितम्बर को कौशल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 100 से अधिक नियोक्ता भाग लेंगे। मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया, कौशल महोत्सव 2025 इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा, लॉजिस्टिक्स और प्रबंधन जैसे उद्यमों में कार्यरत 100 से ज्यादा शीर्ष नियोक्ता हज़ारों अवसरों के साथ लखनऊ आ रहे हैं। इसमें देश भर से प्रतिभाओं के शामिल होने की उम्मीद है।

मंत्रालय का कहना है कि हर हुनर को एक अवसर, हर सपने को एक मंच मिले, इस उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत के कोने-कोने से प्रतिभाओं के लिए अवसर प्रदान करेगा।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रूस बनेगा पार्टनर कंट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगातार तीसरे वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) में इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने रूस को इस मेगा इवेंट में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है। रूस की ओर से भी इस आमंत्रण को स्वीकृत कर लिया गया है और इसकी जानकारी प्रदेश सरकार को दे दी गई है। इस मेगा इवेंट में रूस का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, उद्योग जगत के प्रमुख प्रदर्शक और सांस्कृतिक कलाकार शो का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितम्बर को यूपीआईटीएस 2025 का शुभारंभ करेंगे, जो 29 सितम्बर तक चलेगा। इससे पहले 2024 में भी योगी सरकार की पहल पर वियतनाम को बतौर पार्टनर कंट्री यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सम्मिलित किया गया था। इस दौरान भारत और वियतनाम के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वियतनाम-इंडिया फोरम और यूपी-वियतनाम टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था। 27 मई 2025 को भारत के मास्को स्थित दूतावास ने रूस के प्रमुख मंत्रालयों मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड हायर एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर को औपचारिक निमंत्रण भेजा था। इसके अलावा रूस के प्रमुख व्यापारिक संगठनों जैसे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ रशिया, बिजनेस रशिया, ओपोरा रशिया और विभिन्न सेक्टर-विशेष ट्रेड बॉडीज से भी सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नेपाल के...** युवाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। प्रदर्शनकारियों ने इस्तीफा दे चुके गृह मंत्री रमेश लेखक के घर पर मंगलवार को आगजनी और तोड़-फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन पर कब्जा कर लिया। नेपाल की सेना ने कहा कि देश की आजादी, एकता और लोगों की जान-माल की रक्षा हम हमेशा करते रहेंगे, चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों। Gen-Z के आंदोलन की घटनाओं पर सेना नजर रख रही है। आंदोलन में लोगों और संपत्ति को हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है। मरने वालों की आत्मा को शांति मिले, इसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उनके परिवारों को सेना की संवेदना है। घायलों के जल्द ठीक होने की भी कामना है। सेना ने कहा कि नेपाल और लोगों की भलाई के लिए हम हमेशा तैयार हैं। हम जान-माल की पूरी हिफाजत करेंगे। इस मुश्किल समय में देश की पुरानी, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चीजों को बचाना सबका फर्ज है। इसलिए, सेना ने युवाओं और सारे देशवासियों से गुजारिश की है कि आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखें। राष्ट्रपति रामचंद्र ने प्रदर्शनकारी युवाओं को बातचीत का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले खबर थी कि राष्ट्रपति ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के चेयरमैन रबि लामिछाने की रिहाई के बाद ललितपुर के नक्खू जेल से सभी कैदी बाहर निकल गए। इस जेल में लगभग 1500 कैदी बंद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लामिछाने की रिहाई के बाद पुलिस ने यहां से अपनी सुरक्षा चौकियों से हटने का फैसला किया, जिससे कैदियों को निकलने का मौका मिला गया। इससे इलाके में सुरक्षा खतरे की चिंता बढ़ गई है। अधिकारी हालात पर नजर रख रहे हैं। इतने सारे कैदियों के बाहर आने से जनता की सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है। नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे Gen-Z युवाओं ने एक लेटर जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है। हम अब प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील करते हैं। लेटर में कहा गया है कि यह देश अब हमारी लीडरशिप में आ गया है।

**पंजाब को...** कुओं की मरम्मत के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मदद मिलेगी। जो पंप डीजल से चलते हैं, उन्हें सौर पैनल लगाने के लिए एमएनआरई से सहयोग दिया जाएगा। साथ ही, सूक्ष्म सिंचाई के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के तहत मदद होगी। ग्रामीण इलाकों में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों को ठीक करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विशेष प्रोजेक्ट चलाया जाएगा। पंजाब सरकार को इसकी मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजना होगा। सरकारी स्कूलों को भी समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय मदद दी जाएगी। राज्य सरकार को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी। पानी की बचत और भविष्य की सुरक्षा के लिए जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। इससे क्षतिग्रस्त पानी संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत होगी और नई बनाई जाएंगी। इससे बारिश का पानी बचाया जा सकेगा और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। केंद्र सरकार ने पंजाब में नुकसान का आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालई केंद्रीय टीमों को भेजा है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर और मदद दी जाएगी।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के ग्राम महल पेट्रोल पंप के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक की आमने सामने की जबरदस्त टक्कर होने के बाद बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को संजय निवासी किठौर अपनी मोटर साइकिल से घर वापिस जा रहा था। इस दौरान महल पेट्रोल पंप के निकट वो गड्डा बचाने के लिए अपना संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गया। टक्कर लगने के बाद संजय सड़क पर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने राजस्व टीम का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के किठौर तिराहे पर कीमती जमीन को लेकर जांच के लिए पहुंची राजस्व टीम का मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध करते हुए कब्रिस्तान की जमीन पूरी करने की मांग की। नगर के किठौर तिराहे पर खसरा नंबर 1468 में सपा नेता मुखिया गुर्जर ने 810 गज जमीन खरीद रखी है। वहीं कब्रिस्तान की भी करीब 510 गज जमीन है जिसके कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है इसी मामले में दो सप्ताह पूर्व मुखिया गुर्जर जेल भी गए थे इस मामले में मुस्लिम पक्ष न्यायालय में पहुंचा हुआ है जहां से राजस्व विभाग की टीम से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इसी सिलसिले में तीन दिन पूर्व भी राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी जिसे मुस्लिम समाज ने यह कहते हुए विरोध किया था कि उनकी जमीन पूरी कर उन्हें दी जाए इसी सिल. सिले में मंगलवार को मुस्लिम समाज के सैकड़ो लोग मौके पर जमा हुए। वहीं राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची तथा सेटेलाइट से नाप करने की बात कही, वहीं मुस्लिम समाज ने विभाग की टीम पर एक तरफा कार्रवाई का आरा. ेप लगाया मुस्लिम पक्ष का कहना है कि पूरी विवादित जमीन की पैमाइश की जाए तथा उनके कब्रिस्तान की जमीन पूरी की जाए वहीं मुखिया गुर्जर पर मुस्लिम विरोधी राजनीति करने का भी आरोप लगाया। इस मौके पर अध्यक्ष हिटलर त्यागी, सनवर खान सैफी, इरशाद डाक्टर, मुस्ताक कुरैशी, तरीकत मौलाना, आरिफ मौलाना, अमजद कारी इस्माइल, वसीम गुड्डू सैफी सहित सैकड़ो मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## लिसाड़ी गेट क्षेत्र में रिलायंस जियो टावर से बैटरी व उपकरण चोरी, तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में रिलायंस जियो टावर से बैटरी व उपकरणों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया, कर्मचारियों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्यवाही कि मांग कि, पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के तारापुरी जाटो वाली गली में खालिद के मकान में रिलायंस जियो टावर लगा है। मंगलवार को सुबह समय करीब 11:15 बजे रिलायंस जियो कर्मचारियों ने साइड पर आकर देखा कि 5जी की ओडीसी का ताला टूटा हुआ था जिसमें दो बैटरियां और दो उपकरण चोरी हो गए। रिलायंस जियो कर्मचारी अनुराग तेवतिया पुत्र रावेन्द्र निवासी मंगल पांडे नगर ने चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि रिलायंस जियो टावर से बैटरी व उपकरण चोरी की तहरीर आई है, पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज खंगाल कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### राशन डीलरशिप के आवंटन के लिए हुए चुनाव में धांधली का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गांव नंगला आर्डर में हुए राशन डीलर की डीलरशिप के आंवटन के लिए हुए चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए गांव के लोगों ने तहसील पहुंचकर धरना दिया, साथ ही चुनाव को दुबारा कराने की मांग का ज्ञापन अधिकारियों का सौंपा। मंगलवार सुबह तहसील पहुंचे सैंकड़ों ग्रामीण तहसील में ही धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन देते हुए बताया सोमवार को गांव नंगला आर्डर में राशन डीलर की डीलरशिप आंवटन करने के लिए चुनाव होना था, जिसमें एजेंसी के लिए गांव वालों को ही चुनना था, लेकिन दूसरे प्रत्याशियों ने सांठ-गांठ करके अधिकारियों से चुनाव में धांधली करते हुए वर्तमान डीलर को चुनाव जीता दिया। ग्रामीणों का कहना था उनकी गैरमौजूदगी में उनके मतदान का प्रयोग किया गया। ग्रामीणों ने यह चुनाव कराने की मांग की है। एसडीएम ने मामले की जांच कराने की बात कहते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।

### सरधना में बारिश के कारण गिरी मकान की छत, पीड़ित ने रखी मुआवजे की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के मोहल्ला उंचापुर में कई दिनों से हो रही बारिश की वजह से एक मकान की छत गिर गई, जिसकी चपेट में आने से मकान मालिक का हल्की चोंट आई। पीड़ित ने प्रशासन से मकान बनवाने की मांग की है। मोहल्ला उंचापुर निवासी शहजाद पुत्र अब्दुल हमीद अपने परिवार के साथ मकान में रहता है। सोमवार रात्रि करीब 1 बजे घर के बाहरी हिस्सें में कमरे की छत अचानक से भर-भराकर गिर गई, जिसके चपेट में शहजाद आ गया, गनीमत यह रही कि शहजाद को ज्यादा चोंटे नही आई। पीड़ित का कहना है कि प्रधानमंत्री आवासीय में कई बार आवदेन किया जा चुका है, लेकिन अधिकारी जांच करने के बाद कोई आगे कार्यवाही करने को तैयार नही है। शहजाद ने प्रशासन से मकान निर्माण करने की गुहार लगाई है।

# मृतक बोबी के घर पहुंचे सरधना विधायक अतुल प्रधान, सरकार से मुआवजे की रखेंगे मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र में हुए बोबी हत्याकांड के बाद मंगलवार को विधायक अतुल प्रधान मृतक के परिजनों से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज और वह स्वयं परिवार के साथ खड़े हैं। विधायक अतुल प्रधान ने इस दौरान परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना और उनकी हरसंभव मदद करना उनकी पहली प्राथमिकता है। विधायक ने मौके पर परि. जनों को निजी आर्थिक सहायता भी प्रदान की और भरोसा दिलाया कि किसी भी तरह की परेशानी आने पर वह स्वयं परिवार के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन और सक्षम अधिकारियों से वार्ता कर यह आश्वासन दिलाया कि घटना में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि अपराध और अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विधायक के इस दौरे से मृतक के परिजनों को कुछ हद तक राहत और हौसला मिला। आसपास के स्थानीय लोगों ने भी उनकी मौजूदगी में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और न्याय की मांग उठाई।

## आपदाः प्रदेश महासचिव ने जयंत चौधरी को दिया ढाई लाख का चेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** पंजाब में आई बाढ़ आपदा प्रभावित लोगों को सहायता लगातार लोकदल का परिवार पिछले दो दिनों से दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को किसानों की मदद कर रहा है। वहीं मंगलवार को राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव रणबीर दहिया ने ढाई लाख रुपए का चेक देकर राहत कार्यों के लिए समर्पित किया उन्होंने कहा कि लोकदल का परिवार हमेशा किसानों की मदद करता रहा है और करता रहेगा। वहीं रणबीर दहिया ने कहा कि पंजाब में आई बाढ़ में किसानों के साथ लोकल का परिवार खड़ा है और खड़ा रहेगा क्योंकि किसान हमारी रीढ की हड्डी है और अगर हमारे किसानों को कोई भी किसी तरह की परेशानी आएगी तो लोकदल का एक-एक सिपाही उनके साथ खड़ा है।

# पेपर मील की चिमनियों से निकल रहे धुंए से आसपास फैल रही बीमारी

■ मील के गंदे पानी से लोग परेशान, बाहर खड़े वाहनों से भी लगातार होते हैं हादसे



सरधना पेपर मिल से निकलता प्रदूषित धुंआ।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मेरठ-सरधना मार्ग पर स्थित सरधना पेपर मिल इन दिनों लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। चिमनी से दिनभर निकलने वाला धुंआ व गंदा पानी आमजन व किसानों के लिए काफी नुकसान कर रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद भी प्रशासन इस तरफ ध्यान नही दे रहा है।

हैरत की बात तो यह है कि मिल के सामने खड़े भारी वाहनों की वजह से कई दुर्घटना हो चुकी है, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। सरधना स्थित मेरठ रोड़ पर बिजली घर के सामने सरधना पेपर मिल स्थित है। जो पिछले कई वर्षो से लोगों के लिए आसपास के गांवों के लिए मुस. ीबत का सबब बन चुका है। मिल के चिमनियों से दिनभर काला धुंआ निकलता है, जिससे आसपास के गांवों के लोगों की आंखों व सांस लेने में काफी दिक्कत आ रही है, इसके साथ ही किसानो की फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा आसपास के इलाकों का जलस्तर भी घटता जा रहा है। दिनभर मिल की चिमनियों से काला धुंओ का गुबार नजर आता है। मिल के बाहर खड़े वाहन भी दुर्घटना का कारण बनते है, पिछले कई महीनों में यहां पर कई हादसे हो चुके है, जिसमें कई जान जा चुकी है। आसपास के किसानों का कहना है कि मिल से निकलने वाला गंदा पानी भी फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है, कई बार इस बाबत अधिकारियों से शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन कोई समाधान नही हो पाया।

### तत्कालीन कमिश्नर ने की थी कार्रवाई

बीते वर्षो में सरधना पेपर मिल के खिलाफ मिल रही शिकयतों पर तत्कालीन कमिश्नर प्रभात कुमार ने संज्ञान लेते हुए मौके का निरीक्षण किया था, जिसमें कई अनियमिता मिलीं थी। जिस पर अधिकारियों ने पेपर मिल पर कार्यवाही की थी। फिलहाल पेपर मिल का गंदा पानी भी बिना अनुमति सामने से गुजर रहें सिंचाई विभाग के नालें से होकर गुजरता है।

### प्रदूषण अधिकारी ने दी अपनी सफाई

सरधना मील की चिमनियों से निकलने वाले धुएं ने जहां आसपास के लोगों को बीमार कर दिया है वहीं मील से निकलने वाला गंदा पानी पर्यावरण के लिए भी खतरनाक साबित हो रहा है ऐसे में जब मेरठ के क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड अधिकारी भुवन यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अगर कोई चीज नियम अनुसार नहीं है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी सरधना मील की जांच कराई जाएगी अगर कोई भी अनियमिता पाई जाती है तो मील मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई निश्चित ही कराई जाएगी।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस ने एक लाख करोड़ रुपये का ग्रॉस लोन बुक हासिल करने का रोडमैप किया तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक उज्जीवन एसएफबी ने वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रूपए की ग्रॉस लोन बुक जीएलबी हासिल करने के लिए अपनी रणनीतिक योजना तैयार की है। बैंक की यह योजना 2017 में स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में परिचालन शुरू करने के बाद से हुई प्रगति पर आधारित है। बैंक का यह विकास लायबिलिटी फ्रेंचाइजी के निरंतर विस्तार, एसेट प्रोडक्ट सूट की पहुंच को गहरा करने और लागत-अनुकूल परिचालन के निर्माण पर केंद्रित है, जिससे उच्च और स्थायी लाभप्रदता मिल सके। विविध लोन पोर्टफोलियो उज्जीवन अपने लोन पोर्टफोलियो में धीरे-धीरे विविधता लाया है, पहली तिमाही तक यह बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई है।

## नई जीएसटी फॉरमेट से दवाओं में राहतः दवा व्यापारी योगेन्द्र प्रधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी राहत देते हुए केंद्र सरकार ने जीएसटी में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब 33 जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी पूरी तरह से समाप्त कर दिया है, जबकि 95 प्रतिशत दवाइयों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इतना ही नहीं, जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा को भी जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। जिला मेरठ कैमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रधान ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह लंबे समय से की जा रही मांग का परिणाम है। हम लगातार सरकार से यह मांग कर रहे थे कि सभी दवाइयों पर जीएसटी 5 प्रतिशत और जीवन रक्षक दवाओं पर शून्य किया जाए। जिससे जनता को सस्ती दवाएं मिल सके। आज सरकार ने यह कदम उठाकर आम जनता को बड़ी राहत दी है। इसके लिए हम सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

## आयुक्त की अध्यक्षता में हुई मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. की निदेशक मंडल की बैठक

■ जल्द शुरू होगा 50 बसों का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. की निद. ेशक मंडल की बैठक आहूत की गयी। बैठक में आयुक्त के समक्ष गत बैठक में लिये गये निर्णयो का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया तथा वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। आयुक्त ने कहा कि मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. की अधिकतर बसो का संचालन मवाना व गढ़ रोड पर ही किया जा रहा है। डीएम व नगर आयुक्त से समन्वय स्थापित कर अन्य रूटो पर भी बसो का संचालन सुनिश्चित किया जाये।

प्रबंध निदेशक मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. ने बताया कि 61 बसो की नीलामी की जा चुकी है, 35 बसो की नीलामी शेष है, जनपद में 50 बसो का संचालन किया जा रहा है। जिसके बाद महानगर की जनता को कोई परेशानी नहीं होगी। जनता एक स्थान से दूसरे स्थान पर आराम से पहुंच सकेगी। उन्होंने कहा कि महानगर की जनता को बसे नहीं मिल पा रही है। जिससे उन्हे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ वी.के. सिंह, उपाध्यक्ष एमडीए संजय कुमार मीणा, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, आरटीओ हिमेश तिवारी, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, लो.नि.वि. सतेन्द्र सिंह, अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एमडी के खिलाफ भाकियू अराजनैतिक का धरना

## किसान के खाते में गलत तरीके से लोन चढ़ाकर उसे खत्म करने की मांगी थी रिश्वत, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में स्थित किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड महमूदपुर सिखेड़ा पर एक किसान के खरे की जमीन पर गलत लोन चढ़ाकर उसको खत्म करने पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए भाकियू राजनैतिक के पदाधिकारियो ने धरना देकर एमडी के खिलाफ हंगामा किया।

किसान का आरोप है कि उसके खसरा संख्या पर गलत तरीके से लोन चढ़ा दिया जिस पर उसका लोन तो रह गया लेकिन उसका ब्याज लोन से भी अधिक हो गया। जब किसान को समिति का नोटिस मिला तो उसके होश उड़ गये। वह तुरंत समिति की ओर दौड़ लिया जब समिति के एमडी से बातचीत की गई तो उसने लोन खत्म करने के नाम पर मोटी रकम मांग ली। उसके बाद किसान ने भाकियू राजनैतिक के जिलाध्यक्ष कालू प्रधान को मामले की जानकारी दी तभी मंगलवार को संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं तथा किसानों को साथ लेकर समिति पर पहुंचे जहां उन्होंने धरना देकर एमडी के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। उन्होंने कहा कि किसान छत्रपाल पुत्र मलखान सिंह की जमीन समसपुर खसरा संख्या 170 आ रही है। जबकि किसान ने उस जमीन को बेच दिया है। खसरा संख्या 170 पर समिति द्वारा 3 लाख 71 हजार 700 रूपये का लोन 24 मार्च 2013 में दर्शाया गया है। जबकि बिना लोन चुकता किये बैनामा नहीं होता है। किसान को 27 अगस्त को 9 लाख 49 हजार 307 का जब नोटिस मिला तो उसके होश उड़ गये। किसान छत्रपाल ने बताया कि जब उसको नोटिस मिला तो वह तुरंत समिति पहुंचा तो उसने एमडी से बातचीत की और लोन उसके खाते में गलत तरीके से चढ़ाने की बातचीत की तो उसने अवैध वसूली करने की बात करते हुए लोन को समाप्त कर देने को कहा। मंगलवार को भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया और किसान की समस्या का समाधान करने की बात कही। धरने की सूचना पर पहुंचे तहसील मवाना नायब तहसीलदार सचिन चौधरी ने किसानो की मांग को सुनते हुए उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि किसान की समस्या का समाधान न किया गया तो वह तहसील में जाकर एसडीएम मवाना का घेराव कर आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड महमूदपुर सिखेड़ा के एमडी अश्वनी से किसान के लोन के बारे में जानकारी करनी चाही तो उनका नंबर स्विच ऑफ मिला। प्रदेश प्रभारी महाराज मलिक, अभिदान हुड्डा, दिनेश तिगरी, विशु मवाना, पवन कुमार, नीरज राठी, राजू राठी, अर्चित नागर, शुभम् लाम्बा, शुभम चहल, रविन्द्र नागर, नीटू राठी, प्रदीप कुमार, ओमवीर, दीपांशु चपराणा, संदीप नागर, पूर्व सभासद बिन्दर चहल, अजीत नागर, सुमित बिधुड़ी आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## अलेक्जेंडर एथलेटिक क्लब, द्विवार्षिक चुनाव

# परिवर्तन टीम ने जैन नगर-देवपुरी, शंभू नगर व सदर बाजार पहुंचकर मांगे वोट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अलेक्जेंडर क्लब के परिवर्तन परिवार की टीम ने मंगलवार सुबह अपने सभी उम्मीदवारों के साथ जैन नगर, देवपुरी, शम्भूनगर और सदर बाजार के आस पास का क्षेत्र मेरठ में एक सभा क्लब के चुनाव की रणनीति तय के लिए की गयी और वोटर्स सदस्यों के घर-घर जाकर संपर्क किया। परिवार परिवर्तन टीम के सभी उम्मीदवार मौजूद थे सभी उम्मीदवारों का इस क्षेत्र में रहने वाले सभी वोटर सदस्यों ने अपना आशीर्वाद दिया और विजयी होने की शुभकामनाएं परिवर्तन परिवार की टीम को दी। इस अवसर पर टीम परिवर्तन परिवार के सभी उम्मीदवार जे.पी. अग्रवाल उपाध्यक्ष संजय कुमार, सचिव, राहुल दास कोषाधयक्ष व तमाम कार्यकारिणी सदस्य जिनमें अंशुल अग्रवाल, अनुपम गुप्ता, सीए कमल अग्रवाल, करण अरविन्द जैन (लाली), निमिष खेत्रपाल निशु, जय शंकर, ओम रस्तोगी, सुधीर रजबन, राम कुमार गुप्ता (खेमा) शैलेन्द्र रस्तोगी, सिद्धांत अग्रवाल आदि क्लब सदस्य मौजूद रहे।

## शक्ति एनर्जी सॉल्यूशन्स ने लॉन्च किए एआई पॉवर्ड इन्वर्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम बढ़ाते हुए शक्ति एनर्जी सॉल्यूशन्स ने अपने चैनल पार्टनर्स और डीलर्स के लिए एक न्यू प्रॉडक्ट लॉन्च मीट का आयोजन किया। शिक्षक दिवस के विशेष अवसर पर लखनऊ स्थित हिल्टन गार्डन में हुए इस कार्यक्रम में प्रमुख पार्टनर्स और स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया तथा कंपनी के मिशन, भारत को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा की ओर तेजी से अग्रसर करना को एक बार फिर दोहराया। कार्यक्रम में कंपनी ने अपनी नेक्स्ट जनरेशन के सोलर रूफटॉप सिस्टम पेश किए, जो मेड इन भारत, मेड फॉर भारत की सोच के साथ विकसित किए गए हैं।

# शिक्षित व्यक्ति ही राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाता हैः प्रोफेसर संगीता शुक्ला

■ राष्ट्र एवं समाज विषयक पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका सर्वोपरि है। शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, मूल्यबोध और कर्तव्यनिष्ठा की आधारशिला है। जब समाज शिक्षित होता है, तो उसमें जागरूकता, समानता और सहयोग की भावना स्वत: विकसित होती है।

यही सशक्त समाज आगे चलकर सशक्त राष्ट्र की पहचान बनाता है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित समाज अंधविश्वास, संकीर्णता और असमानता से ऊपर उठकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्कपूर्ण सोच को अपनाता है। शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और उसे राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी के योग्य करती है। यदि प्रत्येक नागरिक शिक्षा के महत्व को समझे और उसे जीवन में उतारे, तो राष्ट्र में प्रगति, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। अत: कहा जा सकता है कि राष्ट्र और समाज की मजबूती का सबसे बड़ा आधार शिक्षा ही है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में दीक्षोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को जंतु विज्ञान विभाग में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय राष्ट्र एवं समाज रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों की सारगर्भित अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में समाजशास्त्र विभाग से डॉ. वाई. पी. सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग से डॉ. ईश्वर सिंह एवं जंतु विज्ञान विभाग से प्रो. दुष्यंत कुमार चौहान सम्मिलित रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के अभिव्यक्ति कौशल, विचारों की मौलिकता एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन किया। इस अवसर पर कुलपति के मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त हुए, जिन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्षा प्रोफेसर नीलू जैन गुप्ता एवं परिषद के समन्वयक प्रोफेसर के. के. शर्मा ने भी अपने आशीर्वचन प्रदान किए और विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विभाग की समन्वयक डॉ. विजेता गौतम एवं सह-समन्वयक डॉ. अंशु चौधरी द्वारा किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, चिंतन शीलता, राष्ट्रप्रेम तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करती हैं। दीक्षोत्सव की श्रृंखला में आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रही और पूरे वातावरण को राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पण की भावना से ओत-प्रोत कर गई।

# लोक अदालत के माध्यम से वादों का निस्तारण कराएं




## डीजे ने हरी झंडी दिखा रैली रवाना की

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार करने के उद्देश्य से मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। जिला जज विवेक कुमार ने न्यायालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वाद का निस्तारण कराने से समय व धन की बचत होती है और समझौते के माध्यम से निस्तारण किये जाने पर किसी भी एक पक्ष की जीत नहीं होती बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ईश्वर सिंह ने बताया कि लोक अदालत में आपराधिक, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, टेलीफोन, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व वाद, तथा सिविल वादों का निस्तारण किया जायेगा, जिसकी जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया है। इस दौरान पीठासीन अधिकारी कुटुम्ब न्यायालय अमरोहा मधुलिका चौधरी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम साकिर हसन व अन्य न्यायिक अधिकारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## पंचायत में अधिकारियों को भेजा जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए 12 सितंबर को तहसील परिसर में होने वाली किसानों की पंचायत में विद्युत विभाग के एक्सईन सप्लाई, इंस्पेक्टर पूर्ति विभाग, एक्सईन नहर विभाग, जिला पूर्ति अधिकारी को भेजे जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों को समय से किसानों की पंचायत में भेजा जाये। यदि यह अधिकारी समय से नहीं पहुंचेंगे तो भाकियू बीआरएसएस मजबूरन आंदोलन करने को विवश होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं शासन प्रशासन की होगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर ने दी है।

## स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को सौंप दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बिजली विभाग द्वारा जो स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं उन्हें तुरंत रोका जाये। अन्यथा संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी, राजपाल सिंह चौहान,ब्रह्मपाल सिंह, महेंद्र सिंह, मंगू त्यागी,जहीर,आबिद अली, एहसान,मीर हसन, अबरार, बाबू,साकिब आदि किसान मौजूद रहे।

# भाकियू की पंचायत में किसानों का गुस्सा फूटा

## गन्ने का भाव पांच सौ रुपये करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ब्लॉक परिसर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत हुई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर खुलकर चर्चा हुई। किसानों ने बाढ़ से बर्बाद फसल का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने, गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल तय करने और आवारा पशुओं से फसल की सुरक्षा की मांग तेज आवाज में उठाई।

मण्डल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा सरकार किसान की मेहनत को हल्के में लेना बंद करे। बाढ़ ने किसानों की कमर तोड़ दी है, ऊपर से फसल का सही दाम भी नहीं मिल रहा। अगर जल्द मुआवजा और 500 रुपये गन्ने का भाव घोषित नहीं हुआ तो आने वाली पंचायत से ही ऐसा आंदोलन खड़ा होगा कि सरकार को झुकना पड़ेगा। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल से कम किसी हाल में स्वीकार नहीं। सरकार किसान की मेहनत की सही कीमत दे, नहीं तो सड़कों पर उतरकर हक की लड़ाई लड़ेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने भी तल्ख लहजे में कहा आवारा पशु किसानों के लिए आफत बन चुके हैं। सरकार को तुरंत ठोस योजना बनानी होगी, वरना किसान खुद कानून अपने हाथ में लेने को मजबूर होगा। पंचायत में पहुंचे तहसीलदार मूसाराम थारू ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके से ही लेखपालों को निर्देश दिए कि एक माह के भीतर गांव-गांव जाकर अंश निर्धारण की सभी त्रुटियां दूर की जाएं। तहस. ीलदार ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन किसानों को राहत देने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 सितम्बर को कुआं खेड़ा गांव में होने वाली किसान महापंचायत को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। पदाधिकारियों ने किसानों से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर डूंगर सिंह, देशराज सिंह, करन सिंह, नरेश सिंह, जसपाल सिंह, खचेड़ू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, जगदीश यादव, शाकिर अली, इश्तियाक अली, देवप्रकाश शर्मा, गंगासरन शर्मा, पौरुष देओल, जुल्फकार मलिक, जन्म सिंह, श्यामवली यादव, अनवार अली समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# हरिश्चन्द्र की जयंती पर गोष्ठी आयोजित

## संघटक राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** संघटक राजकीय महाविद्यालय में जन कवि भारतेंदु हरिश्चन्द जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम का प्रारंभ कालेज प्राचार्य डॉ विनोद कुमार ने वक्तव्य के साथ किया। उन्होंने कहा भारतेंदु हरिश्चन्द आधुनिक काल के महत्वपूर्ण स्तंभ माने जाते है। भारतेंदु युग इन्हीं के नाम से जाना जाता है तथा वह दौर संक्रमण काल का दौर था। परन्तु भारतेंदु हरिश्चन्द ने खड़ी बोली के साहित्य को केंद्र में रखा और इसी युग से हिंदी की अनेक विधाओं का विकास भी हुआ है। हिंदी विभाग के डॉ राहुल कुमार ने कहा भारतेंदु हरिश्चन्द एक क्रांतिकारी कवि हैं। जिन्होंने युवाओं को अपनी कविताओं के माध्यम से जागरूक किया। डॉ मनोज जाटव ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र अपने समय के युग दृष्टा रहे जिन्होंने हिंदी, हिन्दू, हिंदुस्तान का भाव जगाकर आम जनमानस में राष्टीय भावना का जागरण और राष्ट्रीय आंदोलन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मदनपाल ने किया और उन्होंने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र ने अनेक पत्रिकाएं निकालीं। जिससे समाज में कांति का संचार हुआ। समाज के विकास में भारतेंदु हरिश्चन्द के साहित्य का महत्वपूर्ण स्थान है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ परमजीत कौर, डॉ पल्लवी सिंह, डॉ एमपी सिंह, डॉ कपिल वर्मा, डॉ सचिन वर्मा, डॉ विक्की सिंह, डॉ गजेंद्र कुमार, डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ कविता चौधरी, डॉ गिरेंद्र सिंह, डॉ नीदा इदरीश, डॉ अनिल कुमार, डॉ दीपक तालान, डॉ डीके अग्निहोत्री, सोमवीर सिंह समेत समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# पंजाब के लिए भेजी आर्थिक मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खादगूजर से पंजाब बाढ़ राहत हेतु 83151 रूपये की नकद कपड़े, बिस्कुट आदि सामान राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौ.उपेन्द्र सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिह, कामिल हुसैन, रणवीर सिंह, जगदीश सिंह आदि की मौजदगी में पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह द्वारा गुरुद्वारा साहिब नगलिया बहादरपुर के गुरुद्वारा ग्रन्थी ज्ञानी कुलदीप सिंह को सौंपा गया। इस मौके पर ग्राम नगलिया बहाद. रपुर निवासी सरदार कुन्दन सिंह, सरदार हरजीत सिंह, गोल्डी सिंह, राहुल सिंह, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे। चौ.उपेन्द्र सिंह ने कहा कि पंजाब में बाढ़ आपदा में राहत आदि भेजने के लिये देशवासियों को बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए।

# श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

## भगवान की लीलाओं का किया बखान




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कस्बे के निकटवर्ती गांव दिसोरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल देखने लायक रहा। यह कथा बजरंग दल के प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सरस्वत और किसान नेता विजेंद्र शर्मा के आवास पर आयोजित की जा रही है। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

कथा वाचक आचार्य धर्मवीर शास्त्री ने अपने ओजस्वी वाणी से राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म और अन्य दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया। जैसे ही आचार्य ने भगवान की लीलाओं का बखान किया, वैसे ही श्रोतागण हरे कृष्णख्रहरे कृष्ण और राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठे। श्रद्धालु भक्ति-रस में सराबोर होकर तालियां बजाते और मंत्रोच्चारण करते रहे। इस धार्मिक अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी अभिनव कौशिक और नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल भी पहुंचे। उन्होंने परिवारजनों संग विधिविधान से आरती-पूजन किया। उनके पहुंचने पर कथा स्थल पर उपस्थित लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कथा के दौरान महिला मंडल ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। ढोलक और झांझ की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। गांव का पूरा माहौल धार्मिक रंग में रंग गया। नगरपालि. का अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि समाज को एकजुट करने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जिंदगी में ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा देते हैं और संस्कारों को जीवित रखते हैं। आयोजकों ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्तों के चरित्रों का वर्णन किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन भव्य भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण भी होगा। ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है। यहां विशाल कौशिक, सुनील प्रजापति, अंकित शर्मा, अशोक सैनी, विपिन शर्मा, कुशल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भोगना पड़ता है कर्मों का फल : शास्त्री



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के मोहल्ला बुधबाजार में टावर गली में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा में बिजनौर के जलीलपुर स्थित श्री राधे कृष्ण कृपा धाम आश्रम से पधारे कथावाचक श्री

**भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु**

कृष्णकांत शास्त्री ने कहा कि, यदि हम किसी को दुख देते हैं तो हमें दुख की ही प्राप्ति होगी और यदि हम सुख देते हैं तो हमें भी सुख की प्राप्ति होगी। उन्होंने भीष्म पितामह के शरशैया के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि, श्री कृष्ण ने उन्हें बताया कि पितामह ने एक जन्म में राजा बनने के दौरान एक सर्प को वाण से उठाकर झाड़ियों में फेंक दिया था, जिसकी मृत्यु काफी पीड़ा के साथ हुई, जिसके फलस्वरूप उन्हें इस जन्म में शर शैया का कर्मफल भोगना पड़ा। कथावाचक ने कहा कि बुरे कार्य का नतीजा बुरा ही होता है भले ही, कितने समय बाद हो। कथावाचक ने सुन्दर भजन प्रस्तुत करके श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर विजयपाल सिंह, आशा देवी कविता, ममता, पूनम, सुमन, नीतू, सोनम, मधु, किरन, खुशबू, हर्षिता, शालू, बबीता आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने सीओ व थाना प्रभारियों की ली क्लास

## अपराधों में लिप्त लोगों को भेजें जेल



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिले में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान एसपी ने सीओ और थाना प्रभारियों की जमकर क्लास लगाई। अपराधियों पर कार्रवाई जारी रखने के साथ अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा, गोवंशीय पशु कटान व अन्य अवैध कामों में लिप्त लोगों को जेल भेजने का निर्देश दिया। पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एसपी अमित कुमार आनंद ने तय बिंदुओं पर थानेवार अपराध की समीक्षा की। संतोषजनक जवाब नहीं देने वाले थाना प्रभारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी। कहा कि शासन की प्राथमिकता से जुड़े अभियानों में किसी तरह की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं होगी। टॉप 10 अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर व चिन्हित माफियाओं पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लंबित विवेचनाओं का निस्तारण क रते हुए अनसुलझी घटनाओं का खुलासा करने की बात कही। कहा कि आईजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त होने की वाली शिकायती पत्रों की तय समय में निष्पक्ष जांच करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें। पॉक्सो एक्ट व महिलाओं से जुड़े अपराधों में प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधियों को सजा दिलाएं। अपराधिक इतिहास वाले लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही अभियान चलाकर वारंटियों की गिरफ्तारी करने की बात कही। एसपी ने अपहृत एवं गुमशुदा की भी समीक्षा करते हुए जल्दी बरामदगी के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा एसपी ने आगामी त्यौहारों (नवरात्र, दशहरा, धनतेरस व दिपावली) को सकुशल संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की तथा जरुरी दिशा-निर्देश दिए। थानों में आने वाले फ रियादियों से शालीनतापूर्वक व्यवहार करने को कहा। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया के अलावा सीओ, थाना व संबंधित है शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# वैश्यावृत्ति कराने वाले गैंग पर कार्रवाई की मांग

## नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** वेश्यावृत्ति कराकर सीधे-साधे लोगों को झूठा फंसाकर उनसे धन उगाही करने वाले गैंग के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से जांच करवाकर कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

कोतवाली डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया निवासी रईस अहमद पुत्र सगीर ने कई लोगों के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर वेश्यावृत्ति करने वाले गैंग के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उनके पुत्र आतिफ के विरुद्ध मुस्कान पुत्री जहीर ग्राम श्योनाली थाना डिडोली ने झूठा प्रार्थना पत्र दिया था। उनके द्वारा बेटे आतिफ को यह झूठे मुकद्दस में फंसाकर अनुचित लाभ लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। डिडौली पुलिस द्वारा जब जांच की गई तो मामला पूरी तरह से फर्जी निकला। रईस अहमद ने बताया कि मुस्कान का आतिफ से कोई मतलब नहीं है। कई दिन पूर्व आरोपी महिला अपनी बेटी को लेकर एक मंढे की दावत में पहुंची थी तथा वहां पर जमकर हंगामा काटा था। बताया कि यह गैंग वेश्यावृत्ति भी कराता है। वेश्यावृत्ति कर सीधे-साधे लोगों से धन की उगाही करता है। उनके विरुद्ध जनपद में वेश्यावृत्ति कराये जाने और गैंगस्टर आदि की धाराओं में मुकदमे भी दर्ज है। उन्होंने बताया आरोपी महिला का भाई हिस्ट्रीशीटर है। यह लोग षड्यंत्र रचकर लोगों पर बलात्कार संबंधी मुकदमे लिखवाते हैं। और बाद में मोटी रकम लेकर फैसला कर लेते हैं। ऐसे लोग समाज में नासूर हैं और सीधे-साधे लोगों को लूटने का कार्य कर रहे हैं। यह लोग सीधे-साधे लोगों की छवि समाज में खराब करने की धमकी भी देते हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि आरोपी मुस्कान ने जिस समय यह घटना बताई है उस समय वह वहां नहीं था। एक अलग स्थान पर था। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी उसके पास है। आरोपी लोगों का अपराधिक लंबा इतिहास है। इनके विरुद्ध न्यायालय में भी मुकदमें चल रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मुस्कान उसकी मां जासमीन उर्फ जसिया भाई शोएब और भांजी अलीशा के खिलाफ कड़ी करवाई करने की मांग की है

# सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, में सलाद मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला, रचनात्मकता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। विभिन्न टीमों ने तरह-तरह के आकर्षक व पौष्टिक सलाद तैयार किए जिनमें स्वाद और सजावट का अनोखा संगम देखने को मिला।प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्यवर्धक आहार के महत्व से अवगत कराना और उनमें रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। छात्राओं ने नींबू सलाद, स्प्राउट सलाद, फ्रूट सलाद, वेजिटेबल सलाद आदि की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसूम ने की। उन्होंने छात्राओं की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा ख्र आज की युवा पीढ़ी को केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक होना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल छात्राओं को नई दिशा देती हैं बल्कि उनमें आत्मविश्वास, टीम भावना और नवाच. ार को भी बढ़ावा देती हैं। डॉ. रिजवाना कुलसूम ने विजेता छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि कॉलेज भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, जिससे छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर डॉ दीपिका शर्मा, श्रीमती रुखसार समेत कॉलेज के शिक्षकगण व छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं और कार्यक्रम की सराहना की।

## स्कूल से लौटते छात्रा का अपहरण

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की नाबा. लिग पुत्री रोजाना की तरह सोमवार को हसनपुर कला गांव स्थित अवनेश मॉडर्न इंटर कॉलेज पढ़ाई करने के लिए गई थी।स्कूल की छुट्टी के बाद छात्रा घर के लिए निकलीद्य लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंची। स्वजनों ने परेशान होकर खोजबीन शुरू की परंतु कोई सुराग नहीं मिला। इस पर उन्हें संदेह हुआ कि गांव का ही रहने वाला अरुन कुमार पुत्र चन्द्रहास छात्रा को बहला-फुसलाकर ले गया हैद्य अरून कुमार उसी दिन से घर से फरार है। स्वजनों ने थाने पहुंच कर अरूण कुमार के विरुद्ध तहरीर दी पुलिस छात्रा के पिता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर छात्रा को बरामद करने के लिए टीम गठित कर जांच शुरू कर दी है।

## जलसे में युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के मीलक गौसपुर गांव निवासी मुहम्मद शान ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही युवक पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार की रात एक बजे गांव की जामा मस्जिद में चल रहे जलसे में शामिल था। जलसा देख रहे दौरान वह पेशाब करने के लिए मस्जिद से बाहर गयाद्य तभी गांव का मोनिस वहां आकर उससे गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मोनिस ने लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।पीड़ित ने थाने पहुंच कर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दीवार में ट्राली लगने में दो पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के जिवाई गांव में सोमवार को देर शाम दीवार में ट्राली लगने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए।जिवाई गांव निवासी नेकपाल सिंह अपने मकान निर्माण के लिए ट्रैक्टर-ट्राली में सटरिंग का सामान लेकर आ रहे थे। इसी दौरान ट्राली पड़ोसी अनिल कुमार की दीवार से टकरा गई। दीवार में ट्राली लगने की बात पर दोनों पक्षों में पहले गाली-गलौज हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई।मारपीट में अनिल कुमार की पत्नी सोनम और दूसरे पक्ष से नेकपाल सिंह घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हादसे में युवक की मौत

**गजरौला।** एक वाहन से टकराकर एक युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला मायापुरी निवासी आकाश वर्मा पुत्र राम वर्मा सेल्समैन का काम करता था। वह हाईवे पर गया था, वहां से वापस लौट रहा था, तभी एक वाहन से टकराकर आकाश वर्मा की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया

## संदिग्ध परिस्थितियों में ढाबा कर्मचारी हुआ लापता

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर स्थित ढाबे पर काम करने वाला कर्मचारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। कर्मचारी की पत्नी ने काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिसनेमामले कीजांच शुरू कर दी है।

हापुड़ नगर के मोहल्ला सिदार्थ नगर निवासी निर्मला ने बताया कि उसके पति नरेश कुमार 14 अगस्त को गढ़ के एक ढाबे पर काम करने के लिए आए थे। काम करने के दौरान कई बार फोन पर भी उनसे बात हुई। पीड़िता ने बताया कि उसके बाद से उसके पति का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़िता ने पति को काफी तलाश किया, लेकिन उसके पति का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, सुनी समस्याएं

**गढ़मुक्तेश्वर।** सोमवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 39 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 4 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम अंग्रेजी में Afroz Ahmed एवं हालिफ के पिता का नाम Ali Ahmed जो कि सही है। जबकि मेरा पासपोर्ट नं. E 9596674 है जिसमें मेरा नाम Afroz Ahmad S/o Ali Ahmad अंकित कर दिया है जो कि गलत है। मुझे अब Afroz Ahmed S/o Ali Ahmed नाम से पुकारा जाये।

**अफरोज अहमद पुत्र अली अहमद,** निवासी- मौ. चक स्वार वार्ड नं. 22 तह. स्वार जिला रामपुर।

# कंकरखेड़ा पुलिस ने फर्जी बैंककर्मी बनकर लूट करने वाले दो बदमाश किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी बैंककर्मी बनकर लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लोगों को फाइनेंस और लोन का झांसा देकर एटीएम ले जाते थे और मोबाइल ऐप के जरिए रुपये ट्रांसफर कर लेते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त वरना कार और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

मामला 8 सितंबर का है। हरिद्वार जिले के मंगलौर थाना क्षेत्र के बिजोली निवासी सुहैल ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसकी कार यूके 17टी 3601 को कुछ लोगों ने रोक लिया। आरोपियों ने खुद को बैंककर्मी बताते हुए उससे 27,500 रुपये की मांग की। रकम न होने पर वे सुहैल को एटीएम ले गए और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। मोबाइल से फोन-पे ऐप का क्यूआर कोड स्कैन कर 23 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए और फिर मोबाइल लौटाकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलवार को चेकिंग के दौरान पुलिस ने एनएच-58 पर डाबका कट के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान अंकुश पुत्र दाताराम निवासी इन्द्रानगर थाना ब्रह्मपुरी, मेरठ और अनुज गुप्ता पुत्र परमानंद निवासी इन्द्रानगर थाना ब्रह्मपुरी, मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस ने अंकुश से एक रियलमी मोबाइल फोन, अनुज गुप्ता से एक वनप्लस मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त वरना कार यूपी 15डीए 6852 बरामद की है।



# नगर पंचायत हर्रा चेयरमैन कुंवर मोहम्मद अली ने किया नाले का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** कस्बा हर्रा के वार्ड संख्या 10 में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान के लिए बनाए गए नाले का उद्घाटन मंगलवार को नगर पंचायत हर्रा के चेयरमैन कुंवर मोहम्मद अली ने फीता काटकर किया।



चेयरमैन ने कहा कि नगर पंचायत का उद्देश्य है कि कस्बे की जनता को बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े। इस नाले के बनने से बरसात के समय गंदे पानी की निकासी सुचारू रूप से होगी और स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और आने वाले समय में अन्य वार्डों में भी जरूरत के हिसाब से योजनाएँ पूरी की जाएंगी। इस अवसर पर वार्ड सभासद मोहम्मद, रिहान, अहसान, कामिल, जावेद, युरूफ सहित मौजूद रहे। सभासदों ने चेयरमैन का आभार जताते हुए कहा कि नाले के निर्माण से क्षेत्रवासियों को काफी लाभ होगा और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी कम होंगी। स्थानीय लोगों ने भी नगर पंचायत के इस प्रयास की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में ऐसे ही विकास कार्य तेजी से होते रहेंगे।

# मेरठ रेंज के 13,646 पुलिसकर्मी आईजीओटी पोर्टल पर पंजीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन कर्मयोगी के तहत मेरठ रेंज के 13,646 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का आईजीओटी (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण किया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने बताया कि यह पोर्टल सरकारी कर्मचारियों के कौशल और क्षमताओं को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। इसके माध्यम से अधिकारी और कर्मचारी ई-लर्निंग, मिश्रित शिक्षण तथा योग्यता आधारित प्रशिक्षण सहित 1424 से अधिक पाठ्यक्रमों का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी विभागों को पोर्टल पर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए थे। उसी क्रम में मेरठ रेंज के चारों जनपदों में यह कार्य पूरा कर लिया गया है। इसमें मेरठ से 4,783, बुलंदशहर से 5,196, बागपत से 1,591 और हापुड़ से 2,076 अधिकारी-कर्मचारी पंजीकृत हुए हैं। डीआईजी नैथानी ने कहा कि यह मंच पुलिसकर्मियों को नए कौशल सीखने, कार्यकुशलता बढ़ाने और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनने का अवसर प्रदान करता है। इससे सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता और बेहतर होगी। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से अपील की कि वे इस पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करें और खुद को तथा पुलिस व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में योगदान दें।



# ब्राह्मण महासभा ने कुलपति को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौ. चरण सिंह यूनिवर्सिटी की कार्य परिषद बैठक में मेरठ-गाजियाबाद क्षेत्र से एमएलसी/सभापति नियम पुनरीक्षण समिति, उत्तर प्रदेश धर्मेंद्र भारद्वाज के द्वारा दिया गया ऐतिहासिक प्रस्ताव, यूनिवर्सिटी कैम्पस एक्सटेंशन (लगभग 100 एकड़ में विस्तार) का सर्व सम्मति से पारित कराने पर मंगलवार को अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज के नेतृत्व में मेरठ, गाजियाबाद, बागपत से आये हुए ब्राह्मण विद्वतजनों द्वारा चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला का भव्य अभिनंदन कैम्पस स्थित उनके कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. वी.पी. शर्मा ने कुलपति संगीता शुक्ला का जीवन परिचय देते हुए कहा कि इनके नेतृत्त्व में मेरठ विश्वविद्यालय को नेक ए प्लस प्लस की रैंकिंग मिलना, पेटेंट ग्रांट श्रेणी में देश की रैंकिंग में चौथा स्थान मिलना, महिला श्रेणी में एक्सीलेंस साइटेशन अवार्ड 2023 यूपी में खेलो इंडिया में पहली रैंक, क्यूएस एशिया रैंक में यूनिवर्सिटी की मौजूदगी, जैसी कई उपलब्धियां मिली है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा चिन्मय भारद्वाज ने कुलपति संगीता शुक्ला का अभिनंदन करते हुए उन्हें भगवान परशुराम जी की माला व चित्र भेंट किया और सम्मान प्रतीक, अभिनन्दन पत्र और उनके द्वारा विश्वविद्यालय के हित में किये गए कार्यों की भी भूरि भूरि प्रशंसा की। अभिनंदन समारोह में विभिन्न स्थानों से आये हुए सभी विप्रजनों ने बारी बारी कुलपति को पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया, स्वागत से अभिभूत होते हुए प्रो. संगीता शुक्ला ने सभी का धन्यवाद किया।। अभिनन्दन करने वालों में मुख्य रूप से संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. वी.पी. शर्मा, जिलाध्यक्ष घनश्याम शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री अनुज भारद्वाज, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमित भारद्वाज, राष्ट्रीय प्रवक्ता तरुण शर्मा, युवा महानगर अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, योगेश शर्मा, बीएवी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, डॉ. ईश्वर चन्द गम्भीर (वरिष्ठ साहित्यकार), वरिष्ठ पत्रकार एवं ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री शिव कुमार शर्मा, मेरठ यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ महामंत्री डॉ. विशाल सारस्वत, मेरठ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव शर्मा, रोटरी क्लब मेरठ संस्कार के अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान समेत बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।



# डीएवी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्रीनगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को 'अलंकरण समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी स्कूल, यू.पी. जोन-ए) रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन ऊर्जा का प्रतीक पौधा भेंटकर किया। विशेष प्रार्थना सभा के दौरान नर्सरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को उनकी कुशलता के आधार पर विभिन्न उत्तरदायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर प्रीफेक्ट, एसोसिएट प्रीफेक्ट, हाउस कप्तान, वाइस कप्तान, स्पोर्ट्स कैप्टन, हाउस कोऑर्डिनेटर, डिसिप्लिन इंचार्ज तथा मार्शल नियुक्त किए गए। इसके साथ ही विभिन्न क्लबों-ईको, क्रिएटिविटी, सिंफनी, लिटरेरी, आर्यभट, सेरेब्रम, आईसीटी, स्पोर्ट्स, हेरीटेज, इनोवेशन, सस्टेनेबल स्किल्स एंड थ्रिल तथा इंटरेक्शन के लिए भी विद्यार्थियों को जिम्मेदारियाँ दी गईं। प्राथमिक, मिडिल और सीनियर विंग के अंतर्गत भी चीफ मार्शल, चीफ प्रीफेक्ट, हेड गर्ल, हेड ब्वॉय आदि पदों पर चयनित विद्यार्थियों को बैज पहनाकर कार्यभार सौंपा गया। मुख्य अतिथि ने कक्षा 12 की श्रेया को हेड गर्ल सीनियर तथा अश्विनी को हेड ब्वॉय सीनियर का दायित्व प्रदान किया। डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय द्वारा दिया गया उत्तरदायित्व विद्यार्थियों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व के गुणों से परिचित कराता है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं। कार्यक्रम के अंत में चयनित विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।



# महिला जिला अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला महिला अस्पताल में मंगलवार को शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने अफरा-तफरी मचा दी। अचानक उठीं लपटों और धुएं को देखकर मरीजों व परिजनों में चीख-पुकार मच गई। महिला मरीज जान बचाकर अस्पताल से बाहर निकलने लगीं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि आग लगने के बावजूद अस्पताल का फायर अलार्म तक नहीं बजा। इससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इसी दौरान लेबर रूम में डिलीवरी भी चल रही थी, जिससे हालात और ज्यादा गंभीर हो गए। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फायर प्रभारी आकाश (घंटाघर) ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। लेकिन इस घटना ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल कर रख दी है।




# सुनील गुप्ता बने अपना दल (एस) मेरठ के जिला अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते 8 वर्षों से प्रदेश सचिव के पद पर काम करने वाले मेरठ के सुनील गुप्ता को अपना दल एस ने मेरठ का जिला अध्यक्ष घोषित किया है। सुनील गुप्ता बीते लंबे समय से पार्टी के लिए काम करते आए हैं जिसको देखते हुए उन्हें मेरठ की कमान सौंपी गई है। साथ ही साथ लंबे समय से जिला अध्यक्ष पद पर काम कर रहे एडवोकेट सुधीर पवार को भी पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं। सुनील गुप्ता ने जिला अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी हाई कमान का आभार वक्त किया है उनके जिला अध्यक्ष बनने के बाद कई लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी है जिनमें हाजी शाहिद, मुनेश पटेल, राजू, जय किशन कारणवल, सचिन गुप्ता आदि लोगों ने बधाई दीं।



# भूमाफियाओं पर प्लॉट के नाम पर ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन पुलिस चौकी इलाके में भूमाफियाओं का आतंक चरम पर है। आरोप है कि दबंग किस्म के लोग प्लॉट दिखाकर और फर्जी रसीदें बनवाकर गरीब लोगों से लाखों रुपये ठग रहे हैं। एकता सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अबरार अहमद द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी गई।

शिकायत में बताया गया कि शहजाद पुत्र भूरा निवासी श्याम नगर और मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद शहजाद निवासी श्याम नगर लंबे समय से लोगों को प्लॉट दिलाने के नाम पर ठग रहे हैं। पीड़ितों का आरोप है कि ये लोग पहले ब्याना और बैनामे के पैसे लेते हैं, लेकिन बाद में नामांतरण (बैनामा) नहीं कराते। जब कोई खरीदार बैनामा कराने की बात करता है तो उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीड़ित मोहम्मद इरशाद पुत्र रहीस अहमद, मोहम्मद वाजिद, मोहम्मद शकील आदि समेत कई लोगों ने बताया कि उनके साथ इसी तरह की ठगी हुई है। अन्य सैकड़ों लोग भी इस गिरोह के शिकार बने हैं। पीड़ितों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करे और जिन लोगों से रुपये वसूले गए हैं, उन्हें वापस दिलवाया जाए।



## किनौनी चीनी मिल को अवशेष गन्ना मूल्य का तत्काल भुगतान करने के दिये निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को एनआईसी सभागार में डीएम डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में गन्ना मूल्य भुगतान, आगामी पेराई सत्र हेतु मेंटीनेंस कार्यों की समीक्षा, मिलो द्वारा सीसीएल स्वीकृति, चीनी मिल क्षेत्रो में मार्गों की मरम्मत की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में चीनी मिल किनौनी के अवशेष गन्ना मूल्य व अंशदान भुगतान की समीक्षा करते हुये चीनी मिल किनौनी द्वारा शत प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान न किये जाने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चीनी मिल किनौनी के अध्यासी को अवशेष गन्ना मूल्य व अंशदान का भुगतान तत्काल करने के निर्देश दिये गये। साथ ही चीनी मिल सिंभावली के अध्यासी को जिला मेरठ की गन्ना समितियों के अंतर्गत क्रय किये गये गन्ना के अवशेष गन्ना मूल्य व अंशदान का भुगतान तत्काल करने के निर्देश दिये गये। पेराई सत्र 2025-26 हेतु चीनी मिलों के रिपेयर मेन्टीनेंस कार्य की समीक्षा करते हुए रिपेयर मेन्टीनेंस का कार्य एवं उसकी टेस्टिंग आदि की कार्यवाही चीनी मिल चलने से 15 दिन पूर्व करते हुए समयान्तर्गत चीनी मिलों का संचालन कराने के निदेश दिये गये।

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** जिला मेरठ के मंडल दौराला की नगर पंचायत दौराला में धर्मेंद्र अहलावत के आवास पर आयोजित सेवा पखवाड़ा एवं त्रिस्तरीय चुनाव शिक्षक स्नातक पंचायत को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी मेरठ मानसिंह गोस्वामी, जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा के साथ सिवालखास विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भाजपा मनिन्दर पाल सिंह ने दौराला मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत मेरठ जिले में व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दौराला मनिंदर विहान भराला, जिला मंत्री मुकेश शास्त्री, पूर्व चेयरमैन नवीन शर्मा, वरिष्ठ संचालक जिला सहकारी बैंक मदनपाल सिंह, भूमि विकास बैंक चेयरमैन व नामित डायरेक्टर गन्ना हरेन्द्र चौधरी, धर्मेंद्र मलिक, जितेंद्र प्रधान (सिवाय), रवि पूनिया मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा संध्या त्यागी, मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदुमन जैन, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा गौतम सिवाच, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा कुलबीर बजरंगी, गजेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, संजय नामदेव, विनोद प्रजापति, रवि चौधरी, मनोज शर्मा, विनोद जैन, अक्षय गुप्ता संजय अहलावत, मनोज अहलावत, नीरज, विनीत गुर्जर, नारायण सिंह, अनिल चौहान, डॉक्टर धनेश शर्मा, अमित प्रधान, अवनीश, अमित चौधरी सहित समस्त मंडल कार्यकारिणी सदस्यों उपस्थित रहे।



# 10 से 25 सितंबर के मध्य होगा राशन का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन, लखनऊ के पत्र के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह सितम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण दिनांक 10 सितम्बर 2025 से 25 सितम्बर 2025 के मध्य निःशुल्क वितरण कराए जाने के निर्देश निर्गत किये गये है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत जनपद में अन्त्योदय अन्न योजना के समस्त राशनकार्डो पर प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहू व 21 किग्रा. फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किग्रा.) खाद्यान्न एंव पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्डधारकों/लाभार्थियों को 2.0 क्रिग्रा. गेहूं एंव 3.0 किग्रा फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 किग्रा) खाद्यान्न एंव अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर, 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रति 18 रुपये प्रति किग्रा की दर से 54 रुपये में वितरण वितरण किया जायेगा। कार्डधारको को खाद्यान्न गेहूँ चावल के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, उक्त अवधि में ई-पोस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न के वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 25 सितम्बर 2025 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा भी उपलबध रहेगी।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक,**
**उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, मेरठ।**

पत्रांक: 4504/मेरठ/क्षे.प्र./जी-पार्किंग-भैसाली/विज्ञप्ति/ 25/दिनांक: 08.09.2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भैसाली बस स्टेशन मेरठ पर पार्किंग ठेका हेतु ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैं। पार्किंग का क्षेत्रफल 770 वर्ग मीटर, आरक्षित मूल्य रु. 1,58,800/- प्रति माह (जी.एस.टी अतिरिक्त), टेण्डर फीस रु. 590 जी.एस.टी. सहित, टेण्डर डाउनलोड करने की तिथि 09.09.2025 समय 12:00 बजे से, टेण्डर अपलोड करने की अन्तिम तिथि 25.09.2025 समय 13:00 बजे तक, तकनीकी बिड खोलने की तिथि 25.09.2025 समय 14:00 बजे। निविदा की पूर्ण शर्तें निविदा फार्म के साथ उपलब्ध हैं एवं उ.प्र. राज्य की वेबसाईट etender.up.nic.in एवं परिवहन निगम की वेबसाईट tender@upsrtc.com पर भी देख सकते हैं।

**-क्षेत्रीय प्रबन्धक, मेरठ।**

# बुखार के चलते युवक की मौत, दर्जनों लोग बीमार

## बीमारी ने जूझ रहे बुखार पीड़ितों ने की स्वास्थ्य विभाग से गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बुखार के चलते एक 38 वर्षीय युवक की मौत हो गयी, जबकि दर्जनो लोग बुखार से पीड़ित है। कस्बें के लोगो ने स्वास्थ्य विभाग से कस्बें में स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग की है।



रटौल निवासी 38 वर्षीय तोकीर पुत्र वकील को पिछले तीन दिनो से बुखार आ रहा था, जिसका ईलाज पहले निजि चिकित्सक के यहा चल रहा था। बाद में परिजनों ने उसे खेकड़ा एक चिकित्सक को दिखाया जहा आराम न मिलने पर उसे मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी, जिससे परि. जनों में कोहराम मच गया। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है। मृतक के भाई शारिक ने बताया कि वह तीन दिन से बुखार से पीड़ित था। कस्बें के लोगो का कहना है कि कस्बें में दर्जनों लोग बुखार से पीड़ित है। लोगो ने स्वास्थ्य विभाग से गांव मे स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग की है। खेकड़ा चिकित्सक प्रभारी डा. ताहिर ने बताया कि उन्हें जानकारी नही है टीम भेजकर जांच कराई जायेगी। रटौल के अलावा चांदीनगर क्षैत्र के अब्दुलापुर मेवला में भी बुखार का प्रकोप बढता जा रहा हो जहा शना पुत्री शराफत,फैजान, आयान, सुहान, नसरीन पत्नी जाकिर, रेशमा पत्नी नईम, राशिदा पत्नी मनव्वर, अजहर पुत्र फरमान, जुबैर पुत्र अबरार, गुलशन पत्नी अहशान व फरमान सहित लोग बुखार से पीडित है। गांव के लोगो ने स्वास्थ्य शिविर लगवानें कि मांग की है।









# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** 4 सितंबर को दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एलएलबी छात्र अंकुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई मोनू की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हत्या में शामिल आरोपी विनय उर्फ बिच्छू की गिरफ्तारी पर एसपी सूरज कुमार राय ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। बागपत कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने चैकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का इशारा किया। संदिग्ध भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया और मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संतोषपुर बागपत निवासी विनय उर्फ बिच्छू के रूप में हुई। उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोतवाली में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## निःशुल्क सिलाई कढ़ाई पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चौधरी हरलाल मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा खैला गांव में निःशुल्क सिलाई कढ़ाई पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बसंल, विशिष्ट अतिथि आकाश त्यागी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। शिविर का उद्घाटन मनुपाल बसंल, आक. ाश त्यागी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट रणवीर चौ.ने सभी अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मनुपाल बसंल ने कहा कि बेटियां घर की शान होती है उनके द्वारा समाज को जागृति मिलती है। विशिष्ट अतिथि आकाश त्यागी ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है और आगे बढ़ रही है और अपने माता पिता का नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर टीना चौधरी, इति चौधरी, विनोद तंवर, ऋषिपाल तंवर, वीरपाल प्रधान, सोनू, निशा, अनिल त्यागी, रेखा, हनी त्यागी, आंचल और आशु आदि उपस्थित रहे ।

## चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने 9 घंटे की पैरोल पर आया राजू खट्टा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर निवासी 50 वर्षीय अशोक पुत्र रामबीर व 40 वर्षीय अमरपाल पुत्र रामसहाय दोनो पडौसी थे। सोमवार सुबह दोनो बाईक पर खाद के कटटे लेकर खेत पर जा रहे थे। दोनो के खेत भी आस पास थे जब वह खट्टा प्रहलादपुर में खाद गोदाम के समीप पहुंचे तो तभी एक बच्चा बाईक के सामने आ गया था जिससे बचाने के प्रयास में वह समीप की आ रहे ट्रेक्टर से भिड़त हो गयी थी, जिससे दोनो सड़क किनारे जा गिरे थे और गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। राहगीरों ने देखा तो तुरंत उनके पास पहुंचे थे। वही उनके परिजनों को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही दोनो के परिजन मौकें पर पहुंचे और घायल अवस्था में दोनो को मेरठ के केएमसी अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहा डाक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था जिससे परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक अशोक का भतीजा राजू खट्टा वर्तमान में जेल में बंद है और वह परिवार का मुखिया भी है। परिजनों ने कोर्ट में दरखास्त दी की राजू को अन्तिम संस्कार में शामिल होने दिया जाये। कोर्ट से मंजूरी के बाद राजू खट्टा 9 घटें की पैरोल पर गांव पहुंचा और परिवार के दुख में शामिल हुआ।



## एक नजर

### कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** मंगलवार को एक किसान सरदार सिंह ग्राम कुर्ड़ी थाना छपरौली द्वारा एक प्रार्थना पत्र एसडीएम भावना सिंह को दिया गया, जिसमें उन्होने कहा कि ग्राम कुर्डी खादर में खसरा 253, 254, 255, 255, 257 में ग्राम प्रधान सिविल कोई बागपत में बाद सख्या 255 चल रहा है। 253 इकवाल कटारा के खसरा में जबरदस्ती शमशान घाट वता रहा उसका भी वाद न्यायालय में चल रहा व धारा 24 का मुकदमा भी दर्ज होने के कोई सुनवाई नहीं हो रही। ग्राम प्रधान अदालत की अवमानना कर रहा है। व खादर पटवारी, कानूनगो भी पैमाइस नहीं कर रहे है। कोई अधिकारी निर्माण कार्य रुकवा रहा है। उन्होंने एसडीएम से गुहार लगाते हुए इस समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा।

# मैं हार नहीं मानूँगी और कुछ कर दिखाऊँगी: आकांक्षा

## जिलाधिकारी ने ट्राइसाइकिल वितरित कर किया उनके भविष्य के लिए मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल के सहयोग और मार्गदर्शन से आकांक्षा ने अपनी तकलीफों और चुनौतियों का डटकर सामना किया और अब रोजगार पाकर जीवन में नई शुरुआत करने जा रही हैं।

दो साल पहले एक भयानक सड़क हादसे ने आकांक्षा शर्मा के जीवन को पूरी तरह बदल दिया। इस हादसे में उन्होंने अपने पिता को खो दिया और खुद दिव्यांग हो गईं। उस समय उनकी बैंक की नौकरी भी चली गई और जीवन की राह में अकेलापन उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया। परिवार में उनकी मां, उर्मिला शर्मा, ही उनका एकमात्र सहारा थीं, जबकि भाई-बहन की शादी हो चुकी थी। हादसे के समय



आकांक्षा कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रहीं और डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। इन दो वर्षों की अवधि में कठिन परिस्थितियों और सामाजिक तानों के बावजूद उनका हौसला कभी टूटने नहीं पाया। लोग कहते थे, अब तुम कुछ नहीं कर पाओगी, लेकिन आकांक्षा ने अपने मन में ठान लिया कि मैं हार नहीं मानूँगी और कुछ कर दिखाऊँगी। रोजमर्रा की सुविधाओं की कमी, रोजगार के सीमित अवसर और समाज की नकारात्मक सोच के बीच उन्होंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी। हाल ही में आकांक्षा ने दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम में ट्राइसाइकिल के लिए आवेदन किया। यही वह अवसर था जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने ट्राइसाइकिल वितरित करते हुए उनसे पूछा कि उन्हें क्या सहयोग चाहिए और उनके भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी किया। जिलाधिकारी ने प्रेरित करते हुए उनसे सीवी जमा करने को कहा जिसके आधार पर स्थानीय उद्योगों में रोजगार के अवसरों की तलाश की गई। यह पहल आकांक्षा के लिए विश्वास और उम्मीद की नई राह बन गई।

# आकांक्षा ने नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अपने संघर्ष का फल पाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।**जिलाधिकारी के मार्गदर्शन और प्रशासनिक समर्थन के बाद आकांक्षा का प्रोफाइल स्थानीय उद्योगों में भेजा जिसमें सिसाना स्थित आकृति ज्वेलक्राफ्टज़ उद्योग से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इंटरव्यू की प्रक्रिया उनके लिए चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन उनका आत्मविश्वास और पूर्व की नौकरी का अनुभव रंग लाया और आज आकांक्षा ने नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अपने संघर्ष का फल पाया। खुशी और गर्व के इस पल में आकांक्षा ने कहा कि मैं ट्राइसाइकिल लेने आई थी, लेकिन जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मुझे रोजगार भी दिला दिया और अब मैं जीवन में आगे बढ़ने के लिए िर एक बार तैयार हूँ। जिला. धिकारी की संवेदनशीलता और सक्रियता ने साबित कर दिया कि हमारे छोटे प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने आकांक्षा को स्वावलंबी बनने और समाज में अपनी पहचान बनाने का अवसर भी दिया। आकांक्षा अब अपने परिवार की मदद करने, आगे बढ़ने और नए सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित हैं। उनका संघर्ष और सफलता समाज के लिए संदेश है कि दिव्यांग व्यक्ति भी जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह कहानी उन सभी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए प्रेरणा है जो रोजमर्रा की कठिनाइयों और सामाजिक बाधाओं का सामना कर रहे हैं। सही समर्थन, संवेदनशील नेतृत्व और आत्मविश्वास से हर कोई अपने सपनों को साकार कर सकता है।

# शिक्षक दिवस व राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस का समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना व स्वागत गीत से हुआ। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत व भाषण प्रस्तुत कर अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर डा. जेस्सी जोस ने शिक्षकों की भूमिका व महत्व पर प्रकाश डालते हुए विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। योगा में 11 स्वर्ण पदक विद्यालय की योगा टीम ने क्षेत्रीय स्तर पर 11 स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। निहाल सांगवान, कार्तिक जैन, लक्की पूनिया, तेजस देव, अंश नैन, वंशिका चौहान, माही चौहान और यशिका भारद्वाज राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए। ताइक्वांडो में ओवरऑल चापियन ( मेरठ ज़ोन की ताइक्वांडो टीम, जिसमें विद्यालय के यथार्थ, हर्षिता, हुज़ैफ़ा, लक्की वत्स, शिवांग, हर्षित धनकड़ और कृष सांगवान शामिल रहे, ने 7 स्वर्ण, 4 रजत व 8 कांस्य पदक हासिल किए। कार्यक्रम में सुदेश, विपिन, अंकित, धनंजय , अभय, शालिनी, दीप्ति आदि का योगदान रहा।

# जागौस में यमुना नदी का कटान रोकने का काम जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में यमुना नदी के किनारे पानी की रोकथाम को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने युमना नदी के किनारो पर पत्थरों को डालकर पानी का रूख मोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियोंने बताया कि गांव के लोगों की मांग को लेकर यमुना नदी के किनारो पर पत्थर लगाकर पानी की रोकथाम की जा रही है। इसी के साथ-साथ बांस बल्ली प्लास्टिक के बोरों में मिट्टी भरकर कटान को रोका जा रहा है। भारी संख्या में मजदूर इस कार्य में लगा दिए गए है, वही गांव के लोग भी मजदूरों के साथ मिलकर इस कार्य क्षेत्र में अपना सहयोग दे रहे हैं। जागौश गांव के कपिल त्यागी प्रवीण त्यागी अमित त्यागी पप्पू शर्मा इंतजार खान बाबू खान मोनू शर्मा सोनू शर्मा दिनेश शर्मा धर्मपाल शर्मा आदि ने बताया कि मजदूरों के साथ मिलकर गांव के लोग भी उनका सहयोग तन मन से कर रहे हैं। मजदूरों को किसी प्रकार की भी कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सभी मजदूर दिन रात काम कर रहे हैं। अधिकारी भी उनके साथ कार्य में लगे हुए हैं। एसडीएम भावना सिंह लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में दौरे पर हैं। तहसीलदार नायब तहसीलदार कानून को लेखपाल अन्य लोग भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यमुना नदी के पास बाढ़ चौकी बनाकर जमे हुए हैं। इस दौरान चल रहे कार्य की जानकारी जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल को अवगत कराई जा रही है। जिलाधिकारी भी तीन बार जागौश गांव में यमुना नदी का दौरा किया है। सांसद डा.राजकुमार सांगवान, विधायक अजय कुमार, राज्य मंत्री केपी मलिक भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय आदि ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा।



# बागपत के ब्राह्मण समाज के लोगों का मेरठ में हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** अखिल भारतवर्ष ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में मेरठ के चौ.चरण सिंह यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की बैठक ब्राह्मण शिरोमणि मेरठ गाजियाबाद क्षेत्र के एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अखिल भारतवर्ष ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज के नेतृत्व में बागपत के लोगों का फुल मालाओं के साथ प्रतीक चिन्ह देखकर उनका सम्मान समारोह किया गया।

इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज ने कहा कि ब्राह्मणों के सम्मान में चिन्मय भारद्वाज मैदान में मौजूद हैं और रहेगा भी ब्राह्मण समाज के प्रत्येक वर्ग को अपने घर में भगवान



परशुराम की प्रतिमा पर रोजाना पूजा अर्चना करनी चाहिए। महिमा के पर बागपत जनपद के ब्राह्मण समाज के लोग सम्मान पाकर गदगद हो गए। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा.बीपी शर्मा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं को भी युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पं.शिव मोहन भारद्वाज मुख्य अतिथि एमएलसी पं.धर्मेंद्र भारद्वाज संगीता, अमित शर्मा भूदेव शर्मा अश्वनी शर्मा राजरानी शर्मा अरुण, विकास शर्मा जितेंद्र शर्मा सुमित शर्मा अंकित शर्मा आनंद शर्मा अनुराग शर्मा एड.ईश्वर चंद्र योगेश शर्मा तरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय पर आगामी चुनावों को लेकर बनी रणनीति

**टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता और चिकित्सा परीक्षण शिविर जैसे सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जाता है। कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने, यही भाजपा की सामूहिक संकल्पना है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने ही देश में बदलाव लाने का कार्य किया है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा भाव से पार्टी संगठन के लिए कार्य करता है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान जनसेवा और रचनात्मक कार्य है। जो अन्य दलों के कार्यकर्ताओं में नहीं है। उन्होंने एमएलसी चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अभी से चुनाव की तैयारीयों में जुट जाएं। वह हर घर तक, हर मतदाता, तक जाए। हर शिक्षक, हर छात्र, हर किसान तक राज्य व केंद्र की सरकार की योजनाओं को को पहुंचाने का काम करें, भारत की आस्था गांव में बसती है, इसलिए हमें जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत चुनाव में मेहनत से काम करना है। पंचायत चुनाव की तैयारी में हमें बूथ स्तर से जुटना होगा। उन्होंने कहा संगठन के समग्र परिश्रम से

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सौरभ से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

राधा पत्नि स्व.सुनील कुमार निवासी काशीराम आवास ब्लॉक 19 खेकड़ा थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र वकील व उसकी पत्नि नाजिस से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कपिल पुत्र अब्दुल रहीम निवासी मौहल्ला मुगलपुरा कस्बा व थाना बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मोईन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

रहीश खा पुत्र समसुदीन निवासी ग्राम बिलोचपुरा थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

## मैं अभी जिंदा हूं, मरा नहीं है डीएम मैडम



**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** बड़ौत तहसील के टयोढ़ी गांव के एक दिव्यांग व्यक्ति को सरकारी कागजों में मृत दिखाकर उनकी पेंशन रोक दी गई है। प्रकाश सिंह नाम के इस दिव्यांग व्यक्ति को पिछले 8 महीने से 1000 रुपये की मासिक पेंशन नहीं मिल रही है।

प्रकाश सिंह ने डीएम अस्मिता लाल से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने डीएम से कहा, मैडम, मैं अभी जिंदा हूं, मरा नहीं हूं। प्रकाश ने बताया कि तबीयत खराब होने के कारण वह कुछ समय तक पेंशन लेने नहीं जा पाए। जब वह पेंशन लेने पहुंचे, तो अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रकाश की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। उनकी पेंशन बहाल करने के लिए वह कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह पहला मामला नहीं है जब बागपत में किसी जीवित व्यक्ति को सरक. ारी कागजों में मृत दिखाया गया हो।

# धीरज उज्जवल ने जयन्त चौधरी को सौंपा एक लाख का चैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को राष्ट्रीय लो. कदल के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय राज्य मंत्री जयन्त चौधरी को बाढ़ पीड़ितो के लिए राहत कोष मे आज दिल्ली में जयन्त चौधरी से मिलकर एक लाख का चेक सौपा।

इस अवसर पर जयन्त चौधरी ने कहा कि हर किसी को बाढ़ पीडितो की मदद करनी चाहिए। हम सब मिलकर इस मुश्किल घडी में बाढ़ पीडितो का साथ दे और उनकी मदद के लिये हाथ बढ़ाए। इस अवसर पर चौ.जयन्त सिंहने कहा कि पंजाब हरियाणा और उत्तर प्रदेश मैं राष्ट्रीय लोकदल का एक प्रतिनिधिमंडल जाएगा जिसमें सांसद चंदन चौहान सुखबीर सिंह गठीना और धीरज उज्जवल के साथ



और नेता व कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों के नुकसान का जायजा लेगे और अपनी रिपोर्ट चौधरी जयन्त सिंह को सौपेगे। धीरज उज्ज्वल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल पीडितो के साथ खडा है और उनकी मदद के लिये निरन्तर प्रयासरत है। धीरज उज्जवल ने कहा कि वर्तमान समय में सभी सक्षम कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए वर्तमान समय में बाढ़ की स्थिति बहुत भयानक है। जनता का बहुत नुकसान हो रहा है। इससे पूर्व बाढ़ की भयानक स्थिति को देखते हुए रालोद नेता धीरज उज्जवल ने बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए जिलाधिकारी बागपत को 51 हजार रुपये का चेक सौपा। इससे पहले धीरज उज्ज्वल ने सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए राहत कोष में आर्थिक सहयोग किया था। कोरोना काल में भी धीरज उज्जवल द्वारा बहुत सहयोग किया गया। इस अवसर पर गौरव तोमर बडौली ने 51हजार का चैक बाढ़ पीडितो की मदद के लिये चौधरी जयन्त सिंह को दिया। इस अवसर पर राजू तोमर सिरसली लेखराज प्रधान आदि मौजूद रहे।

# गंदे पानी में पैदल उतरकर जनता से रूबरू हुए डीएम

## जनता को समस्या के समाधान का डीएम ने दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के गढ़ रोड पर जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए डीएम अभिषेक पांडेय ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। सोमवार को स्थानीय निवासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन और सड़क जाम किए जाने के बाद, मंगलवार सुबह डीएम ने खुद भीमनगर, न्यू भीमनगर और गिरधारी नगर जैसे इलाकों का दौरा किया।

डीएम अभिषेक पांडेय, एसडीएम सदर ईला प्रकाश के साथ, प्रभावित गलियों और सड़कों पर दूषित पानी से होकर पैदल चले और स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं। स्थानीय लोगो ने उन्हें बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश के बिना भी पानी जमा हो जाता है, जिससे उनके जीवन में काफी मुश्किलें आ रही हैं। गलियों और घरों में जमा इस गंदे पानी से संक्रामक रोगों और मच्छरों का खतरा बढ़ गया है, जिससे विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों ने डीएम के इस कदम की सराहना की और अपना आभार व्यक्त किया। डीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने और इस पर तुरंत काम



करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो।

# अवैध प्लाटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोज़र, भू-माफियाओं में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम ने पिलखुना विकास क्षेत्र में दो स्थानों पर अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में अफरा तफरी मची रहीं। प्राधिकरण की टीम ने पिलखुवा के गांव ढबारसी में रोबिन सिंह व दफेदार खान की 18,000 वर्ग मीटर, नीरज चौधरी की 7,500 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया गया। सभी स्थानों पर मानचित्र स्वीकृत नहीं था।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा. नीतिन गौड़ ने बताया कि जिले में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही



है। अवैध निर्माण को तोड़कर ध्वस्त किया जाएगा। किसी भी हाल में अवैध निर्माण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन राज सिंह, अवर अभियन्ता जीतेन्द्र नाथ दूबे एवं प्राधिकरण का सचल दस्ता शामिल था।

# लाखों रुपये की चोरी का हुआ खुलासा, पुलिस ने महिला सहित दो को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कहते हैं ना घर का भेदी लंका ढाए यह कहावत धौलाना थाना क्षेत्र के गांव पिपलेड़ा निवासी एक पुत्रवधू पर सटीक बैठती है। जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही ससुराल में चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। मामला जनपद हापुड़ के थाना धौलाना क्षेत्र के गांव पिपलेड़ा का है। जहाँ पुलिस ने एक घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक महिला और उसके आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्ज़े से 1,97,500 रुपये नकदी करीब 6 लाख रूपये के सोने व चांदी के आभूषण बरामद किए है। एएसपी विनीत भटनागर ने पुलिस कार्यालय पर प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि 19 अगस्त की रात धौलाना थाना क्षेत्र के गांव पिपलेड़ा में एक घर में चोरी होने का मामला सामने आया था संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। पुलिस ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए और सीसीटीवी फुटेज आदि की जाँच की। जैसे-जैसे पुलिस की जांच आगे बड़ी वैसे ही चोरी की घटना का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया की चोरी करने वाला शख्स कोई और नहीं बल्कि घर की ही पुत्रवधू है। जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई और वारदात को अंजाम भी दिया। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार महिला फरहीन वादी की पुत्रवधू है। फरहीन का आरोपी वाहिद से करीब डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने मिलकर




चोरी की योजना बनाई और चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए वादी की पुत्रवधू फरहीन पत्नी इसराईल और वाहिद पुत्र जमीर निवासी गांव पिपलेड़ा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1,97,500 रुपये की नकदी, सोने के आभूषण हार, चौन कंगन, अंगूठी लेड़ीज, झुमकी टॉक्स, पैड़ल, नथनी बड़ी छल्ला, नाक की लौंग, बाली, झूमर माथे और चांदी के आभूषण पाजेब, अंगूठी नग वाली, चुटकी, हाथ के कढे, बच्चे की अंगूठी, कंगन, गले का हार, चौन पैड़ल, हाथ फूल, अंगूठी, हाथ की दो घड़ी बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

# जीएस यूनिवर्सिटी ने चिकित्सा जगत के 1500 से अधिक विशेषज्ञों को दिया मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस यूनिवर्सिटी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित सेल्सिन्ज़कॉन वैश्विक सम्मेलन और कार्यशाला की सफलतापूर्वक सह-मेजबानी की है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में सोसाइटी ऑफ एंडोस्कोपिक एंड लैप्रोस्कोपिक सर्जन्स ऑफ इंडिया के साथ मिलकर, यूनिवर्सिटी ने चिकित्सा जगत के 1500 से अधिक विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया।

यह सम्मेलन तीन चरणों में आयोजित किया गया था। पहले दिन, जीएस यूनिवर्सिटी के हापुड़ कैंपस में रोबोटिक, लेजर, लैप्रोस्कोपी, एंडोस्कोपी और वैस्कुलर सर्जरी पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं। यहाँ युवा चिकित्सकों को आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराया गया। दूसरे दिन, देश के अलग-अलग हिस्सों से आए सर्जनों ने जटिल सर्जरी का प्रदर्शन किया, जिसका सीधा प्रसारण भारत मंडपम में किया गया। इससे प्रतिभागियों को आधुनिक सर्जिकल पद्धतियों का सीधा अनुभव मिला। तीसरे दिन, स्त्री रोग, कैंसर उपचार, न्यूनतम चीरा वाली सर्जरी और भविष्य की स्वास्थ्य तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान, 206 लैप्रोस्कोपिक सर्जनों और गायनोकोलॉजिस्टों को फेलोशिप और सदस्यता प्रदान की गई। यह सेलसी के इतिहास में पहली बार हुआ है जब इतने बड़े पैमाने पर चिकित्सकों ने भाग लिया हो और इतनी अधिक फेलोशिप प्रदान की



गई हों। जीएस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गंगा सरन शर्मा ने इस आयोजन को विश्वविद्यालय के लिए एक गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल सर्जनों की दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि आसपास के लोगों को भी आधुनिक चिकित्सा का लाभ मिलता है। उन्होंने इस सफल आयोजन का श्रेय डा. रूपाली शर्मा, डा. मधुबाला और डा. भास्कर सहित पूरी टीम को दिया। इस आयोजन में प्रो. डा. एमसी मिश्रा पूर्व निदेशक, एम्स, डा. वीरेंद्र कुमार बंसल एम्स और प्रो. डा. एसडी मौर्य सचखंड अस्पताल, आगर जैसे कई जाने-माने विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

# किसी भी रूप में बनीं फर्जी वोट कटवाएंगे कांग्रेसी

**ाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को किसी भी रूप में बनीं फर्जी वोट कटवाने के साथ ही संगठन को मजबूत करतें हुए घर घर जाकर पार्टी की नीति गिनाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की किलताओं का प्रचार प्रसार करने का संकल्प दिलाया गया।

गढ़ चौपला स्थित मुसाफिर खाने में मंगलवार को कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें पश्चिमी जोन प्रभारी एवं पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से भाजपा द्वारा वोट चोरी करते हुए बेइमानी से अपनी सरकार बनाने का आरोप लगाया। दानिश अली ने कार्यकर्ताओं को पूरी तरह एकजुट रहकर वोट चोरी रोकने के लिए किसी भी रूप में बनीं फर्जी वोट कटवाने के साथ ही संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया।

जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर कांग्रेस की जन कल्याणकारी नीतियां गिनाते हुए भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की किलता उजागर करने का संकल्प दिलाया। जिला संगठन प्रभारी अवनीश काजला ने भाजपा पर समाज में नफरत का जहर घोलकर अपना राजनीतिक स्वार्थ साधने का आरोप लगाया। गांव बदरखा निवासी शाकिर अली को जिला महासचिव का दायित्व भी सौंपा गया। पूर्व प्रदेश सचिव डा.शुएब, पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष डा.फराहीम, ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र त्यागी, त्रिनेत्र गोयल, संजीव शर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए प्रशिक्षण शिविर के दौरान नेताओं के बीच आपस में चल रही गुटबाजी की हकीकत भी खुलकर सामने आ गई। पूर्व जिलाध्यक्ष समेत संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी प्रशिक्षण शिविर से पूरी तरह नदारद दिखाई दिए। आदर्श गंगा तीर्थ पुरोहित सभा के अध्यक्ष पंडित राजकुमार लालू के नेतृत्व में समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली को गढ़ गंगानगरी में आने पर गंगाजली देकर अभिनंदन किया।

# एंबुलेंस में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** 108 एम्बुलेंस सेवा ने एक बार फिर अपनी त्वरित और जीवन रक्षक सेवाओं का प्रदर्शन कर रास्ते में ही एक गर्भवती महिला की सुरक्षित डिलीवरी करवाई। बच्चे के जन्म के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं महिला के परिजन ने स्टाफ की जमकर प्रसंसा की है।

जानकारी के मुताबिक बहादुरगढ़ के गांव चांदनेर निवासी महताब अली की पत्नी रोशनी को प्रसव पीड़ा के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल लाया जा रहा था। रास्ते में ही उनकी स्थिति बिगड़ गई। हालात देखकर ईएमटी उमा रानी और पायलट धर्मेंद्र ने आशा बीना के सहयोग से एम्बुलेंस के अंदर ही प्रसव प्रक्रिया को संभाला। टीम की तत्परता और कुशलता से महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद मां और नवजात को सुरक्षित सिविल अस्पताल मोहाली पहुंचाया गया। वहां दोनों की हालत ठीक बताई जा रही है। एम्बुलेंस सेवा के अधिकारी सौरभ कुमार ने टीम की सराहना कर कहा कि यह सफलता ईएमटी की पेशेवर ट्रेनिंग और त्वरित प्रतिक्रिया का नतीजा है।

## ट्रेन की चपेट में आकर हुई युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव बदरखा के निकट रेलवे लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव छत विछत शव पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार रात को कोतवाली पुलिस गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि गांव बदरखा के निकट रेलवे लाइन पर एक युवक का छत विछत शव पड़ा हुआ है। शव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी शिनाख्त का प्रयास करते हुए उसके आस पास दस्तावेज आदि की जांच की, लेकिन मृतक की शिनाख्त हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**एक नजर**

## गांजे की तस्करी करने जा रहा तस्कर गिरफ्तार, अवैध गांजा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने गांजे की तस्करी करने जा रहे एक गांजा तस्कर को चैकिंग के दौरान गिरफ्तार कर उसके जिसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ठण्डी सडक मदरसे के पास चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में गांजा तस्कर की पहचान जीशान पुत्र शमशाद निवासी मौहल्ला मिर्धापाडा थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किया गया गांजा तस्कर एक शातिर किस्म का गांजा तस्कर है जिसके खिलाफ गांजे की तस्करी के कई आपराधिक मामले दर्ज है। गांजा तस्कर क्षेत्र में गांजे की तस्करी करने के लिए जा रहा था जिसको पुलिस ने धर दबोचा है। फिलहाल पुलिस में गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद कर लिया है और पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने दिया तीन तलाक, पीड़िता पहुंची एसपी दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को उसके पति द्वारा तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट समेत के गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी से मामले की शिकायत की है। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी वर्ष 2012 में नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी पीड़िता के माता पिता ने करीब 10 लाख रूपये खर्च किये थे, परन्तु शादी में दिये गये सामान से पति समेत ससुराल पक्ष के लोगो को पसन्द नही आया और कम दहेज का ताना देकर वैगनकार कार व 5 लाख रूपये नकद की मांग करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग करते हुए मानसिक और मारपीट कर शारीरिक उत्पीडन करते रहे तथा कई बार बच्चो सहित मारपीट कर घर से निकाल दिया, लेकिन अपने रिश्ते को बचाये रखने के लिए इनके उत्पीडन को सहन करती रही, लेकिन हर बार दोबारा दहेज ना मांगने और इस बाबत मारपीट न करने का आश्वासन देकर ले जाते थे और दोबारा दहेज ना मांगने और मारपीट ना करने के लिए 10 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भी लिखित में फैसला नामा लिखा गया बावजूद उसके दहेज़ कि मांग लगातार जारी रही। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता को बिजली का करंट लगाकर लगाकर जान से मारने का प्रयास किया। आरोप है कि पीड़िता का पति 29 अगस्त की रात गैर मर्द को लेकर घर पर आया और उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाया। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पीड़िता ने पति ने तलाक, तलाक, तलाक कहकर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने एसपी दरबार पहुंचकर पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तो वहीं एसपी ने पीड़िता को संबंधित मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## नौकरी के नाम पर हड़पे डेढ़ लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी युवक ने पड़ोसी गांव निवासी युवक पर साले की विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी नाजिम ने बताया कि उसके पड़ोसी गांव निवासी युवक ने उसके साले शाहरुख अली निवासी गांव सरावनी की सऊदी में नौकरी लगवाने की बात कहीं। इसके लिए उसने डेढ़ लाख रुपये का खर्चा बताया। वह उसकी बातों में आ गया और साले की नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये दे दिए गए। इस दौरान आरोपी ने उसके साले को गाड़ी चालक के पद के बजाए मजदूर के काम पर भेज दिया। वहां से दो माह बाद उसका साल वापस आ गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने फर्जी पासपोर्ट भी बना दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में हुआ एक दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में पीडीआई समितियों के सदस्यों, सचिवों और जनपद स्तरीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एलएसडीजी की नौ थीमों के अनुरूप विभिन्न सरकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल करना है, ताकि इन योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक गाँव स्तर पर पहुँच सके। जिला विकास अधिकारी ने सभी विभागीय प्रमुखों को निर्देश दिया कि वे पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स इंडीकेटर्स की लगातार समीक्षा करें और उन्हें अपडेट करते रहें। प्रशिक्षण के दौरान, जिला परियोजना प्रबंधक मुनीब ने पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के इंडिकेटर्स के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर ने एलएसडीजी की नौ थीमों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा. दीपक सिंह, वरिष्ठ फैकल्टी और सह-प्रबंधक हापुड़ ने किया। प्रशिक्षण के अंत में, जिला विकास अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर कई मास्टर ट्रेनर और अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में हुई समर्थ व विकसित उत्तर प्रदेश अभियान की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान की शुरुआत हुई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों से सीधे सुझाव लेकर उत्तर प्रदेश को 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने के लिए एक प्रभावी विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना है।

इस विशेष कार्यशाला में जिले के नोडल अधिकारी और प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, अजय चौहान, सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। उन्होंने डॉक्टर, प्रोफेसर, नर्सिंग स्टाफ और विद्यार्थियों जैसे विभिन्न वर्गों के लोगों से सीधे बातचीत की और उनके बहुमूल्य विचार सुने। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने लोगों से अपील की है कि वे अपने सुझाव ऑनलाइन पोर्टल या सूचना सेतु ऐप के माध्यम से साझा कर सकते हैं। क्यूआर कोड स्कैन करके भी सुझाव दर्ज किए जा सकते हैं। इस अभियान में समाज के हर वर्ग, विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उद्यमी, और श्रमिक की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सरकार इन सुझावों के आधार पर एक विजन डॉक्यूमेंट बनाएगी जो अर्थशक्ति, सृजनशक्ति और जीवनशक्ति की तीन प्रमुख थीम पर केंद्रित होगा। इस डॉक्यूमेंट में 12 प्रमुख सेक्टर, जैसे कृषि, औद्योगिक विकास, आईटी, पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा, शामिल होंगे। यह अभियान 5 सितंबर से 5 अक्टूबर,



2025 तक चलेगा, जिसमें ग्राम पंचायत और विकास खंड स्तर पर भी गोष्ठियाँ आयोजित की जाएँगी ताकि सभी नागरिक आसानी से अपने विचार साझा कर सकें। सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने भी लोगों से इस पहल में हिस्सा लेने की अपील की है।

# प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज कर कोतवाली पहुंची युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सर मैं नगर के मोहल्ला की रहने वाली हूं, मैंने बालिग होने पर अपने प्रेमी से शादी कर ली है। अब मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। लेकिन, मेरे परिवार के लोग खुश नहीं हैं। यह बातें अपने प्रेमी के साथ पहुंची युवती ने पुलिस को बताई। पुलिस ने दोनों के परिजन को कोतवाली बुलाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान युवक और युवती वहां पहुंचे। कोतवाली पहुंचने का कारण पूछने पर युवती ने बताया कि वह नगर के मोहल्ले की निवासी है। वह बुलंदशहर जनपद के गांव निवासी युवक से काफी समय से प्रेम करती है, लेकिन उसके परिवार के लोग शादी करने के लिए तैयार नहीं हुए। इसके कारण उसने परिजनों की बिना रजामंदी के युवक के साथ कोर्ट मैरिज कर ली। युवती का कहना है कि परिजनों ने युवक पर अपहरण का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी हुई है। वह और उसका प्रेमी बालिग हैं और दोनों ने आपसी रजामंदी से शादी की है। इसके बाद युवती ने पुलिसकर्मियों को कोर्ट मैरिज के दस्तावेज भी दिखाए। दस्तावेज का अवलोकन कर कोतवाली पुलिस ने दोनों के परिजनों को बुला लिया। कोतवाली पुलिस का कहना है कि युवक-युवती और उनके परिजनों से वार्ता कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने बताया कि मंगलवार की सुबह को वह बाहर गया था। पत्नी काम कर रही थी। इसी दौरान देखा कि उसकी 16 वर्ष की बेटी घर से बाहर के लिए गई। काफी देर तक जब उसकी बेटी घर नहीं आई तो उनको चिंता हुई। परिजन ने बेटी को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी को गांव निवासी युवक बहला फुसला कर ले गया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध गैस सिलेण्डर की सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, 137 अवैध गैस सिलेण्डर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात व यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा मे अवैध एलपीजी सिलेण्डर बरामद किए है। पुलिस के मुताबिक देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता और यातायात प्रभारी छविराम और पूर्ति विभाग की टीम द्वारा बाईपास मेरठ रोड पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गाजियाबाद से हापुड़ की तरफ से पुलिस को दो छोटा हाथी वाहन आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब वाहन को रोककर जांच पड़ताल की तो इस दौरान दो छोटा हाथी गाडी मे भरे 137 अवैध एलपीजी सिलेण्डर बरामद हुए है। पुलिस ने तुरंत वाहन



चालकों को हिरासत में ले लिया और सिलेंडर अपने कब्जे में ले लिए। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया हापुड बाईपास मेरठ रोड पर थाना देहात व यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने चैकिंग कर रहीं। उसी दौरान अवैध एलपीजी सिलेण्डर की सप्लाई करने वाले गिरोह दो सदस्यो को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो छोटा हाथी गाडी मे भरे 137 अवैध एलपीजी सिलेण्डर बरामद किए है। आरोपियों की पहचान रामप्रवेश पुत्र लटूरी सिंह निवासी भगत विहार करावल नगर दिल्ली, रामगोपाल पुत्र डोरीलाल निवासी मौहल्ला खोडा कॉलोनी जनपद गाजियाबाद के रूप मे हुई है। जिनके खिलाफ विधि कार्रवाई की गई है।

# बीस हजार की रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल गिरफ्तार

## किसान से मां के नाम की जमीन का चक एक जगह करने को मांगी थी रिश्वत, एंटी क्रप्शन ने पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मां के नाम जमीन को भी अपने चक में शामिल करने के मामले में किसान से बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल को एंटी क्रप्शन टीम ने रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी लेखपाल उत्तम बालियान हसनपुर तहसील में तैनात है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के की ग्राम पंचायत जेबड़ा के मझरा बंशीवाल महरपुर निवासी किसान कल्याण सिंह ने चकबंदी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी मां के नाम की जमीन को भी एक ही चक में शामिल किया जाए। इसके लिए हसनपुर तहसील क्षेत्र में तैनात चकबंदी लेखपाल उत्तम बालियान को रिपोर्ट लगानी थी। आरोप है कि लेखपाल ने उनसे 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। सौदेबाजी हुई तो 20 हजार रुपये में मामला तय हो गया। परेशान कल्याण सिंह ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम मुरादाबाद को दी थी। तयशुदा योजना के मुताबिक टीम ने कल्याण सिंह को मंगलवार को लेखपाल को रिश्वत देने के लिए भेजा था। मूल रूप से मुजफ्फरनगर जनपद के थाना भोरकलां क्षेत्र के गांव मुडभर निवासी लेखपाल उत्तम सिंह ने किसान को अमरोहा नगर के मुहल्ला दीनदयाल नगर स्थित एक मकान पर बुलाया था। दोपहर लगभग 2 बजे जैसे ही कल्याण सिंह रिश्वत लेकर लेखपाल के पास पहुंचे तो पहले से घात लगाए मौजूद टीम ने उन्हें पकड़ लिया। 2016 में भर्ती हुए चकबंदी लेखपाल को देहात थाने ले जाया गया। निरीक्षक राखी के नेतृत्व वाली टीम ने अमरोहा देहात थाने में आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी है। देहात थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपित लेखपाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।




# दुकानदार परिवार समेत घर में आमरण अनशन पर बैठा

## शिकायत के बावजूद रिपोर्ट दर्ज न होने से खफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। दुकानदार के बेटों के साथ दुकान में घुसकर मारपीट की जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से आहत दुकानदार मंगलवार को घर में ही परिवार समेत आमरण अनशन पर बैठ गया। उधर, दुकानदार मुख्यमंत्री को गांव में बुलवाने की जिद पर अड़ा है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हटव्वा पट्टी से जुड़ा हुआ है। यहां किसान संजीव कुमार का परिवार रहता है। उन्होंने गांव में ही एक किराए की दुकान ले रखी है, जिसमें वह चारपाई बुनकर बेचते हैं। 8 जून 2024 में उनका बेटा मनदीप सिंह और वीरदीप सिंह दुकान पर बैठे हुए थे इसी दौरान पांच युवक वहां आए और मनदीप सिंह और वीरदीप सिंह के साथ मारपीट करने लगे। हरकत में आई पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन इसके बावजूद पीड़ित परिवार ने अनशनन खत्म नहीं किया। लिहाजा, संजीव कुमार का परिवार दूसरे दिन मंगलवार को भी आमरण अनशन पर बैठा रहा।

# नौ प्रतिशत ब्याज के साथ करें क्लेम का भुगतान

## उपभोक्ता फोरम ने दिया बीमा कम्पनी को आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान की मौत के बाद बीमा कंपनी ने दो पॉलिसी का क्लेम देने से इनकार कर दिया। केस की सुनवाई करते हुए उपभोक्ता आयोग ने 23.21 लाख रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज से करने का आदेश दिया। इतना ही मानसिक, आर्थिक क्षतिपूर्ति के अलावा वाद व्यय के रूप में 25 हजार रुपये अलग से देने होंगे।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव पीलाकुंड निवासी स्व.रघुराज सिंह ने बीमा कंपनी से अपनी दो पॉलिसी कराई थीं। पहली पॉलिसी 2 अगस्त 2017 को और दूसरी 14 सितंबर 2017 में ली थी। दोनों पॉलिसी में उन्होंने अपनी पत्नी उर्वशी को नॉमिनी बनाया था। इसी बीच 7 मई 2018 को सर्पदंश से रघुराज सिंह की मौत हो गई थी। मामले में उर्वशी ने बीमा कंपनी से क्लेम मांगा तो उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया। बीमा कंपनी ने सिर्फ प्रीमियम धनराशि के रूप में सिर्फ 1.18 लाख रुपये का भुगतान खाते में किया। उर्वशी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर किया था। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। बीमा कंपनी ने अपना तर्क रखा की रघुराज सिंह ने दोनों पॉलिसी 31 जुलाई 2017 से 14 सितंबर 2017 के बीच प्राप्त की थीं और उनकी मृत्यु एक वर्ष के भीतर हो गई। उनके द्वारा अपने प्रस्ताव फॉर्म में कुछ कमियां की गईं जो बीमा शर्तों के उल्लंघन की श्रेणी में आती हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने अपना फैसला सुनाया। दोनों पॉलिसी के 23,21,50 रुपये को नौ प्रतिशत ब्याज समेत देने का आदेश दिया। साथ ही आर्थिक एवं मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 15 हजार तथा वाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# अमोनिया गैस से भरा टैंकर पलटने से बचा

## शराबी को बचाने के चक्कर में खंदक में धंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शराबी को बचाने के चक्कर में एंबुलेंस के चालक द्वारा अचानक लगाये गये ब्रेक के कारण पीछे अमोनिया गैस से भरकर आ रहा टैंकर साइड मारकर खंदक में धस गया। अमोनिया गैस का टैंकर खंदक में धसने की सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया। क्रेन की सहायता से टैंकर को निकाला जा रहा था।

मंगलवार की देर शाम गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव मेहरपुर से सरकारी एंबुलेंस मरीज को छोड़कर हसनपुर लौट रही थी। जब वह गांव हथियाखेड़ा गांव के समीप पहुंची तो अचानक उसके सामने एक शराबी आ गया। एंबुलेंस चालक ने शराबी को बचाने के लिए ब्रेक लगा दिये। पीछे अमोनिया गैस से भरकर आ रहे टैंकर के चालक सुरेंद्र पुत्र हरि सिंह निवासी हसनपुर ने अचानक बचने के लिए साइट ली तो वह सड़क से उतरकर किनारे खंदक में घुसने लगा। लेकिन चालक ने कोशिश करके नीचे उतरने से रोक लिया। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। अमोनिया गैस बहुत ही खतरनाक होती है। यदि वह थोड़ी सी भी लीक हो जाती तो बड़ा हादसा घटित हो सकता था। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्रेन की सहायता से अमोनिया गैस से भरे टैंकर को निकाला जा रहा था।

# करंट की चपेट में आकर किसान की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पशुओं के लिए चारा काट रहा किसान करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। उपचार के दौरान किसान की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव रूपा नांगल निवासी 40 वर्षीय जगतवीर पुत्र बलवंत सिंह मंगलवार की सुबह घर पर ही पशुओं के लिए चारा मशीन पर चारा काट रहा था। इस दौरान अचानक वह चारा काटते समय करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों के द्वारा तत्काल घायल को निजी अस्पताल में दिखाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे बेटा माधव बेटी निशा, नेहा समेत दो पत्नि माया नीरज को रोते बिलखते छोड़ गया है। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे गंगेश्वरी ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने परिजनों को सांत्वना दी है। आदमपुर थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि इस संबंध में परिजनों के द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# प्राईवेट अस्पताल के कर्मी से नकदी लूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक निजी अस्पताल के कर्मचारी की कनपटी पर तमंचा लगाकर बाइक सवार तीन बदमाशों ने 30 हजार रूपये की नकदी लूट ली और फरार हो गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

**■ अपाचे सवार तीन बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम**

जानकारी के अनुसार थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव गजरौला प्रभुवन निवासी विवेक कुमार हाईवे किनारे पर स्थित न्यू आस्था नर्सिंग होम के कर्मचारी हैं। सोमवार की रात करीब 12 बजे बजे भोजन आदि करने के बाद वे हाईवे पर टहल रहे थे, बताते हैं कि इसी बीच अपाचे बाइक सवार तीन युवक विवेक कुमार के पास पहुंचे, उनमें से एक ने चौपला चौराहे का पता पूछा, विवेक उन्हें पता बता ही रहे थे कि तभी एक युवक ने उतरकर विवेक की कनपटी पर तमंचा लगा दिया और विवेक से 30 हजार 300 रूपये की नकदी लूट ली, जो कि उन्हें अस्पताल संचालक सुमेर चौधरी ने किराया जमा करने को दिए थे। मंगलवार को विवेक कुमार को वह किराया जमा करना था मगर सोमवार की रात को ही घटना हो गई। घटना को अंजाम देकर बदमाश भानपुर फाटक की ओर भाग गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। चौपला चौकी के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी आदि देखे।

# धनौरा एमओआईसी का वेतन काटने के आदेश

## गंगेश्वरी एमओआईसी से मांगा स्पष्टीकरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जिला पोषण समिति की बैठक में धनौरा में कम प्रगति पर एमओआईसी का स्पष्टीकरण तथा गंगेश्वरी के एमओआईसी के गैर हाजिर होने पर उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने जिला पोषण समिति की बैठक ली। जिसमें संभव अभियान 5 के अन्तर्गत मिशन 100 के अन्तर्गत चयनित सभी गांवों में वजन व उंचाई मापने सहित अन्य सभी आवश्यक उपकरण खरीदने के निर्देश दिये। संभव अभियन के अन्तर्गत सेम बच्चों को दी जा रही दवाओं की समीक्षा करने पर धनौरा में कम प्रगति पर एमओआईसी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। सेम बच्चों के फोलोप में जिन स्थानों की प्रगति खराब है वहां आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिका की जिम्मेदारी तय की जाये। खराब प्रगति पर धनौरा, गजरौला, गंगेश्वरी व हसनपुर बीडीओ के स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, पीडी अमरीश कुमार व डीपीओ आदि मौजूद रहे।

# सेल्समैन की पिटाई कर दस हजार रुपये लूटे

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर/रहरा**। थाना क्षेत्र के भावली गाँव में एक सेल्समैन पर हमला और लूटपाट का मामला सामने आया है। गाँव के ही कुछ युवकों ने एक परचून की दुकान के सेल्समैन कोशिंदर पुत्र बलराम सिंह को लाठी-डंडों से पीट दिया। यह घटना तब हुई जब कोशिंदर अपनी दुकान के सामान की सेलमैनी करके वापस आयव थे। और गाँव में एक डॉक्टर की दुकान पर दवा लेने के लिए खड़े थे। हमलावरों ने कोशिंदर पर अचानक हमला कर दिया। उन्होंने न केवल उसे बेरहमी से पीटा बल्कि जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। इसके अलावा उन्होंने उसकी जेब से 10,000 की नकद राशि भी जबरन छीन ली। और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो इस बर्बरता को दर्शाता है। पीड़ित कोशिंदर ने इस मामले की शिकायत तुरंत पुलिस में दर्ज कराई। रहरा थाना अध्यक्ष अतवीर सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले में एक तहरीर मिली है। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस इस वीडियो फुटेज का भी उपयोग कर रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। यह घटना गाँव में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है और पुलिस से जल्द कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

# सभी वर्गो को साथ लेकर चलती है सपा

## समाजवादी पार्टी की पीडीए चौपाल आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बस्तौरी माफी मे समाजवादी पार्टी की पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का ग्रामवासियों द्वारा फूल माला पहनाकर व ढ़ोल नगाड़ो के साथ भव्य स्वागत किया गया। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों के लोगो को साथ लेकर चलती है और सत्ता में होने पर उन्हें बराबर का सम्मान देती है। जनता निरंतर हो रही महंगाई से परेशान है, लेकिन भाजपा सरकार लोगों को आपस मे हिन्दू मुसलमान के नाम पर लड़ाकर जनता का ध्यान बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टचार से हटाने का कार्य कर रही है। आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है, 2027 में समाजवादी पार्टी सभी जाति धर्म के लोगों को जोड़कर सरकार बनाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर राजवीर सिंह फौजी, विजेंद्र सिंह यादव, जोगेंद्र सिंह यादव, शीशपाल सिंह, रामनिवास यादव, दिनेश यादव, नरेन्द्र सिंह यादव, समरपाल सिंह, नन्हे सिंह, बबलू यादव, आशु यादव, ललित यादव, मंचित यादव, भोजराज यादव, अंकित यादव, मनोज कुमार, राजवीर सिंह, ओमपाल सिंह, अमन सिरोही, सतेन्द्र प्रधान, रविन्द्र प्रधान, कुलदीप देवल, विपिन सिरोही मौजूद रहे।

# राहत पाकर खिले बाढ़ पीड़ितों के चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। शाहजहांपुर छात एतमाली गांव में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए मंगलवार को तहसील प्रशासन आगे आया। प्रशासनिक टीम ने ग्रामीणों के बीच खाद्य सामग्री, सूखा राशन, सब्जी और जरूरी सामान वितरित किया। राहत सामग्री पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। गांव में कई दिनों से बाढ़ का पानी घुसने से लोगों की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई थी। खाने-पीने की चीजों की कमी ने परेशानियां बढ़ा दी थीं। लेकिन मंगलवार को प्रशासन द्वारा भेजे गए राहत पैकेट ग्रामीणों के लिए जीवनदान साबित हुए। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित गांवों पर नजर रखे हुए है। शाहजहांपुर छात एतमाली में राहत सामग्री बांटी गई है और आगे भी जरूरत के अनुसार हर संभव मदद दी जाएगी। प्रशासन के इस कदम से लोगों में भरोसा और हौसला दोनों बढ़े हैं। लेखपाल बिन्टेश कुमार, अनुज सैनी मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान संघ (उत्तर प्रदेश) ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में एडीओ को सौंपा और मुख्यमंत्री से किसानों की समस्याओं के निदान की मांग की।

**■ भाकिसं ने भेजा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन**



ज्ञापन में कहा गया है कि , नकली कीटनाशक बीज व खाद के वितरण में व्याप्त अव्यवस्था से खरीफ और आने वाले रबी सीजन में बार-बार होने वाली परेशानियों से पूरे प्रदेश का किसान त्रस्त हो चुका है। खाद वितरण में भी बहुत अव्यवस्थाएं हावी हैं। वहीं भारी वर्षा के कारण प्रभावित किसानों की फसलें बर्बाद हो गयीं हैं, उनका उचित मुआवजा किसानों को दिया जाए। आगामी गन्ना पेराई सत्र को समय से प्रारम्भ करके पांच सौ रूपये प्रति कुंतल का मूल्य घोषित किया जाए। निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थाई समाधान किया जाये। लेखपालों द्वारा किसानों का अंश बंटवारा गलत तरीके से किया गया है, उसे गाँव गाँव कैम्प लगवाकर सही कराया जाये। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी देते हुए कहा है कि, यदि समस्याओं का समाधान न हुआ तो संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शर्मा, प्रशांत शर्मा, धर्मपाल सिंह चौहान, जितेन्द्र शम्रा, महीपाल सिंह, जयप्रकाश शर्मा, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# रामलीला की नई कमेटी को मिली हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। ऐतिहासिक रामलीला मंचन को लेकर चल रहे विवाद में ग्रामीण न्यायालय ने बड़ा निर्णय सुनाया है। निवर्तमान समिति द्वारा दायर आपत्ति को अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दिया। इसके साथ ही साफ हो गया है कि अब रामलीला का आयोजन आजीवन सदस्यों द्वारा गठित नई कमेटी ही कराएगी। गौरतलब है कि निवर्तमान समिति समय पर चुनाव कराने में विफल रही थी। इसके बाद आजीवन सदस्यों की बैठक में जागेश अग्रवाल को अध्यक्ष चुनकर नई समिति का गठन कर दिया गया। नई समिति के पक्ष में न्यायालय ने पहले ही आदेश दिया था कि धार्मिक आयोजन वही कराएगी और पुरानी समिति हस्तक्षेप नहीं करेगी। मंगलवार की सुनवाई में निवर्तमान समिति की आपत्ति खारिज होते ही नई कमेटी के पदाधिकारी सीधे रामलीला मंच पर पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अध्यक्ष जागेश अग्रवाल ने भावुक होकर कहा यह भगवान राम की जीत है। धनौरा की रामलीला की ऐतिहासिक परंपरा और मर्यादा को हम भव्य रूप से निभाएंगे।अब 15 सितंबर को ग्रामीण न्यायालय में इस मामले की अगली सुनवाई होगी। रामलीला मंच पर तैयारियों का निरीक्षण करते समय पवन गुप्ता, ओमकार गर्ग, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, राजू बादशाह, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह, सरदार कोकी सिंह, सतीश सिंह, गुरवचन सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे



# ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर**। बाइक सवार ई रिक्शा की टक्कर से घायल हो गया। सीएचसी के चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। मंगलवार की शाम को नगर के मोहल्ला होली चौक निवासी पारुल ठाकुर पुत्र उमेश ठाकुर बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के गांव कला खेड़ा दवाई लेने गया हुआ था। जहां से वापस लौटते वक्त बाइक सवार को ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया उधर घायल बाइक सवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। साथ ही घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच गये। वहीं घटना स्थल से भाग रहे ई रिक्शा चालक को लोगों ने ई-रिक्शा सहित पकड़ लिया।

# बिल्सी पुलिस ने पकड़े दो बाइक चोर, सात बाइकें हुई बरामद

## बाइकों को पंजाब और हिमाचल प्रदेश से चोरी करते थे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान शाहबाद-कछला हाइवे पर स्थित बेहटा गुंसाई तिराहा के पास से दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से चोरी की सात मोटर साइकिल बरामद हुई। पुलिस ने कार्रवाई के बाद दो आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक-प्रशिक्षु सीओ गौरव उपाध्याय ने जानकारी देते हुए।

बताया आठ सितंबर को पुलिस बेहटा गुंसाई तिराहा के पास चौकिंग कर रही थी, इसी दौरान दो व्यक्ति संदिग्ध लगे, पुलिस ने उक्त लोगों से गहनता से पूछताछ की तो, उनके कब्जे से चोरी की गई सात मोटर साइकिल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद जेल भेजा है।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह पंजाब और हिमाचल प्रदेश में बाइक चोरी कर बिल्सी क्षेत्र में सस्ते दामों में बाइक को बेच देते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम राजेश पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम अंबियापुर थाना बिल्सी तथा दूसरे आरोपी ने अपना नाम अशोक बाबू पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम उरैना थाना वजीरगंज बताया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल मनोज कुमार सिंह के अलावा एसआई संजीव कुमार सिंह, सुंदरपाल सिंह, आदेश कुमार, आकाश चौधरी आदि शामिल रहे।

# सिगोई में डेढ़ माह से नहीं आ रहा सफाई कर्मचारी, गांव में गंदगी के लगे अंबार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव।** इस समय अधिकांश गांवों में सफाई व्यवस्था को लेकर हाहाकार मचा हुआ है बरसात के मौसम में गांवों की गलियों का बुरा हाल है सफाई कर्मचारी गांव में सफाई करने नहीं पहुंच रहे हैं वह ब्लाक पर रहकर या तो बाबूगिरी कर रहे हैं या फिर माननीयों के यहां चाय ,पानी पिला रहे हैं । ऐसा ही एक मामला सालारपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिगोई का सामने आया है जहां दो महिला सफाई कर्मचारी तैनात हैं । जिसमें एक महिला सफाई कर्मचारी गांव में लगभग चार वर्ष से नहीं गई है उसका भाई एक माननीय के यहां चाय और पानी पिला रहा है और वह घर बैठे वेतन ले रही है ।दूसरी महिला सफाई कर्मचारी गांव डेढ़ महीने से सफाई करने नहीं गई है गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल पड़ी है नालियों कीचड़ से बजबजा रही है गंदगी के अंबार लगे हुए हैं ग्रामीणों ने जल्द सफाई कराने और सफाई कर्मचारी की मांग की है। एडीओ पंचायत बोले हमारे पास नहीं है सफाई कर्मचारियों की मूल तैनाती वाली सूची जिला मुख्यालय से लेकर बताते हैं कौन कहां है तैनात है। एडीओ पंचायत शिवकुमार से बात करने पर बताया कि हमारे पास सफाई कर्मचारीयों की मूल तैनाती वाली सूची नहीं है सूची जिले से लेने के बाद बताएंगे कौन सफाई कर्मचारी कहां तैनात हैं।कहा एक दर्जन सफाई कर्मचारीयों का वेतन रोका गया है जो इधर उधर संबध चल रहे हैं ।सिगोई पर कोई सफाई कर्मचारी तैनात हैं अभी ग्राम पंचायत खाली चल रही है । गालियों में कीचड़ भरी हुई है पानी रास्ते में बह रहा था जिससे निकलने में दिक्कत होती है पानी के बीच ईंटे रखकर निकलने को मजबूर हैं कभी कभार गिर भी जाते हैं । बहुत समय से गांव में कोई सफाई करने नहीं आया है ।

> गांव में गंदगी फैली हुई है काफी समय से कोई सफाई कर्मचारी नहीं आ रहा है बरसात के मौसम में गंदगी होने से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है जल्द सफाई होनी चाहिए। **ग्रामीण संदीप कुमार**

> गांव की गलियों में गंदगी से दुर्गंध आ रही है निकलना मुश्किल हो गया है कोई सफाई कर्मचारी सफाई करने नहीं आता है जिससे गंदगी के ढेर लगे हुए हुए हैं गांव पर जल्द सफाई कर्मचारी को भेजकर सफाई कराई जाए। **ग्रामीण गंगा सिंह**

> प्रधान से पूछने पर पता लगा कि गांव में दो महिला सफाई कर्मचारी तैनात हैं लेकिन कोई भी सफाई करने नहीं आती है।
> प्रधान द्वारा प्राइवेट लड़का लगाकर सफाई कराई जाती है या फिर ग्रामीण खुद सफाई करने को मजबूर हैं। गांव जल्द सफाई कराई जाए । **ग्रामीण सुनील**

# स्टाफ नर्स हुई बेहोश,अस्पताल में भर्ती,व्यवस्थाएं फेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला महिला अस्पताल में तैनात स्टॉफ नर्स पीएनसी वॉर्ड में ड्यूटी कर रही थी ड्यूटी करते समय बेहोश हो गई। बताया जाता है कि लता चौहान स्टॉफ नर्स महिला अस्पताल में तैनात है वह कई दिनों से बीमार थी सीनियर अधिकारियों से छुट्टी मांग रही थी सीएमएस अपनी हठधर्मिता के चलते छुट्टी नहीं दे रही थी ,छुट्टी न मिलने के कारण स्टाफ नर्स अपना उपचार नहीं कर पा रही थी जिसकी बजह से तनाव में आकर बेहोश हो गई। स्टाफ नर्स बेहोश होने पर महिला अस्पताल में कोई इंस्ट्रूमेंट




नहीं मिल पाए गए जिससे उसे प्राथमिक उपचार मिल जाता। आनन फानन में डॉ दिनेश यादव एनेस्थीसिया और गौरव यादव ने गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। जहां स्टाफ नर्स का उपचार चल रहा है महिला अस्पताल में एक स्टॉफ नर्स के बेहोश होने और अस्पताल की व्यवस्थाओं के फेल होने की ओर इशारा करता है। इस घटना का अर्थ है कि अस्पताल में मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बुनियादी ढांचे और प्रक्रियाओं में कमी है, जिसके कारण कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ जाता है और वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में असमर्थ हो जाते हैं। सीएमएस जिला महिला अस्पताल डॉ शोभा अग्रवाल से इस संबंध फोन से संपर्क किया तो फोन नहीं लगा।

# डीएम ने गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को किया आश्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को तहसील सदर अन्तर्गत ब्लॉक कादरचौक के ग्राम जैतपुर पुख्ता, जोरी नगला मजरा सुंदरयान का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके साथ है। किसी भी विषम स्थिति में तत्काल मदद पहुंचाई जाएगी। वर्तमान में स्थिति सामान्य व नियंत्रण में है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ ग्रामों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते हुए निर्देशित किया कि गाँव में किसी भी परिवार को भोजन, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं व अन्य आवश्यक सामग्रियों की कमी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए कि। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने, मेडिकल टीमों को गाँव-गाँव भेजने एवं साफ पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं और भरोसा दिलाया कि सरकार एवं प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलजुलकर कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता लेने व सूचना देने के लिए सिंचाई विभाग बाढ़ खण्ड के कंट्रोल रूम नम्बर 05832-451362 अथवा कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नम्बर 7505395940, 7505389289 व 05832-266052 पर सम्पर्क कर सकते हैं। यह दोनों कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित हैं। इस अवसर एडीएम एफआर वैभव शर्मा, एसडीएम सदर सहित अन्य विभागीय अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।



# मक्का की बोरी भरा ट्रैक्टर ट्राला पलटा , बड़ा हादसा टला



कई घंटों तक बिसौली आसफपुर मार्ग बाधित रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बिसौली से शाहबाद की ओर जाने वाला एक मक्का की बोरी भरा ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राला अचानक रास्ते में पलट गया जिससे आसफपुर से बिसौली मार्ग पर आने जाने वाले ट्रैक्टर ट्राली , ट्रक , डबलटेकर बसें , छोटा हाथी , तिर्री व दुपहिया वाहन कई घंटों तक जाम में फंसे रहे । बताया जा रहा है कि मक्का की बोरी भरा ट्रेक्टर ट्राला बिसौली से शाहबाद की ओर जा रहा था कि अचानक बिसौली आसफपुर मार्ग पर गांव मलखानपुर के समीप ट्रेक्टर ट्राला पलट गया जिससे बड़े ट्राला में बेशुमार भरी मक्का की बोरियां सड़क व सड़क किनारे खाई में फैल गई । यह आकस्मिक वाकिया मंगलवार शाम करीब पांच बजे का बताया जा रहा है । हालांकि गनीमत रही कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है ।

# बिसौली में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने व्यापारियों संग की बैठक



**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** आम जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को किराना व्यापार मंडल के सहयोग से खाद्य कारोबारियों के साथ एक बैठक हुई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माता शंकर बिंद ने बैठक में व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उनकी समस्याओं को भी सुना गया और उनका निराकरण किया गया। बैठक में किराना व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक गुप्ता, विपुल, पुलकित कपिल, दीपक, संजीव कुमार, सुचित, विवेक, अंकुश, रोहित आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# इस संसार में बुराई का कोई भी साथ देना नहीं चाहता है: रामायणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कछला रोड स्थित माहेश्वरी भवन में श्रीराम-कृष्ण समिति की ओर से आयोजित भगवान राम की कथा के आठवें दिन कथावाचक अयोध्यादास रामायणी महाराज ने भगवान राम और रावण के युद्ध का वर्णन करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति बुराई का ज्यादा दिनों तक साथ नहीं दे पाता है। एक न एक दिन लोग बुराई का साथ छोड़ जाते हैं। इसलिए रावण के भाई विभीषण ने भी बुराई का साथ छोड़ते हुए भगवान राम के चरणों में शरण ली थी। स्वामी जी ने जीवन में नैतिक मूल्यों की स्थापना पर बल देते हुए कहा कि कि सत्य बोलना और क्षमा करना, बड़ों की सेवा करना कभी खाली नहीं जाता है। इसका फल जीवन में अवश्य ही मानव को मिलता है। इसलिए मानव को इनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए। इससे पहले कथावाचक ने धनुष भंग, केवट-राम संवाद आदि प्रसंगों पर भी विस्तार से चर्चा की। रामकथा में पहुंचे सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने भगवान राम की आरती उतारी। जिसके बाद यहां सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर चौयरपर्सन ज्ञानदेवी सागर, हर्षित चौधरी, चंद्रपाल तोष्नीवाल, नरेंद्र गरल, लो. केश वार्ष्णेय, नीरज माहेश्वरी, आशीष वाशिष्ठ, सत्यपाल वार्ष्णेय, दुर्गेश बाबू वार्ष्णेय, मनोज वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



बिल्सी में रामकथा का आठवां दिन

## एक नजर

# मंडी सचिव का धूमधाम से हुआ विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने मंडी सचिव बिसौली इस्लामनगर हिम्मत सिंह सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष में विदाई समारोह कार्यक्रम रखा जिसमें क्षेत्र के व्यापारी मौजूद रहे। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर राजपाल गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी मंगलवार के दिन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने मंडी सचिव हेमंत सिंह सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह रखा जिसमें उप जिलाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे रिपुदमन सिंह व्यापारियों ने उप जिला अधिकारी को सम्मानित किया क्षेत्र के व्यापारियों में एक-एक करके विदाई समारोह में सभी अधिकारियों को सम्मानित किया उप जिला अधिकारी रिपुदमन सिंह ने सेवानिवृत्त मंडी सचिव हिम्मत सिंह को सम्मानित राजपाल गुप्ता ने दूर से आए व्यापारियों का स्वागत किया।इस दौरान मौजूद रहे विकास कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता नगर अध्यक्ष ,कपिल कुमार वार्ष्णेय मोहित,अन्नी, आमोद वार्ष्णेय दाल मिल, अरशद, अंकित, पंचू वार्ष्णेय, देवेश नाथ, पंकज, आदि व्यापारी मौजूद रहे।




**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन /सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | |
|---|---|---|
| भगवान दास 9411010546 | संवाददाता | बदायूं सिटी |
| कैलाश मिश्रा 9458213331 | संवाददाता | इस्लामनगर |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती |

| | | |
|---|---|---|
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 94 12 30 2152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500 110 219 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759 55 8639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |


# हनुमान जी का दरबार करुणा का सागर है: ललितेश्वर महाराज

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** गुधनी स्थित पावन स्थल बालाजी बल्देवधाम में मंगलवार को बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजा। दरबार में दूर-दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हनुमान भक्ति में लीन होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 ललितेश्वर महाराज ने कहा जो हृदय से बालाजी का स्मरण करता है, उसके जीवन के तमाम संकट क्षणभर में समाप्त हो जाते हैं।

हनुमानजी का दरबार करुणा का सागर है, यहाँ आने वाला कोई भी भक्त खाली नहीं लौटता। दरबार में कई भक्त चीखते - चिल्लाते आए और बाला. जी महाराज के आशीर्वाद से उनके कष्ट पलभर में दूर हो गए। इस अलौकिक दृश्य के साथ पूरा धाम जय सियाराम, जय हनुमान, जय बालाजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने कहा इस दरबार में आकर आत्मा को अद्भुत शांति और मन को असीम शक्ति मिलती है। पूरा मंदिर परिसर भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा के स्वर से दिनभर गुंजायमान रहा।

# शिक्षक ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सच्ची धुरी है: संजय गर्ग

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** रोटरी एवं इनरव्हील क्लब द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष में पथ प्रदर्शक गुरुजन सम्मान समारोह में सेवानिवृत्ति शिक्षकों को अंग वस्त्र व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। क्लब के प्रेसिडेंट संजय गर्ग ने कहा कि शिक्षक ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सच्ची धूरी है। वह केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि बच्चों के जीवन में संस्कार और दिशा भी देते हैं। सचिव मुदित अग्रवाल ने कहा कि आज का यह सम्मान वास्तव में हमारे शिक्षकों के योगदान को नमन करने का छोटा सा प्रयास है। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सुविधा माहेश्वरी ने कहा कि समाज में शिक्षकों का स्थान देव तुल्य है। सचिव भारती अग्रवाल ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले शिक्षक प्रतिभा अग्रवाल, सुनील मिश्रा, राम भरोसे लाल शर्मा, सतीश चंद्र वार्ष्णेय, चंचल ठक्कर, सरोज वाला, देवपाल शर्मा, नाथू लाल शर्मा, रोशन लाल, सतपाल मिश्रा, ओम हरि शर्मा को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुदित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय गर्ग, सचिव मुदित अग्रवाल, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉक्टर सुविधा माहेश्वरी, सचिव भारती अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉक्टर मनोज माहेश्वरी, विनय शर्मा, डॉक्टर प्रवीण शर्मा, देवेंद्र चौहान, आलोक गर्ग, ममता अग्रवाल, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे। अंत में क्लब के अध्यक्ष संजय गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




# 25 सितम्बर तक होगा नि:शुल्क खाद्यान्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह सितम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान तथा अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई से सितम्बर 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण 10 से 25 सितम्बर 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियां को प्रति कार्डधारक 14 किग्रा गेहू, 21 किग्रा फोर्टीफाइड चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्र गृहस्थी कार्ड धारको के मध्य 02 किग्रा गेहूं तथा 03 किग्रा फोर्टीफाइड चावल प्रति यूनिट का नि:शुल्क वितरण कराया जाएगा। उन्होंने अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए की प्रति किग्रा की दर से 54 रुपए में वितरण सुश्चित कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्ड धारकों को चीनी के सम्बंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी वह अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि खाद्यान एवं चीनी के वितरण, प्रचार-प्रसार, सत्यापन व उठान के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

# 2047 में जनपद व प्रदेश कैसा हो, जनपदवासी 05 अक्टूबर तक दे सुझाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** समृद्ध उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के लिए विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाने के लिए शासन स्तर से 500 प्रबुद्धजनों का चयन किया गया तथा उन्हें लखनऊ में ही प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रबुद्धजनों द्वारा लक्षित समूह से वार्ताकर उनके सुझाव लिए जा रहे हैं। जन सहभागिता के साथ विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाया जाएगा। यह जानकारी जनपद के नोडल अधिकारी व आयुक्त जीएसटी नितिन बंसल ने दी। विकास भवन स्थित सभागार में मीडिया से सुझाव लेने के सम्बंध में आयोजित गोष्ठी में नोडल अधिकारी नितिन बंसल ने कहा कि समृद्ध उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 कैसा हो, जनपद बदायूं 2047 में कैसा हो, इसके लिए उन्होंने जनपद वासियों से अपील की कि वह बारकोड स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य दें। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि कार्यशाला में मीडिया ने अच्छे सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा की देश व प्रदेश व बदायूं वर्ष 2047 में कैसा हो इसके लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक परिवार से सुझाव प्राप्त हों, वर्ष 2047 में जनपद व प्रदेश कैसा हो व जनपदवासी कैसे जनपद व प्रदेश की परिकल्पना करते हैं, इसके लिए वह अपने सुझाव आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक बारकोड स्कैन पर वेबसाइट ीजजचः//उंतजीनजजंतचतंकमी.नच.हवअ.पद पर दे सकते हैं। उन्होंने कहा के अच्छे सुझाव देने वालों को पुरस्कार भी किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कार्यशाला की मूल भावना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनपद, उत्तर प्रदेश व देश की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरों पर भी गोष्ठियों का आयोजन कर सुझाव लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत पर बारकोड चस्पा किया जाएगा ताकि ग्रामीण भी अपने सुझाव इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए दे सकें। उन्होंने बताया कि प्रबुद्धजनों व नोडल अधिकारी व अन्य अधिकारियों ने लक्षित समूह जैसे उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व बेसिक शिक्षा के अध्यापक व छात्र-छात्राओं, गैर सरकारी संगठनों(एनजीओ), स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, उद्यमी व व्यापारी, श्रमिक संगठन, इंजीनियरिंग व मेडिकल के अध्यापक व छात्र-छात्राएं, कृषि क्षेत्र से जुड़े कृषक, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि वैज्ञानिक व मीडिया तथा आमजन से सुझाव लिए जा रहे हैं। कार्यशाला के दौरान मीडिया द्वारा ग्रामों में सड़कों का सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण स्तर पर योजनाओं का सही क्रियान्वयन, ग्रामीण स्तर पर छोटे उद्योग खोले जाने, कृषि का उन्नयन व विकास, कृषि विविधीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, साहित्यिक, सांस्कृतिक विरासत व संगीत पर कार्य हो, संगीत अकादमी खोली जाए, शेखूपुर चीनी मिल का विस्तार व क्षमता वृद्धि, नदियों का जीर्णाद्धार आदि विभिन्न सुझाव मीडिया द्वारा दिए गए। गोष्ठी के दौरान प्रबुद्धजन प्रो0 संतोष अरोरा, डॉ0 संतोष कुमार विश्वकर्मा व राजेश कुमार सिंह ने सरकार की मंशा से सभी को अवगत कराया तथा मीडिया को राष्ट्रनिर्माण की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए अभियान की सफलता में उनके अपेक्षित सहयोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के उपरांत नोडल अधिकारी व प्रबुद्धजनों को डीएम व सीडीओ ने स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। इस अवसर पर शासन से नामित प्रबुद्धजन रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली की प्रोफेसर संतोष अरोरा, कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 संतोष कुमार विश्वकर्मा व सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता यू0पी0पी0सी0एल0 राजेश कुमार सिंह व सहायक आयुक्त राज्यकर आकांक्षा पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी व मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने आपदा राहत सामग्री के आठ ट्रकों को नैनीताल भेजा




**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तराखंड आपदा पीडितों के लिए अति आवश्यक आपदा राहत सामग्री पीलीभीत से हल्द्वानी (नैनीताल) भेजी गई। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने मंडी पहुंचकर राहत सामग्री से भरे 8 ट्रकों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। ट्रकों में 3800 पैकेट आपदा राहत सामग्री भेजी गई। उप जिलाधिकारी एवं एआरटीओ द्वारा आपदा राहत सामग्री को हल्द्वानी तक पहंचाया जायेगा।

# विकसित भारत कार्यक्रम में मांगे सुझाव

**बुलंदशहर।** जिले में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश संकल्प/2047 अभियान के तहत शासन द्वारा नामित प्रबुद्धजन अमित मोहन प्रसाद, सेवानिवृत्त आईएएस, डॉ0 अनंत कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक चन्द्रशेखर आजाद विश्वविद्यालय कानपुर व विजय कुमार दत्त, डीएम श्रुति व एसएसपी दिनेश कुमार सिंह जिले के उद्यमियों, व्यवसायियों व अपनी विधा में ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवियों से संवाद कर उनके सुझाव मांगे। कार्यक्रम में सिकंद्राबाद, बुलंदशहर व खुर्जा के प्रतिष्ठित उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें प्रमुख रूप से नितिन जैन अध्यक्ष आईआईए सिकंदराबाद आरवी वर्मा, रवि राणा, संजय गुप्ता, एसपी दादू, रजत, अशोक राय, अनिल अग्रवाल व विकास कौशिक आदि उपस्थित रहे।

उद्धमियों ने 2047 में भारत का स्वरूप कैसा होगा और उसी के क्रम में उत्तर प्रदेश का स्वरूप कैसा होगा। इस संदर्भ में अपनी संकल्पनाएं प्रबुद्धजनों के समक्ष प्रस्तुत की तथा बताया कि हमे भारत की जीडीपी को वर्ष 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर तथा उत्तर प्रदेश की जीडीपी को 6 ट्रिलियन प्राप्त करना है। उसके लिए सरकार की क्या नीति होनी चाहिए, अवस्थापना एवं औद्योगिक संरचनाओं का विकास किस प्रकार से किया जाना चाहिए व आने वाले समय में उद्योगों को किन-किन सहूलियतों की आवश्यकता




है। तथा अन्य विषयों पर उद्यमियों ने अपने सुझाव प्रबुद्धजनों के समक्ष मंच पर रखे। अंत में सभी उद्यमियों ने सरकार के इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बताया कि सरकार के ऐसे ही प्रयासों से निसंदेह 2047 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकेगी।

## वृद्ध के साथ मारपीट, मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सरायघासी में सोमवार की रात एक युवक ने दुकान से सामान लेकर लौट रहे वृद्ध के साथ मारपीट की। मारपीट में घायल वृद्ध की मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में वृद्ध का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव सरायघासी निवासी रिंकू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनके 70 वर्षीय ताऊ करतार सिंह सोमवार की रात दुकान से बीड़ी का बंडल लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी नितेश ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट करते हुए उन्हें धक्का देकर नाली में गिरा दिया। मारपीट में उनके ताऊ को गंभीर चोट आई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। उन्होंने ताऊ को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सीओ भास्कर कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रात में ही आरोपी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान थे। करतार सिंह की मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से होने की पुष्टि हुई है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## साधु बनकर घूम रहे दो मुस्लिम युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बीसलपुर।** नगर में संदिग्ध हालात में घूम रहे दो युवकों को हिंदू महासभा संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि ये लोग भीख माँगने के बहाने नगर की दुकानों और गलियों पर नज़र रख रहे थे। पकड़े गए युवकों की पहचान अंजुनाथ और चेरानाथ के रूप में हुई है। पूछताछ में जब इनके हाथ पर लिखा नाम शाहिद देखा गया और हिंदू देवताओं के बारे में प्रश्न पूछे गए तो दोनों कोई जानकारी नहीं दे पाए। तलाशी में इनके पास से मुस्लिम समाज के कई कार्ड और समुदाय से जुड़ी अन्य वस्तुएँ भी बरामद हुईं। बाज़ार के दुकानदारों को शक होने पर उन्होंने हिंदू महासभा संगठन को सूचना दी, जिसके बाद दोनों को पकड़ लिया गया। आशंका जताई जा रही है कि ये लोग नगर में लूट की वारदात या अन्य बड़ी घटनाएँ अंजाम दे सकते थे। इस दौरान हिंदू महासभा संगठन बीसलपुर नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी, नगर महामंत्री महन्त अवनीश रतन, नगर मंत्री महन्त मुकेश गोस्वामी, सुखपाल मौर्य, दीपक मौर्य, शिवम गंग. वार, सुमित कुमार, प्रशांत त्रिवेदी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बीसलपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों व्यक्तियों को जेल भेज दिया है, जाँच जारी है।

## आलियापुर और जिरौनिया में फॉगिंग कर चलाया गया सफाई अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** बाढ़ आने और जाने के बाद गंभीर बीमारियों से बचने के लिए ग्राम प्रधानों और सचिव तृप्ति मढ़ी त्रिपाठी की स्वास्थ्य के लिए शानदार पहल की गई। विकासखंड ललौरी खेड़ा के बाढ़ प्रभावित ग्राम आलियापुर प्रधान राम दयाल, जिरौनिया ग्राम प्रधान अनीता देवी और पौटा आसमा बेगम की ओर से फॉगिंग कार्य कराया गया। बाढ़ की वजह से गाँव में मच्छरों का प्रकोप रात दिन बढ़ रहा था, जिससे ग्रामीण डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के खतरे से चिंतित थे। जिस कारण पंचायत सचिव सचिव और ग्राम प्रधानों के संयुक्त प्रयासों से अभियान चलाया गया। फॉगिंग मशीन जैसे ही गाँव की गलियों से गुज़री ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामवा. सियों का स्वास्थ्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप तेज़ी से बढ़ जाता है। इसी वजह से तुरंत फॉगिंग कराई गई। आगे भी ज़रूरत पड़ने पर समय समय पर यह अभियान जारी रहेगा। सचिव त्रिपाठी ने बताया कि मच्छरों के कारण रात में सोना मुश्किल हो गया था ग्रामवासियों का जिस कारण साफ सफाई और फॉगिंग कराया ताकि कोई बीमार न पढ़े संक्रमण की वजह से आगे और भी आवश्यकता होगी तो अन्य सुरक्षा भी की जाएगी।

# सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** हाईवे पर बेकाबू कैंटर ने एक प्राइवेट बस में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में बुलंदशहर रोड पर बराल चौकी के पास हाईवे पर एक प्राइवेट बस में बेकाबू कैंटर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गुलावठी के महौली गांव के दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान लुकमान और फरमान के रूप में हुई है। दोनों चाचा-भतीजे थे और आगरा जाने के लिए घर से निकले थे। फरार चालक की तलाश कर रही पुलिस बराल चौकी के पास दोनों बस का इंतजार कर रहे थे। बस में चढ़ने की कोशिश के दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरी। हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया। एसएचओ शैलेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# विधायक ने बांटी राशन सामग्री




**मथुरा।** आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघशाम सिंह ने ग्राम नगला खारी में जलभराव से प्रभावित किसानों को राशन सामग्री वितरित की और उनकी समस्याओं को सुना तथा हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया और गोवर्धन उपजिलाधिकारी प्राजक्ता त्रिपाठी से पीड़ित किसानों और ग्रामीणों के बारे में जानकारी ली।

राशन सामग्री वितरित कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने मौजूद किसान और ग्रामीणों से कहा उनके नुकसान के लिए प्रशासन सर्वे कर रहा है और उनका प्रयास होगा कि लोगों को समय रहते पर्याप्त मदद मिल पाये। उन्होंने ग्रामीणों से जलभराव और बाढ़ से हुए नुकसान की भी जानकारी ली और कहा कि अगर लेखपाल जांच में कोई हीलाहवाली करें तो इसकी सूचना उन्हें दी जाये ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने कहा हम गोवर्धन विस के सभी इलाकों में पूरी कोशिश कर रहे हैं कि पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मदद मिले, उन्होंने आश्वासन दिया कि हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए हम तत्पर है। कोई भी किसान परिवार स्वयं को अकेला न समझे।

# सिपाही ने जहर खाकर की आत्महत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिले के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डोमला हसनगढ़ यूपी पुलिस के सिपाही ने बिजनौर में ड्यूटी के दौरान जहरीला पदार्थ खा लिया। सिपाही की उपचार के लिए मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जंहा उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के पीछे परिजनों ने उत्पीड़न का आरोप लगाया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार को पैतृक गांव में गमगीन माहौल में परिजनों ने सिपाही के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुसाइट नोट लिखने के बाद सिपाही ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया। थाना अहमदगढ़ क्षेत्र के ग्राम डोमला हसनगढ़ निवासी 26 वर्षीय अमित कुमार पुत्र रिशिपाल सिंह वर्ष 2021 में सिपाही भर्ती हुआ था। वर्तमान समय में अमित कुमार की ड्यूटी जनपद बिजनौर में पुलिस लाइन में चल रही थी। बताया कि सिपाही अमित कुमार ने बिजनौर पुलिस लाइन में ड्यूटी पर तैनात एक सितंबर को सुसाइड नोट लिखकर जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालात में सिपाही को मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार की शाम सिपाही अमित कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई। बिजनौर पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## मोहम्मद फैज़ अंसारी पुनः सपा ज़िला उपाध्यक्ष नियुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी की युवा इकाई समाजवादी युवजन सभा में संगठन विस्तार की प्रक्रिया के तहत ज़िला अध्यक्ष हरगोविंद गंगवार ने मोहम्मद फैज़ अंसारी 'शानू' को पुनः ज़िला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा के साथ ही कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। मोहम्मद फैज़ अंसारी लंबे समय से समाजवादी आंदोलन से जुड़े हुए हैं और पार्टी की विचारधारा को जन—जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष हरगोविंद गंगवार ने कहा कि फैज़ अंसारी शानू ने हमेशा पार्टी के सिद्धांतों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किया है। युवाओं को जोड़ने और समाजवादी विचारधारा को मज़बूती देने में उनकी भूमिका सराहनीय है। हमें पूरा विश्वास है कि आगे भी वे इसी तरह संगठन को मज़बूत करेंगे। नियुक्ति पर मोहम्मद फैज़ अंसारी ने ज़िला अध्यक्ष सहित संपूर्ण नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन—जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहूँगा। उनके पुनः ज़िला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, नफीस अहमद अंसारी, नरेन्द्र मिश्र उर्फ कट्टर, बालकरम सागर, दिव्या गंगवार, रियाज अहमद खान, मखदूम खान, राजकुमार राजू भैय्या, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और मित्रों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## नाले में युवक का पड़ा मिला शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** मंगलवार को क्षेत्रा के छतारी मार्ग पर नगर पंचायत की नवनिर्मित दुकानों के निकट नाले में युवक का शव मिलने से सनसनी पफैल गई। शव मिलने की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। युवक के हाथ पर लिखे नाम से पहचान हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करके शव के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि नगर पंचायत की दुकानों के निकट नाले में एक शव पड़ा होने की सूचना मिली। जांच पड़ताल में युवक की पहचान हाथ पर लिखे नाम राज सिंह 40 वर्षीय पुत्रा भूरा सिंह निवासी ग्राम सि(गढ़ी के रूप में हुई। सूचना पर गांव और परिवार के लोग एकत्रित होकर पहुंच गए। ग्रामीणों के अनुसार मृतक परिवार में अकेला रहता था और साधु रूप में इध्र—उध्र घूमता रहता था। किसी समय वह नाले में गिर गया और उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया शव दो तीन दिन पुराना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## फोन पर चाचा को जान से मारने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** गांव हताना निवासी एक युवक ने गांव के ही एक नामजद एवं तीन अज्ञातों पर अवैध तमंचा दिखाते हुए अगले चार दिन में जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक नामजद तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ थाना कोसीकलां में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पडताल कर रही है। थानाक्षेत्र के अंतर्गत गांव हताना निवासी योगेष पुत्र पोहप सिंह का आरोप है कि मंगलवार की प्रातः पौने बारह बजे वह अपने पिता की दबा लेने वाइक से होडल हरियाणा जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही एक नामजद एवं तीन अज्ञात लोगों ने उसकी वाइक में टक्कर मार दी और उसे रोक लिया। उक्त लोगों ने जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचा दिखाते हुए अगले चार दिन में जान से मारने की धमकी दी। पीडित का कहना था कि पूर्व में उक्त लोग उससे कहासुनी कर चुके हैं और रंजिष मानते हैं।

## संस्कृति विवि में आयोजित हुई ऋषि विद्या-कृषि विद्या पर कार्यशाला

**मथुरा।** संस्कृति विश्व. विद्यालय के संतोष मैमोरियल सभागार में संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल तथा स्कूल ऑफ एग्रिकल्चर के संयुक्त तत्वावधान में अर्चना योगायतन, नई दिल्ली के द्वारा ''ऋषि विद्या कृषि विद्या'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता चतुर्वेदी ने कहा कि आज प्रकृति से छेड़छाड़ करने का बहुत बुरा परिणाम हमारी मानवता पर पड़ रहा है। पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और जब तक हम अपनी प्रकृति की रक्षा नहीं करेंगे तब तक यह स्थिति नहीं बदलेगी। अनेक समाजिक संस्थाओं से जुड़ी श्रीमती अनिता ने बताया कि मैं अपने जीवन में भी अधिक से अधिक प्रकृति प्रदत्त चीजों का इस्तेमाल करती हूं। भारतीय आयुर्वेद हमारे ऋषियों की देन है, हम सबको उसके अनुसार अपने जीवन को स्वस्थ बनाए रखने में बड़ी मदद मिल सकती है। आज सारा विश्व जब आयुर्वेद को बड़ी उम्मीद के रूप में देख रहा है। अपने प्राचीन व परम्परागत प्राकृतिक विज्ञान के माध्यम से ही शुद्ध आहार उपलब्ध हो सकता है जिससे हम सभी स्वस्थ रहते हुए समाज में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर कृषि विभाग मथुरा के सत्यवीर जी ने प्राकृतिक कृषि विद्या को अपनाने तथा उसे सामान्य कृषक तक इस कृषि विद्या को पहुंचाने पर बल दिया। अर्चना योगायतन, नई दिल्ली के निदेशक और योग गुरु डॉ सत्यनारायण यादव ने प्राकृतिक यौगिक शैली का सभागार में उपस्थित सभी लोगों को अभ्यास कराया एवं व्यावहारिक और परम्परागत विज्ञान के बारे में बहुत उपयोगी जानध्कारियां दी। कार्यशाला में डा. सत्यनरायण ने वर्कशाप में बताई जानकारियों के आधार पर विद्यार्थियों से पांच प्रश्न किए तथा उत्तर बताने वाले विद्यार्थियों को टी शर्ट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ एम. मोहनन् ने पारम्परिक ऋषि विद्या की महत्ता बताई और कहा कि इसे अपनाने पर हम व राष्ट्र का कल्याण करेंगे।

# क्षमावाणी पर्व पर बच्चों ने मोह लिया सबका मन

**कोसीकलां।** सकल दिग. बर जैन समाज के तत्वावधान में क्षमावाणी पर्व के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें बच्चों ने नृत्य, भजन, गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओमप्रकाश जैन, नवीन जैन ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया गया। एमडी जैन पब्लिक स्कूल के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने णमोकार मंत्र, स्वागत गान, भजन, राजस्थानी गीत, ब्रज लो. कगीत, आदि पेश कर सभी को मोह लिया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि क्षमा से बड़ा कोई बड़ा धर्म नहीं है। यह पर्व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। समाज के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जैन, कैलाश चंदौरिया, राजेंद्र जैन ने अतिथियों, सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अशोक कामियां, राहुल जैन कामियां, नितिन जैन, ओमप्रकाश जैन, अखिल जैन, प्रवीन जैन, विनोद जैन, कुशल जैन, अनुराग जैन, पदम

## पॉटरी उत्पादनों की प्रक्रिया तेज

**बुलंदशहर।** खुर्जा पॉटरी उत्पादों पर 12 से 5 प्रतिशत जीएसटी होने पर उद्यमियों को ऑर्डर मिलने शुरू हुए हैं। पुराने खरीदार उनसे संपर्क कर ऑर्डर बुक कर रहे हैं। जिसको लेकर उद्यमियों के बीच खुशी है। खुर्जा में करीब 300 से अध्कि पॉटरी इकाईयां हैं। जिनमें से कुछ पॉटरी इकाई बंद हो गई थीं। जीएसटी के कम होने के बाद बंद हुई पॉटरी इकाइयों को उद्यमी शुरू करने की योजना तैयार कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण है कि जीएसटी के 12 से 5 प्रतिशत होने पर खरीदारों ने उनसे संपर्क कर ऑर्डर बुक किए हैं। ऑर्डर मिलने में तेजी आई है।

## मकान की छत गिरने का राजस्व टीम ने किया निरीक्षण

**कोसीकलां।** साठा वाड़िया बास स्थित मुस्लिम बस्ती में काफी दिनों से हो रही बारिश के चलते जर्जर एक मकान की छत भरभराकर गिर गया था जिसमें परिवार के सदस्य बाल—बाल बच गये। नगर के मौहल्ला साठावाडियावास निवासी शहीद के मकान की छत बारिश के चलते सोमवार की दोपहर अचानक गिर गई थी जिसकी सूचना मिलने पर राजस्व टीम ने घर का निरीक्षण किया एव अचानक हुए हादसे की देख टीम में मौजूद लेखपाल ने कहा गनीमत रही कि उस दौरान परिवार के लोग आंगन में बैठे हुए थे।

# कृष्ण चंद्र गांधी सरस्वती विद्या में लक्ष्य बोध कार्यक्रम हुआ

**मथुरा।** कृष्ण चंद्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधव कुंज में कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों हेतु लक्ष्य बोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विद्या भारती ब्रज प्रदेश के शिक्षण प्रशिक्षण प्रमुख अजय शर्मा, विद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार भाटिया, प्रबंधक समीर बंसल , उपप्रबन्धक सिकन्दर सिंह एवं प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने मां शारदे एवं कृष्णचंद्र गांधी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। सरस्वती वन्दना के उपरांत उप प्रधानाचार्य एवं गणित प्रवक्ता राजीव पाठक ने अतिथियों का परिचय कराया।अजय शर्मा ने कहा कि "लक्ष्य हमेशा बड़ा होना चाहिए। उसे पाने के लिए पूरी शक्ति से प्रयास करना चाहिए। सफलता छात्र, अध्यापक और अभिभावक इन तीनों के सामूहिक प्रयास से ही संभव है। बोर्ड परीक्षा से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि आत्मविश्वास और मेहनत से उत्तर प्रदेश स्तर पर स्थान प्राप्त करने का संकल्प लेना चाहिए।"विद्यालय प्रबंधक समीर बंसल ने कहा कि "प्रबंध समिति आपका हर संभव सहयोग करेगी, किंतु संघर्ष आपको सैनिक की भांति स्वयं करना होगा।उन्होंने बताया कि गत वर्ष विद्यालय के छात्र योगेश ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया था। विद्यालय के मीडिया प्रभारी भौतिक विज्ञान प्रवक्ता उमेश शर्मा ने बताया कि द्वितीय सत्र में अजय शर्मा ने अभिभावकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि वे छात्रों पर अनावश्यक रोक—टोक न करें, उन्हें नियमित स्कूल भेजें, घर का वातावरण बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखकर बनाएं।छात्रों ने अपने कक्षाचार्य के मार्गदर्शन में अपने लक्ष्य निर्धारित किए।अंतिम सत्र में महामंडलेश्वर ब्रह्मानंद महाराज ने कहा कि "पढ़ाई के साथ हमें जीवन का लक्ष्य भी निर्धारित करना चाहिए। यदि आपने मन और आत्मा से लक्ष्य तय किया है तो वह अवश्य फलीभूत होगा। क्रांतिकारी व ओजस्वी वक्ता संत सत्यमित्रानंद महाराज ने कहा कि गुरु भी हमारे भीतर नकारात्मक ऊर्जा एकत्रित नहीं होने देते। प्रतियोगिता में उतरते समय यह संकल्प होना चाहिए कि 'विजय मुझे ही प्राप्त होगी'। लक्ष्य केवल उदरपूर्ति तक सीमित न होकर राष्ट्र निर्माण का होना चाहिए। अंत में विद्यालय के उप प्रबंधक सिकंदर सिंह ने कहा कि "यह लक्ष्य निर्धारण पत्रक छात्रों के जीवन की दिशा तय करेगा।" उन्होनें बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों को महत्वपूर्ण टिप्स दिये। इसके संयोजक अग्रेंजी प्रवक्ता केशव सिंह रहे।कार्यक्रम में विनय कुमार, सोम कुमार लवानिया, उमेश शर्मा, लोकेश अग्रवाल, निधीश अग्रवाल, नरेंद्र कुमार, महेश शर्मा, मुनेश कुमार, सीताराम वघेल, जगवीर सिंह, सुरेश कुमार, विजय शर्मा, अमृत सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, विजयपाल सिंह, नवीन सक्सेना, रघुराज सिंह, अभिलाष, टीकाराम, दिनेश शर्मा, हेमन्त कुमार, बलराम शर्मा, हितेश कुमार सिंह, योगेश शर्मा, दिव्या गुप्ता, डॉ. दीप्ति तिवारी आदि रहे।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे व ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा डीपीआरओ ने की

**मथुरा।** आज विकासखंड बलदेव में पंचायत सहायक द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। डिजिटल क्रॉप सर्वे के साथ—साथ ऑनलाइन उपस्थिति 100: करने एवं जन सेवा केंद्र को क्रियाशील कर प्रतिमाह न्यूनतम 30 सेवाएं देने हेतु निर्देशित किया गया।समीक्षा बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने डिजिटल क्रॉप सर्वे न करने और ऑनलाइन उपस्थिति लगातार कई महीनो से जीरो होने पर असंतोष व्यक्त किया। समीक्षा के बाद बताया कि जन सेवा केंद्र के माध्यम से जीरो सेवा देने के कारण पटलोनी के पंचायत सहायक संजय कुमार की सेवा समाप्त की गई। अब ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक का पद रिक्त माना जाएगा। इसी प्रकार भरतिया ग्राम पंचायत के पंचायत सहायक संजू कुमारी एवं रदोई के सूर्यकांत पंचायत सहायक का अगस्त का मानदेय नो वर्क नो पे के आधार पर निरस्त किया गया। बैठक में जटौरा, मड़ौरा एवं हथौड़ा के पंचायत सहायक का लंबित मानदेय एक सप्ताह में भुगतान हेतु सचिव को चेता. वनी के साथ निर्देश दिए गए।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कोहली-रोहित के बिना पहला टूर्नामेंट



एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

**दुबई, वार्ता।** जब भारत कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के अपने पहले मैच में मैदान पर उतरेगा, तो यह महज एक अभियान की शुरुआत से कहीं बढ़कर होगा। यह भारतीय क्रिकेट में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद संन्यास लेने के उपरांत पहला बड़ा टूर्नामेंट। एक दशक से भी ज्यादा समय तक, इस तिकड़ी ने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में दबदबे को आकार दिया। कोहली की उपलब्धियों की तलाश, रोहित के सहज छक्के और जडेजा की ऑलराउंड प्रतिभा ने भारतीय टी20 क्रिकेट

### एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

की रीढ़ बनाई। विश्व कप जीत के बाद उनका एक साथ बाहर होना प्रतीकात्मक और भूचाल लाने वाला था। अब, युवा क्रिकेटरों की एक नई पीढ़ी भारत को शीर्ष पर बनाए रखने की ज़िम्मेदारी उठा रही है। सूर्यकुमार यादव, जो अब कप्तान हैं, भारत के नए दर्शन निडर बल्लेबाज़ के प्रतीक हैं। वह एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें विस्फोटक प्रतिभा और उभरती हुई निरंतरता का मिश्रण होगा। उप-कप्तान शुभमन गिल एक साल से भी ज्यादा समय बाद टी20 में वापसी कर रहे हैं और शीर्ष पर अपनी जगह फिर से हासिल करने के लिए बेताब हैं। दूसरी तरफ अभिषेक शर्मा होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 54 गेंदों में 135 रनों की तूफानी पारी खेलकर न सिर्फ़ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि खुद को भारत का अगला बिग-हिटिंग सनसनी भी घोषित कर दिया। तिलक वर्मा, जिनका पिछले नौ मैचों में औसत 82 का है, एक आक्रामक क्रम में एक शांत संतुलन का प्रतिनिधित्व करते हैं। संजू सैमसन के मध्यक्रम में ढलने और हार्दिक पांड्या के बल्ले और गेंद दोनों से खेलने के साथ, भारत की कोर टीम तरोताजा और महत्वाकांक्षी दिखती है। शिवम दुबे एक पावर-हिटिंग ऑलराउंडर के रूप में गहराई जोड़ते हैं। बल्लेबाजी में जहां युवापन झलकता है, वहीं गेंदबाजी अभी भी जसप्रीत बुमराह के अनुभव पर निर्भर है। अर्शदीप सिंह के साथ, वह एक ऐसे आक्रामक आक्रमण की अगुवाई करते हैं जो आगे से धारदार है। स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने अपने पिछले 10 मैचों में 26 विकेट लिए हैं, और कुलदीप यादव, जिनकी कलाई की स्पिन दुनिया भर के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को परेशान करती रही है, के बीच साझा किए जाने की उम्मीद है। एसीसी पुरुष प्रीमियर कप 2024 जीतकर अपनी जगह बनाने वाली यूएई टीम इस मुकाबले में एक कमजोर टीम के रूप में उतर रही है, लेकिन उसका आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। कप्तान मुहम्मद वसीम, जो अपनी निडर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, अपनी टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। अलीशान शराफू और आसिफ खान, जो एक जाने-माने फिनिशर हैं, मध्यक्रम में जान फूंकेंगे। उनकी गेंदबाजी की उम्मीदें हैदर अली के विकेट लेने वाले फॉर्म और जुनैद सिद्दीकी के अनुभव पर टिकी हैं। हालांकि, इतिहास और मौजूदा फॉर्म उनके खिलाफ भारी पड़ते हैं। दोनों टीमों के बीच 2016 में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में भारत ने यूएई को 81/9 पर रोक दिया था और फिर 10 ओवर से कुछ ज़्यादा समय में जीत हासिल कर ली थी। दुबई की पिच संतुलित मानी जाती है, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए थोड़ी अनुकूल है। इस मैदान पर खेले गए 110 टी20 मैचों में से 58 में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है।

# जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया**



**लिवरपूल, वार्ता।** विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन लैम्बोरिया ने लिवरपूल में चल रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में दो बार की ओलंपियन ब्राजील की जुसीलेन सेर्केरा रोमेउ को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। जैस्मीन और रोमेउ इससे पहले अस्ताना में स्वर्ण पदक के लिए आमने-सामने हुई थीं और भारतीय मुक्केबाज ने कड़े मुक. ाबले के बाद जीत हासिल की थी। लेकिन लिवरपूल में, जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया और अब वह विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से बस एक जीत दूर हैं। भारत ने हाल ही में गठित मुक्केबाजी की अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित हो रही इस पहली विश्व चैंपियनशिप में 20 सदस्यीय दल उतारा है और पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता अभिनाश जामवाल ने भी पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग के दूसरे दौर में मेक्सिको के ह्यूगो बैरन को 5-0 से हराकर अपना अभियान जारी रखा। हालांकि, महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी का सफर यहीं खत्म हो गया, क्योंकि उन्हें राउंड ऑफ 16 में तुर्की की हैटिस अक्बा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लिवरपूल में सनामाचा चानू का अभियान भी कजाकिस्तान की नताल्या बोगदानोवा से 0-5 से हार के साथ समाप्त हो गया। सचिन (पुरुष 60 किग्रा) कजाकिस्तान के बिबार्स जेक्सेन से 1-4 से हारे जबकि नीरज फोगाट को महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में इंग्लैंड की स्थानीय उम्मीद साचा हिकी से 2-3 से हार का सामना करना पघ।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेरिका नई मार्की क्रिकेट ली की मेजबानी करेगा

**अमेरिका, वार्ता।** अमेरिका एक नए रोमांचक क्रिकेट तमाशे की मेजबानी के लिए तैयार है, क्योंकि मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी-20 क्रिकेट लीग नवम्बर 2025 में शुरू हो रही है। यह 12-दिवसीय टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों और अमे. रिका की स्थानीय प्रतिभाओं के रोमांचक मिश्रण के साथ क्रिकेट मनोरंजन को नई परिभाषा देने का वादा करता है। मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी20 क्रिकेट लीग में चार फ्रेंचाइजी टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 60 गतिशील खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय सितारे, अमेरिका के क्रिकेटर और स्थानीय प्रतिभाएं शामिल हैं।

### पुनेरी पल्टन से भिड़ेगी यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में यूपी योद्धाज 10 सितम्बर को रात 9:00 बजे विशाखापटनम के विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में पुनेरी पल्टन से भिड़ेंगे और इस मैच को जीतकर वे जीत की पटरी पर वापसी चाहेंगे। अभी तक तीन मैचों से चार अंक जुटाकर योद्धाज अंकतालिका में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने दो मुकाबले जीते हैं। दूसरी ओर, छह अंकों के साथ

पुनेरी पल्टन दूसरे स्थान पर है। उन्होंने पांच मैच खेले हैं और पिछला मुकाबला पटना पाइरेट्स से 11 अंकों के अंतर से गंवाया है। नए सीजन की शुरुआत यूपी की टीम ने शानदार ढंग से की है। पहले तेलुगु टाइटंस और फिर पटना पाइरेट्स को हराने के बाद हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में अपने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया था। उनकी डिफेंस की मजबूती ने पूरे लीग के प्रतिद्वंद्वी कोचों का ध्यान खींचा है।

# सुआरेज पर तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध

- **इस प्रतिबंध के साथ सुआरेज की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ा दी गई है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज पर मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध लगा दिया है। लीग ने सोमवार को बताया कि लीग कप के फाइनल में सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

लीग ने यह जानकारी दी। इस प्रतिबंध के साथ 38 वर्षीय खिलाड़ी की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ गई है। टूर्नामेंट आयोज. कों ने सुआरेज पर पहले ही छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे वह अगले साल होने वाले लीग कप में नहीं खेल पाएंगे। यह नया प्रतिबंध एमएलएस मैचों पर लागू होता है, जिसका अर्थ है कि वह 13 सितम्बर को चार्लोट एफसी, 16 सितम्बर को सिएटल और 20 सितम्बर को डीसी यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

यह विवाद पिछले महीने हुए फाइनल में मियामी की सिएटल से 3-0 की हार के बाद हुआ था। सुआरेज ने ओबेद वर्गास का गला पकड़ लिया था, जिसके बाद सर्जियो बुस्केट्स ने मिडफील्डर की ठोड़ी पर वार किया था।

उरुग्वे के इस फारवर्ड को टीम के साथियों ने तब रोका जब वह साउंडर्स के सुरक्षा निदेशक जीन रामिरेज पर थूक रहे थे।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 28 नवम्बर से

- **मदुरै और चेन्नई में जर्मनी दक्षिण अफ्रीका और भारत-चिली मैचों के साथ शुरुआत होगी**

**चेन्नई, वार्ता।** जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 28 नवम्बर को मदुरै में खिताब विजेता जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच होगा। भारत उसी दिन चिली के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और उसके अगले दिन पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच होगा। भारत अपना आखिरी लीग मैच 2 दिसंबर को मदुरै में स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कल रात यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी किया, जिसमें एफआईएच




अध्यक्ष तैय्यब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह भी मौजूद थे। पहली बार हो रहे इस विश्व कप में दुनिया भर की 24 टीमें हिस्सा लेंगी और यह तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। छह टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया था और भारत को ग्रुप-बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। तैय्यब इकराम ने कहा कि एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 के मैच कार्यक्रम का शुभारंभ इस प्रतिष्ठित आयोजन की हमारी यात्रा में एक और रोमांचक मील का पत्थर है। एफआईएच के इतिहास में पहली बार, जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी, जो एफआईएच सशक्तिकरण और सहभागिता रणनीति के तहत हासिल की गई एक बड़ी उपलब्धि है। यह न केवल हॉकी के वैश्विक विकास और समावेशिता को रेखांकित करता है, बल्कि उभरते हॉकी देशों को शीर्ष स्थापित टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर की प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाएं वैश्विक मंच पर अपने जुनून, दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

# फीफा महिला चैंपियंस कप का पहला संस्करण अक्टूबर में चीन में शुरू होगा

- **इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**जेनेवा, वार्ता।** फीफा ने अपने पहले महिला चैंपियंस कप का अनावरण कर दिया है। चीन में होने वाले इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब चैंपियन महिला क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

यह टूर्नामेंट 8 अक्टूबर को वुहान स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में शुरू होगा, जहां एएफसी महिला चैंपियंस लीग की विज. ेता स्थानीय टीम वुहान जियांगडा डब्ल्यूएफसी का सामना इस साल की ओएफसी महिला चैंपियंस लीग की चैंपियन ऑकलैंड यूनाइटेड एफसी से होगा। फीफा महासचिव मैटियास ग्राफस्ट्रॉम ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जैसे-जैसे पहला राउंड नजदीक आ रहा है, दुनिया भर के क्लब प्रशंसक, मीडिया और फुटबॉल प्रेमी इतिहास बनते देखने के लिए तैयार हैं, क्योंकि पहला फीफा महिला चैंपियंस कप वुहान में शुरू हो रहा है। यह टूर्नामेंट पहली बार फीफा के बैनर तले हर महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ महिला क्लबों को एक साथ लाएगा, जिससे उत्कृष्टता प्रदर्शित करने, महिला क्लब खेल को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा।

# पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उस्मान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**कराची, वार्ता।** उस्मान शिनवारी ने छह साल की अवधि में पाकिस्तान के लिए 34 मैच खेलने के बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2013 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया था और बाद में उन्होंने अपना वनडे और टेस्ट डेब्यू भी श्रीलंका के खिलाफ ही किया। उन्होंने 17 वनडे और 16 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया और क्रमश: 34 और 13 विकेट लिए। टेस्ट क्रिकेट में उनका एकमात्र प्रदर्शन दिसंबर 2019 में श्रीलंका के खिलाफ हुआ था, जो पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी मैच भी साबित हुआ। उस्मान ने अपने दूसरे वनडे में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जब उन्होंने शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ एक पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने 2019 में अपने आखिरी से पहले वाले वनडे मैच में एक बार फिर श्रीलंका के खिलाफ अपना दूसरा पांच विकेट हॉल दर्ज किया। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, वह 2018 एशिया कप में पाकिस्तानी टीम का भी हिस्सा थे।

### पाक नवम्बर में एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को घोषणा की कि पाकिस्तान नवम्बर में तीन मैचों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 11 से 15 नवम्बर तक राजधानी इस्लामाबाद के पड़ोसी शहर रावलपिंडी में खेली जाएगी। पीसीबी ने बताया कि श्रीलंका ने आखिरी बार 2019 में पाकिस्तान में एकदिवसीय श्रृंखला खेली थी, जिसमें मेजबान टीम ने 2-0 से जीत हासिल की थी। बोर्ड ने रविवार को यह भी पुष्टि की कि पाकिस्तान 17 से 29 नवम्बर तक श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला का आयोजन करेगा, जिसके मैच लाहौर और रावलपिंडी में होंगे।

# पिच की स्थिति चयन का मार्गदर्शन करेगी: मोर्कल

- **टीम पूरी तरह तैयार है लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई पिच कैसी रहती है**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है, और गेंदबाजी संयोजन और पिच की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने संकेत दिया है कि टीम पूरी तरह तैयार है, लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई की पिच कैसी रहती है, जिसमें तेज और स्पिन दोनों विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।




मोर्कल ने इस बात पर जोर दिया कि इस साल की परिस्थितियां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के पिछले दौरे से अलग हैं, जहां चार-तरफा स्पिन आक्रमण का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया था। मोर्कल ने कहा कि हमें देखना होगा कि विकेट कैसा खेलता है। पहले, इस सतह पर काफी क्रिकेट खेला गया था और यह थका हुआ लग रहा था, लेकिन इस बार मैदान पर काफी घास है। आज रात, हम पिच का पहला मुआयना करेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे। मोर्कल ने जोर देकर कहा कि टीम सभी रणनीतिक विकल्प खुले रखे हुए है और टीम सतह का मूल्यांकन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी। अगर भारत एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करता है, तो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह नई गेंद के साथ जसप्रीत बुमराह का साथ दे सकते हैं, जबकि हर्षित राणा और अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अन्य संभावित विकल्प हैं। स्पिन के मोर्चे पर, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव दावेदारी में हैं। मोर्कल ने कुलद. ीप के रवैये और पेशेवर रवैये की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में सीमित खेल समय के बावजूद, बाएं हाथ का यह स्पिनर कड़ी मेहनत कर रहा है और सफेद गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

एशिया कप के पहले मैच के लिए भारतीय टीम में कप्तान सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलद. ीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह शामिल हैं।

मोर्कल ने दोहराया कि कोचिंग स्टाफ उद्देश्यपूर्ण लक्ष्यों और सामरिक लचीलेपन के साथ प्रशिक्षण सत्रों पर ध्यान कें. द्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम केवल उसी पर नियंत्रण रख सकते हैं जिस पर हमारा नियंत्रण है। हमारी तैयारी और हम परिस्थितियों के अनुसार कैसे ढलते हैं।

# लद्दाख मैराथन -2025 में नया वैश्विक रिकॉर्ड बनाएगा

**लेह, वार्ता।** लद्दाख के ऊंचाई वाले रेगिस्तानों में ठंडी पहाड़ी हवाएं घुलने के साथ ही, लद्दाख मैराथन के 12वें संस्करण के लिए उत्सुकता बढ़ रही है। इस वर्ष, यह आयोजन 11 से 14 सितम्बर तक इतिहास रचने के लिए तैयार है: भारत और 30 अन्य देशों के 6,600 से अधिक धावकों के ऊबड़-खाबड़ सड़कों और बर्फीले दर्रों पर दौड़ने की उम्मीद है, जो मैराथन के इतिहास में सबसे बड़ी भागीदारी होगी।

2012 में अपनी शुरुआत के बाद से, लद्दाख मैराथन एक क्षेत्रीय दौड़ से एक वैश्विक तमाशे में विकसित हो गई है, जो हिमालय की पतली हवा और नाटकीय परिदृश्यों के खिलाफ खुद को चुनौती देने के लिए उत्सुक धीरज एथलीटों और साहसिक उत्साही लोगों को आकर्षित करती है। हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और मैराथन के संस्थापक चेवांग मोटुप गोबा ने कहा कि लद्दाख द्वारा दुनिया को दिए गए उपहार के रूप में शुरू हुई यह दौड़ भारत की प्रमुख दौड़ों में से एक बन गई है। यह रिकॉर्ड भागीदारी इस आयोजन के वैश्विक आकर्षण और हमारे लोगों व हमारी धरती की पहचान बन चुकी दृढ़ता की भावना को दर्शाती है। 2025 का संस्करण छह दौड़ों में रोमांच का वादा करता है। 11 सितम्बर को सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी), 12 सितम्बर को खारद. ुंग ला चैलेंज (72 किमी), 13 सितम्बर को 'रन लद्दाख फॉर फन' 5 किमी, और 14 सितम्बर को 11.2 किमी दौड़, हाफ मैराथन (21 किमी), और फुल मैराथन (42.195 किमी)। हर दौड़ में न केवल गति बल्कि सहनशक्ति की भी परीक्षा होती है, क्योंकि धावक ऊंचे दर्रों, घुमावदार पहाड़ी रास्तों और लुभावने दृश्यों से गुजरते हैं। कॉर्पोरेट और सामुदायिक समर्थन इस मैराथन के आकर्षण को और बढ़ा देता है। स्निकर्स हंगर पार्टनर के रूप में एथलीटों को ऊर्जा प्रदान करता है, प्यूमा उन्हें अपैरल पार्टनर के रूप में तैयार करता है, और बिसलेरी हाइड्रेशन सुनिश्चित करता है। एनर्जल प्रतिभागियों को ऊर्जा प्रदान करता है, होटल ग्रैंड ड्रैगन आतिथ्य प्रदान करता है, एकॉर्ड अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं का ध्यान रखता है और बजाज आलियांज बीमा कवर प्रदान करता है।

# पंत भारत लौटे, मुंबई में विशेषज्ञ से मिले

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत भारत वापस आ गए हैं और जल्द ही पुनर्वास के लिए बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) जाएंगे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान अपने दाहिने पैर में फैक्चर के बाद इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पिछले कुछ दिनों से विशेषज्ञों से सलाह ली है।

हालांकि आकलन के विवरण का अभी भी इंतजार है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, पंत (27), अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की अगली घरेलू श्रृंखला में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो अक्टूबर-नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला एक वास्तविक संभावना लगती है। पता चला है कि पंत पिछले कुछ दिन मुंबई में चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श के लिए बिता रहे थे। इंग्लैंड से सीधे यहां आने के बाद, उन्होंने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांचके लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पटि्टयां बंधी हुई हैं। समझा जाता है कि शहर के डॉक्टरों ने उन्हें पुनर्वास के लिए सीओई में लौटने के लिए समय-सीमा दी है।



- **ऋषभ पंत ने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांच के लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पट्टियां बंधी हुई है**

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के मैनचेस्टर (चौथे) टेस्ट के पहले दिन क्रिस वोक्स की गेंद पंत के पैर में लग गई, जिससे उन्हें दर्द के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। चोट लगने के समय वह 37 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। अगले दिन, सभी को आश्चर्यचकित करते हुए, वह अपने पैर पर पूरी पटि्टयां बांधकर वापस लौटे और टीम के लिए कुछ बहुमूल्य रन जोड़े। इस दौरान, टीम के उप-कप्तान पंत ने अपना अर्धशतक (54) भी पूरा किया। हालांकि, चोट के कारण, उन्हें ओवल में पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच छोड़ना पड़ा, जिसे भारत ने जीतकर श्रृंखला बराबर कर दी। पंत सीरीज खत्म होने के बाद इंग्लैंड में ही रुके रहे और माना जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही भारत लौटे हैं।

चोट लगने के बाद से ही, पंत अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी रिकवरी के बारे में अपडेट पोस्ट करते रहे हैं। उनकी एक हालिया पोस्ट में लिखा था कि मैं आपको बस एक बात बताना चाहता हूं जो मैं समझता हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने पहले कितना दर्द सहा है, अगर आपको दोबारा चोट लगती है तो दर्द उतना ही होता है, बस सीमा बढ़ जाती है और आपको खुद को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया पता चल जाती है। इसलिए सकारात्मक रहना बहुत जरूरी है, खुद को प्रेरित करना बहुत कारगर होता है। खुद पर भरोसा रखें और उस दिशा में काम करते रहें जिस दिशा में आप जाना चाहते हैं, क्योंकि जो आपको मारता नहीं है, वह आपको अंतत: मजबूत बनाता है।

### भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमें निंग्बो में पदक से दूर रहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** चीन के निंग्बो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग सत्र के चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमों को पदक नहीं मिल सका।

कोई भी जोड़ी पदक मुक. ाबले तक नहीं पहुंच पाई। पिस्टल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां क्वालि फिकेशन में क्रमश: 11वें और 13वें स्थान पर रहीं, जबकि राइफल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां 14वें और 34वें स्थान पर रहीं। एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में, भारत की पहली जोड़ी सुर्भी राव (284) और अमित शर्मा (290) ने 574-20ग का संयुक्त स्कोर बनाकर 11वां स्थान हासिल किया।

# सुलग रहा नेपाल

जेन जी युवाओं का सोमवार को नेपाल में उठा हिंसक भवंडर मंगलवार को भी जारी रहा। आक्रोशित हजारों की संख्या में युवाओं ने नेपाल में बड़ी हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। नेपाल का संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री का आवास सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों को आग के हवाले कर दिया। इस बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें सेना के एक हेलीकॉप्टर से अज्ञात सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। खबर तो यह भी आई थी कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पोडे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन बाद में यह खबर सही साबित नहीं हुई। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है। नेपाल की सेना ने भी ऐसे अवसर पर देश की आजादी, एकता और लोगों के जानमाल की रक्षा करने की बात कही है। नेपाली सेना का कहना है कि चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों, हम उसका सामना करेंगे। सेना जेन जी के आंदोलन की घटनाओं पर बराबर नजर रखे हुए है। सेना ने यह भी कहा कि आंदोलन में लोगों और संपत्ति पर हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है।

प्रदर्शनकारी बेहद गुस्से में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में भी आग लगा दी है। खबर आ रही है कि घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी मौजूद थी, उस आगजनी में वह गंभीर रूप से जल गई, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पें और आगजनी में 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर दोअबा, उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा गया। वित्त मंत्री को भी नहीं बख्शा गया। हालात इतने बिगड़ गए कि काठमांडू की जेल को भी अराजकता का शिकार होना पड़ा। नक्खू जेल से सभी 1500 कैदी फरार हो गए। सुप्रीम कोर्ट के भवन को भी आग के हवाले करने की खबर आ रही है। मतलब साफ है कि युवाओं की भीड़ ने किसी को भी नहीं बख्शा, जो सत्ता के सिरमोर केंद्र होते हैं सभी पर धावा बोला। हालांकि मंगलवार की शाम जेन जी युवाओं ने एक लेटर भी जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है और वे प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। लेटर में यह भी कहा गया है कि यह देश अब उनकी लीडरशिप में आ गया है। पीएम ओली ने इस्तीफा दे दिया है हम अपना सुरक्षित भविष्य वाला नेपाल बना सकते हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत ने भी नेपाल के घटनाक्रम पर सतर्कताभरी टिप्पणी की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जहां मरने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है, वहीं घायलों के जल्द ही ठीक होने की कामना की है। भारत ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भारतीयों से नेपाल न जाने के लिए कहा गया है। अभी यह सबकुछ धुंधला है। किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा है, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल के हालात नियंत्रण में आएंगे जैसाकि राष्ट्रपति ने युवाओं को वार्ता के लिए बुलाकर अच्छी पहल की है।

## देश को धनखड़ के बोलने का इंतजार



केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा किसानों की घोर उपेक्षा और सत्ता में बैठे लोगों के अहंकार से पैदा खतरों आदि पर अपनी चिंता व्यक्त करने के बाद धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, पूर्व उपराष्ट्रपति ने बीते 50 दिनों से असामान्य चुप्पी साधी हुई है और देश उनके बोलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, आज जब उनके उत्तराधिकारी के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है, तो देश उनके अभूतपूर्व और अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद उनके बयान का इंतजार कर रहा है।

**-जयराम रमेश**
**कांग्रेस महासचिव**

# श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल



यशोदा श्रीवास्तव



सोशल मीडिया पर बैन के बहाने नेपाल के न्यू जेनरेशन के आंदोलन की आग से ओली सरकार का बच पाना मुश्किल जान पड़ता है। उनके नेतृत्व की मौजूदा सरकार पर संकट है ही, साल भर के भीतर होने वाले आम चुनाव में भी उनकी स्थिति कमजोर हो गई। लोकतांत्रिक देशों में जब भी कोई बड़ा आन्दोलन होता है तो उसके पीछे मूल कारण की समीक्षा करने के बजाय उसे विदेशी ताकत का लबादा ओढ़ाकर उड़ा दिया जाता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत मे तो यह तोहमत आम हो गया है। नेपाल जो भारत का नन्हा पड़ोसी राष्ट्र है वहां भी युवाओं के इस आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतों का शह बताया गया।

आखिर वो कौन सी विदेशी ताकतें हैं जो नेपाल को अस्थिर करने के लिए ऐसे षड्यंत्र रच रहे हैं और उन्हें इसका फायदा क्या मिल सकता है? नेपाल में मुख्यत: दो देश है जो विकास और इमदाद के नाम पर नेपाल में अपना वर्चस्व जमाए रखने की कोशिश में रहते हैं। पहले नंबर पर भारत और दूसरे नंबर पर चीन है। भारत और चीन के लिए नेपाल का महत्व सामरिक दृष्टि से काफी मायने रखता है। नेपाल में जो भी सरकार होती है, वे अपने तरीके से भारत और चीन को साध ही लेती हैं। भारत और चीन भी अपने अपने तरीके से नेपाल को अपने पाले में खींचते रहते हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि भारत और चीन नेपाल को अस्थिर करने का प्रयास केवल इसलिए कर रहे हों कि नेपाल उनकी जी हुजूरी करने को मजबूर हो। एमसीसी परियोजना के नाम पर अमेरिका ने नेपाल में पांव पसारना शुरू किया है। इस परियोजना का विरोध ओली की पार्टी एमाले कर रही थी वह भी इसलिए कि उसके बिजली संयंत्र की लाइन भारत से होकर नेपाल पंहुच रही थी। इस तरह ओली का यह विरोध नेपाल से कम भारत से ज्यादा हुआ। अमेरिका के इस परियोजना को लेकर ओली सरकार अब खामोश है।

गौर करने की बात यह है नेपाली युवाओं और छात्रों के इस आंदोलन में आंदोलनकारियों के हाथ में ओली को अमेरिकी दलाल लिखी हुई तख्तियां भी थी। लिहाजा नेपाल के कुछ राजनीतिज्ञों का यह आरोप कि इस आंदोलन के पीछे अमेरिका है,वह सही नहीं है। आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन के दौरान एक भी बार भारत और चीन का नाम नहीं लिया लिहाजा यह शंका भी निर्मूल है कि इसके पीछे भारत अथवा चीन है। मुमकिन है कि राजनीतिक दलों में बंटी नेपाल की जनता अमेरिका, भारत और चीन की नेपाल में दखल को पसंद न करती हो लेकिन इस आंदोलन में फिलहाल किसी दूसरे अथवा तीसरे देश का नाम दूर दूर तक नहीं है।तो फिर सवाल उठता है कि आखिर एकाएक लाखों की संख्या में युवा और छात्र ओली सरकार के खिलाफ उग्र कैसे हो उठे? नेपाल जब राजशाही के हवाले था तब की बातें छोड़ दें, इधर जबसे गणराज्य समर्थकों का शासन आया तब से नेपाल में क्या परिवर्तन हुआ,यह गौर करने की बात है। इस दौरान नेपाली जनता को लोकतांत्रिक प्रणाली से वोट देने की अनुभूति के अलावा उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ।

नेपाल में हामी नेपाल नामक सामाजिक संगठन बहुत ही गोपनीय ढंग से सोशल मीडिया पर सक्रिय था जो युवाओं में काफी लोकप्रिय भी था। इसके कर्ताधर्ता सुदन गुरूंग सरकार के भ्रष्टाचार की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित कराते थे। सबसे बड़ी बात यह थी कि वे युवाओं के नेतृत्व की बात करते थे और सदियों से सत्ता पर काबिज बुजुर्ग नेताओं को निष्प्रयोज्य बताते थे। सोशल मीडिया पर हामी नेपाल की लोकप्रियता इतनी थी कि यह करोड़ों युवाओं और छात्रों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म बन गया। ओली सरकार इससे घबराई हुई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन की यह भी एक वजह हो सकती है। सोशल मीडिया पर बैन से करोड़ों युवाओं के गुस्से को भांपते हुए सुदन गुरूंग ने डिस्कार्ड और वीपीएन डिजिटल टूल्स के माध्यम से युवाओं से विरोध प्रदर्शन की अपील की। यह दुनिया का ऐसा आंदोलन साबित हुआ है जो बिना किसी नेतृत्व के किसी सरकार को हिला कर रख दिया। युवाओं के आंदोलन की धार को देखते हुए राजनीतिक विश्लेषक इसे लंका और बंग्लादेश के बाद नेपाल में भी तख्तापलट की संभावना की दृष्टि से देखते हैं।इस पूरे आंदोलन में 22 साल से 30 साल के युवा ही सक्रिय थे जिनके चेहरों पर बुजुर्ग ओली सरकार से निराशा का भाव साफ झलक रहा था। काफी संभावना है कि युवाओं के इस आंदोलन के समर्थन में विभिन्न पार्टियों के युवा सांसद भी आगे आएं। नेपाल में मंहगाई चरम पर है, शिक्षा गरीब लोगों से दूर होती जा रही है और बेरोजगार युवा दर दर भटकने को मजबूर हैं। वे दूसरे देशों में पलायन को मजबूर हैं जहां उन्हें हिकारत की .ष्टि से देखा जाता है। पढ़ें लिखे नेपाली युवकों को भी लेबर के काम में लगा दिया जाता है। नेपाल में रोजगार है नहीं। युवाओं में केवल ओली की सरकार के प्रति नहीं, इसके पहले की सरकारों के प्रति भारी गुस्सा है क्योंकि वे भी केवल वादा और लोकलुभावन घोषणाएं कर सत्ता हासिल करती रही हैं। कहना न होगा कि नेपाल के युवाओं और छात्रों का लोकतंत्र से विश्वास उठता चला गया। लोकतांत्रिक प्रणाली के राजनीतिक दलों में भ्रष्टाचार की एक से बढ़कर एक कहानियां है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जिसके हाथ भ्रष्टाचार से न सने हों। नेपाली कांग्रेस के गठबंधन में ओली सरकार के तमाम मंत्रियों पर बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के आरोप हैं। नकली भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका सिफ्ट कराने में नेपाली कांग्रेस और एमाले के नेताओं ने करोड़ों की कमाई की। दोनों दलों के कई बड़े नेता, मंत्री या जेल में हैं या जमानत पर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूजर युवा ही हैं। नेपाल में इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर ओली सरकार ने संक्षिप्त नोटिस के बाद कुछ दिन पहले करीब 28 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन कर दिया। इस बैन पर सरकार के अपने फायदे हो सकते हैं लेकिन उन करोड़ों युवाओं को क्या फायदा है जिनकी दिनचर्या सोशल मीडिया पर ही गुजरती हो। ओली सरकार यह समझने में चूक गई लिहाजा उसे ऐसे विरोध का सामना करना पड़ा जो शायद नेपाल के इतिहास में पहले कभी न देखा गया हो। राजशाही के खिलाफ जन युद्ध को छोड़कर। काठमांडू से शुरू युवाओं का यह आंदोलन कुछ ही घंटे में नेपाल के मैदानी इलाकों तक पहुंच गया। ओली सरकार के पास इस पर नियंत्रण के लिए पुलिस और सेना के इस्तेमाल के अलावा कोई और चारा नहीं था। काठमांडू में संसद परिसर में उग्र आंदोलनकारियों का प्रवेश कर जाना बड़ी घटना है। इसे रोकने के लिए पुलिस और सेना के जवानों को गोली चलाने को मजबूर होना पड़ा। यहां के गोली बारी की घटना ने आग में घी का काम किया जो पूरे नेपाल में फैल गया। पुलिस और सेना की गोली बारी में सरकारी आंकड़ों में 19 लोगों की मौत और तीन सौ आंदोलनकारियों का घायल होना बताया गया है लेकिन हकीकत में यह संख्या कुछ और है। इसके पहले किसी आंदोलन में इतनी बड़ी संख्या में न तो लोग मारे गए थे और न ही घायल हुए थे। दमनकारी रवैया अपना कर ओली सरकार भले ही इस आंदोलन को कुचलने में कामयाब हो जाय लेकिन आज नहीं तो कल युवाओं के इस आंदोलन की आग में उसे जलकर झुलसना तय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वैज्ञानिकों ने की हकलाने के जीन की तलाश

**इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रेनिया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोघ का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं।**

आम तौर पर हकलाने को एक व्यवहारगत दिक्कत माना जाता है और डांट-फटकारकर उसे दुरुस्त करने के प्रयास किए जाते हैं या उस व्यक्ति को शांत रहकर अपनी वाणि पर नियंत्रण करने की सलाह दी जाती है। हकलाने की समस्या दुनिया भर में लगभग 1 प्रतिशत लोगों को परेशान करती है। ए 7 करोड़ लोग विभिन्न भाषाएं बोलते हैं और विभिन्न पूर्वज समुदायों के वंशज हैं। यह समस्या आम तौर पर शुरुआती बचपन में शुरू होती है और अधिकांश लोग जल्दी ही इससे उबर जाते हैं लेकिन कुछ लोग बड़प्पन में प्रभावित रहते हैं। दशकों के अनुसंधान से पता चला है कि हकलाना एक अनैच्छिक दिक्कत है और यह विरासत में भी मिल सकती है। इसके कारणों पर से कुछ धुंध छंटी है। इसमें एक कंपनी 23andMe के पास उपलब्ध सूचना से मदद मिली है। यह कंपनी डीएनए सम्बंधी निजी मदद करती है। लगभग 11 लाख लोगों के डीएनए के 57 खंडों को पहचाना गया है जिनके बारे में अंदाज था कि उनका सम्बंध हकलाने से है। नेचर जेनेटिक्स में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि इसमें जो जीन्स शामिल हैं उनका सम्बंध दिमाग के कामकाज और लय-ताल के एहसास से है। अध्ययन से यह भी लगता है कि शायद हकलाने का सम्बंध ऑटिज्म और अवसाद जैसे स्थितियों से भी है। माना जा रहा है कि इस खोज से हमें हकलाने के जैविक कारकों और उसके उपचार के लिए दिशा मिलेगी।



2000 के दशक की शुरुआत में शोधकर्ताओं के पास न तो इतना बड़ा जेनेटिक डैटाबेस था और न ही उसके विश्लेषण के लिए सशक्त कंप्यूटर थे कि वे आम आबादी में हकलाने का सम्बंध जीन्स से खोज सकें। लिहाजा वे पाकिस्तान और अफ्रीका के एकरूप समुदायों में जेनेटिक पैटर्न पर ध्यान देते थे। उन्होंने कुछ संभावित डीएनए खंड और कुछ उत्परिवर्तन खोजे भी थे। लेकिन उन छोटे-छोटे अध्ययनों को सामान्य आबादी पर लागू करना संभव नहीं था।

ताजा अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 23andMe की मदद ली। उन्होंने दो समूहों के लोगों के जेनेटिक पैटर्न की तुलना की - 99,076 ऐसे लोग जिन्होंने कहा था कि वे हकलाते हैं और 9,81,944 ऐसे लोग थे जिन्होंने 'ना' कहा। इस तुलना के परिणामस्वरूप 57 ऐसे जेनेटिक खंड निकले जो थोड़ी हद तक हकलाने की संभावना बढ़ा सकते हैं। यानी हकलाना एक जटिल, बहुजीन आधारित समस्या है, अनिद्रा और टाइप-2 मधुमेह के समान। इस अध्ययन में कुछ जीन्स ऐसे भी पहचाने गए हैं जो शायद यह समझने में मदद करें कि हकलाने की समस्या की उत्पत्ति कहां से होती है। ऐसा सबसे सशक्त संकेत VRK2 जीन में मिला। इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रेनिया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोघ का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं। अध्ययन से एक बात तो साफ है। हकलाना कोई व्यवहारगत या भावनात्मक समस्या नहीं है और इसकी बुनियाद में तंत्रिका का कामकाज है। वैसे इस अध्ययन की कई सीमाएं हैं। इसमें पुरुषों की भागीदारी ज्यादा थी और एशियाई तथा अफीकी लोगों का प्रतिनिधित्व भी कम था। शोधकर्ताओं का कहना है कि वे फिलहाल कोई 'ऑन-ऑफ' स्विच नहीं दे सकते। बहरहाल, यह अध्ययन हकलाने के साथ जुड़े सामाजिक पूर्वाग्रहों और धारणाओं को दूर करने में जरूर मदद कर सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने का समय

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है।



दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिए अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है आत्महत्या पर कहानी बदलना। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है।

हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्याएं की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी।

एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्राय: विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं।

मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशत: अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे



योगेश कुमार गोयल


अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें।

केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बड़ा बदलाव: भारत पर चीन ने US टैरिफ को बताया सरासर गलत

## ब्रिक्स से जिनपिंग बोले: व्यापार युद्ध को मिलकर दें जवाब



■ राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया
■ टैरिफ को बताया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन

**बीजिंग।** भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ को लेकर चीन ने कड़ा विरोध जताया है। भारत में चीन के राजदूत शू फेहोंग ने सोमवार को अमेरिका की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से मुक्त व्यापार का लाभ लेता आया है, लेकिन अब अनुचित टैरिफ लगाकर वैश्विक व्यापार व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने भी ब्रिक्स से अमेरिका की कड़ी आलोचना की। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान पर चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक सेमिनार में राजदूत शू ने कहा कि भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ अनुचित और अकारण है। चीन इसका कड़ा विरोध करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया। उस दौरान मोदी ने कहा था कि भारत-चीन सहयोग 21वीं सदी को एशियाई सदी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। चीन का मानना है कि अमेरिका की टैरिफ नीति न केवल भारत बल्कि समूचे वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ युद्ध गहराने के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को ब्रिक्स देशों से एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करने की अपील की। ब्रिक्स नेताओं की बैठक को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए जिनपिंग ने कहा कि वाशिंगटन की ओर से थोपे गए टैरिफ न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का भी उल्लंघन करते हैं। उन्होंने सीधे तौर पर अमेरिका या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना कहा कि आज दुनिया जिस तेज़ी से बदलाव देख रही है, वह सदी में एक बार होता है। ऐसे समय में आधिपत्यवाद और संरक्षणवाद लगातार बढ़ रहे हैं।

### ट्रेड पॉलिसी निष्पक्ष और सबके फायदे वाली हो: जयशंकर

■ ब्रिक्स समिट में ट्रम्प का नाम लिए बिना विदेश मंत्री कहा: दिक्कतें खड़ी करने से फायदा नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को ब्रिक्स समिट की इमरजेंसी वर्चुअल समिट में शामिल हुए। इस दौरान जयशंकर ने कहा: ट्रेड पालिसी निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी के फायदे वाली होनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि दिक्कतें खड़ी करने और लेन-देन को मुश्किल बनाने से कोई फायदा नहीं मिलेगा। व्यापार को हमेशा सुगम बनाना चाहिए। वर्चुअल समिट में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा भी शामिल हुए। पहले बैठक में पीएम मोदी शामिल होने की खबर भी थी। इस समिट का मकसद अमेरिका की टैरिफ नीतियों से पैदा हुई व्यापारिक चुनौतियों पर चर्चा करना था।

### कई देशों और संरा ने नेपाल में हुई हिंसा व मौतों पर किया दुख व्यक्त

**काठमांडू।** ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका ने नेपाल में जेन जेड् के विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा और जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। एक संयुक्त बयान में इन देशों ने कहा कि हम काठमांडू और नेपाल के अन्य हिस्सों में हुई हिंसा, जिसमें प्रदर्शनों के दौरान हुई जान-माल की दुखद हानि और घायलों की संख्या भी शामिल है, से बेहद दुखी हैं। हम पीड़ितों के परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।




नई दिल्ली। स्थित संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डालती कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी

## रूस ने पूर्वी यूक्रेन पर ग्लाइड बम से किया भीषण हमला

**कीव/मास्को।** अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई वार्ता के बाद रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है।

मंगलवार को रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के



■ हमले में कम से कम 21 की मौत

यारोवा गांव में गिरा। उन्होंने हमले को बहुत ही क्रूर बताया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के जरिए उसके आक्रमण की आर्थिक कीमत चुकाएं। ज़ेलेंस्की ने लिखा, दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। दुनिया को निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। अमेरिका को प्रतिक्रिया की जरूरत है। यूरोप को प्रतिक्रिया की जरूरत है। जी-20 को प्रतिक्रिया की जरूरत है। रूस को मौत का तांडव मचाना बंद करने के लिए कड़ी कार्रवाई की ज़रूरत है। हाल के महीनों में अमेरिका के शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं होने के कारण रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को रूस ने राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। जो 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था।

### संक्षिप्त समाचार

#### नाइजीरियाई सैनिकों ने किए 23 संदिग्ध आतंकी ढेर

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में सैनिकों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम 23 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को सेना मुख्यालय के एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। नाइजीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार सैनिकों ने शनिवार को कात्सिना के कंकारा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के पाउवा गांव में संदिग्ध आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित 26 अपहृत पीड़ितों को भी बचाया।

#### अफगान में विस्फोट एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान के फराह प्रांत में एक विस्फोट में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता अब्दुल मलिक ओसामा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बाला बुलुक जिले में सोमवार दोपहर एक घर में विस्फोट होने से एक दंपत्ति और उनके छह बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने हालांकि कोई और जानकारी नहीं दी लेकिन बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

#### कांगो में खूनी हमला: विद्रोही हमले में कम से कम 60 की मौत

**गोमा।** कांगो के पूर्वी हिस्से में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने सोमवार रात भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 60 लोगों की जान चली गई। यह हमला नार्थ किवू प्रांत के नटोयो गांव में तब हुआ जब ग्रामीण एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए थे। हमले के बारे में स्थानीय प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने जानकारी दी।

#### नेपाल सरकार और प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से करें चर्चा: संरा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने नेपाल में सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी संघर्ष के बीच दोनों पक्षों से शांतिपूर्ण तरीके से वार्ता के जरिये हल निकालने की अपील की है। गुटेरेस की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र नेपाल की स्थिति को लेकर चिंतित है और उस पर नजर बनाए हुए है।

## यूपीआई ने वैश्विक पोस्टल यूनियन से मिलाया हाथ

■ वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का उद्घाटन

**दुबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने दुबई में आयोजित 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में भारत की मोबाइल ऐप आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई और वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का ऐतिहासिक शुभारंभ किया।

उन्होंने वैश्विक स्तर पर डाक सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए तकनीकी नवाचार के लिए भारत की ओर से एक करोड़ डालर के योगदान की घोषणा की। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह ऐतिहासिक पहल विश्वभर के करोड़ों लोगों के लिए सीमा-पार धन प्रेषण की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह तकनीक भारत के डाक विभाग, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के सहयोग से विकसित की गई है। इस परियोजना में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस को यूपीयू इंटरकनेक्शन प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिससे डाक नेटवर्क की पहुंच और यूपीआई की गति और किफायत का अद्वितीय संयोजन स्थापित हुआ है। सिंधिया ने कहा कि यह केवल एक प्रौद्योगिकी आधारित सेवा की शुरुआत नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है।

## मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं

### देने होंगे 733 करोड़, सुप्रीम कोर्ट आव्रजन पर सख्ती से सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक मानहानि के मामले में कोर्ट ने राहत देने से इन्कार कर दिया। जीन कैरोल के मानहानि मामले में संघीय अदालत ने जूरी का फैसला बरकरार रखा। अदालत ने राष्ट्रपति पद की प्रतिरक्षा संबंधी दलील खारिज करते हुए साफ किया कि उन्हें पीड़िता को 733 करोड़ रुपये देने ही होंगे।

दरअसल, 2019 में कैरोल (81) ने ट्रम्प पर 1996 में बर्गडार्फ गुडमैन डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में हमला करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा किया था। 79 वर्षीय ट्रम्प ने पहली बार जून 2019 में उनके दावे का खंडन किया था। उन्होंने कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं। उसने अपनी किताब- हमें पुरुषों की क्या जरूरत है? को बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी थी। अब न्यूयॉर्क की एक संघीय अपील अदालत ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 733 करोड़ रुपये मानहानि



के जूरी के फैसले को खारिज करने से इन्कार कर दिया। मैनहट्टन स्थित द्वितीय अमेरिकी सर्किट अपील न्यायालय ने ट्रम्प के इस तर्क को खारिज कर दिया कि जनवरी 2024 के फैसले को पलटना चाहिए, क्योंकि वे राष्ट्रपति पद के लिए प्रतिरक्षा के हकदार हैं। तीन न्यायाधीशों की सर्वसम्मत समिति ने अहस्ताक्षरित निर्णय में कहा कि मामले का रिकार्ड जिला न्यायालय के इस निर्णय का समर्थन करता है। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के आचरण की निंदनीयता का स्तर उल्लेखनीय रूप से उच्च और संभवत: अभूतपूर्व था। मई 2023 में एक अलग जूरी ने ट्रम्प को कैरोल के प्रति यौन शोषण और मानहानि का दोषी पाया था, लेकिन दुष्कर्म का नहीं और उन्हें 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था। अपील अदालत ने जून में उस फैसले को बरकरार रखा था। एक अन्य अहम मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सख्त आव्रजन ख्रष्टिकोण का समर्थन किया है। इसके तहत आप्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अमेरिकी शीर्ष अदालत ने सुरक्षा एजेंसियों को दक्षिणी कैलिफोर्निया में लोगों को नस्ल या भाषा के आधार पर निर्वासित करने के लिए छापे मारने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने यह फैसला 6.3 की बहुमत से सुनाया। तीन उदारवादी जजों ने सार्वजनिक रूप से निर्णय पर असहमति जताई।

### इजरायल ने गाजा में लोगों को शहर खाली करने का दिया आदेश

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने मंगलवार को गाजा शहर में एक बड़े हमले से पहले शहर खाली करने का आदेश दिया और यह चेतावनी भी दी कि जो लोग बचे हैं उन्हें गंभीर खतरा है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने एक्स पर लिखा कि सेना इस क्षेत्र में पूरी ताकत से कार्रवाई करेगी। लगभग 10 लाख निवासियों से दक्षिण में अल-मवासी की ओर जाने का आग्रह किया गया है जिसे इजरायल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया है। अद्राई ने कहा कि शहर में रहना बेहद खतरनाक है। इजरायल ने यह आदेश हमास द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से पेश किए गए नए गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के बाद बातचीत शुरू करने के लिए तैयार होने की घोषणा के एक दिन बाद दिया है।

## राजशाही के अंत के बाद बदले सियासी हालात

### पिछले सत्रह सालों से राजनीतिक अस्थिरता और अनिश्चितता से ही जूझता रहा है नेपाल

■ नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है

**नई दिल्ली।** भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिमालई देश नेपाल में राजशाही समाप्त होने के बाद से पिछले सत्रह वर्षों में राजनीतिक अस्थिरता और अशांति का दौर रहा है और इस अल्पावधि में देश में दस से भी अधिक बार सरकारें बदली हैं।

दो बड़े देशों चीन और भारत से घिरे नेपाल की राजनीति और विदेश नीति इन दोनों देशों के साथ उसके संबंधों से प्रभावित रही है और अलग-अलग सरकारों को दोनों देशों के बीच संतुलन साधने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है। करीब तीन करोड़ की आबादी वाले नेपाल में एक दशक तक चले गृह युद्ध के बाद 239 वर्ष पुरानी राजशाही का अंत होने के साथ वर्ष 2008 में गणतंत्र की स्थापना हुई थी। पिछले सत्रह वर्षों में देश ने कई विरोध प्रदर्शनों के कारण बार-बार अस्थिरता और अनिश्चितता का सामना किया और औसतन हर एक-दो साल में सरकार बदलती रही। इस दौरान देश में 13 बार प्रधानमंत्री के स्तर पर सत्ता परिवर्तन हुआ। निवर्तमान प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली चार बार, पुष्प कमल दहल प्रचंड तीन बार और शेर बहादुर देउबा दो बार प्रधानमंत्री रहे। देश में राजनीतिक अस्थिरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। मौजूदा घटनाक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है। देश में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा पहले से ही सुलग रहा था और सरकार के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद विशेष रूप से युवाओं जिन्हें 'जेनरेशन जेड' कहा जा रहा है का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। युवा आबादी के सड़कों पर उग्र विरोध प्रदर्शन ने विद्रोह का रूप ले लिया। दो दिन के उग्र प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। इससे पहले उनके कुछ मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया था। उग्र भीड़ ने संसद भवन तथा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निजी आवासों पर तोड़फोड़ तथा आगजनी की। प्रदर्शन के दौरान सोमवार को पुलिस की कार्रवाई में 20 लोगों की मौत हो गई और करीब साढे तीन सौ लोग घायल हो गए। सरकार ने सोमवार को ही सोशल मीडिया पर पाबंदी हटा ली थी लेकिन इसके बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और आज फिर सड़कों पर उतर आये और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग की।

### ऑस्ट्रेलिया में महिला ने तीन लोगों को जहरीले मशरूम खिलाकर की हत्या

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की एक महिला एरिन पैटरसन ने जहरीले मशरूम खिलाकर तीन लोगों की हत्या कर दी और चौथे को मारने की कोशिश की। कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा दी है। इसमें 33 साल तक पैरोल की कोई संभावना नहीं। सुप्रीम कोर्ट में जज क्रिस्टोफर बेल ने सोमवार को यह सजा सुनाई। पैटरसन ने जुलाई 2023 में अपने पूर्व पति साइमन के माता-पिता डान और गेल पैटरसन के साथ साइमन की मौसी हीदर विल्किंसन और उनके पति इयान विल्किंसन को अपने घर पर लंच पर बुलाया। उसने जानबूझकर खाने में जहरीले मशरूम (डेथ कैप मशरूम) मिलाकर परोसा।

## अफगान में भीषण भूकंप से 49 गांवों में 5230 घर तबाह

■ 362 गांवों तक नहीं पहुंच सकी यूएन की मदद

**न्यूयार्क।** अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाकों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 गांवों में 5230 घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं और 672 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

लेकिन 441 प्रभावित गांवों में से 362 गांवों तक अभी तक राहत और बचाव टीमें पहुंच ही नहीं पाई हैं। बता दें कि, यह भूकंप 31 अगस्त को आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई। अब तक कम से कम 2,200 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे मलबे से शव निकाले जाएंगे, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस आपदा से लगभग पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें आधे से अधिक बच्चे हैं।

इनमें कई ऐसे शरणार्थी भी शामिल हैं जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान और ईरान से जबरन वापस भेजा गया था। यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओश्हारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है।

### इजरायल ने सीरिया के शहरों पर किए कई हवाई हमले

**दमिश्क।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने सोमवार देर रात सीरिया के कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि निशाने वाले क्षेत्रों में मध्य सीरिया में होम्स के बाहरी इलाके, तटीय शहर लताकिया और रेगिस्तानी शहर पल्मायरा शामिल हैं। कल देर रात शहरों में तेज धमाके सुनाई दिये, हालांकि हताहतों या क्षति के बारे में तत्काल कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सीरिया के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताते हुए इस हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया कि वह बार-बार होने वाले इजरायली हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठायें।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राइमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108